सूर्योदय 5:47 सूर्यास्त 6:53

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.2 न्यू | 25.5 अधि |
| धर्मशाला | 17.8 न्यू | 32.0 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79212.53 |
| निफ्टी | 24039.35 |
| सोना | 98,340 |
| चांदी | 1,00, 900 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in



सहकारी क्षेत्र आर्थिकी सुदृढ़ीकरण का मजबूत आधार: मुकेश अग्निहोत्री

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 26 अप्रैल 2025 | 14 बैशाख, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 117, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

**आज का मैच**

पंजाब किंग्स vs कोलकाता नाइट राइडर्स

समय: रात 7:30 बजे (कोलकाता)

## न्यूज शॉर्ट्स

### नीट पेपर लीक मामले का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**एजेंसी, पटना।** नीट पेपर लीक मामले का मास्टरमाइंड संजीव मुखिया आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। बिहार पुलिस की एसटीएफ ने उसे पटना से वीरवार रात गिरफ्तार किया। संजीव मुखिया कई महीनों से फरार था। बिहार पुलिस ने उस पर 3 लाख रुपए का इनाम भी रखा था। पेपर लीक मामले में पहले ही मुखिया के बेटे समेत 36 लोग पकड़े जा चुके हैं।



### इसरो के पूर्व अध्यक्ष कस्तूरीरंगन का निधन

**एजेंसी, नई दिल्ली/बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष के कस्तूरीरंगन का शुक्रवार को बेंगलुरु में निधन हो गया। अधिकारियों ने बताया कि इसरो के पूर्व प्रमुख महत्वाकांक्षी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को तैयार करने वाली मसौदा समिति के अध्यक्ष थे। वह 84 वर्ष के थे और पिछले कुछ महीने से वह उम्र संबंधी बीमारियों से पीड़ित थे।



### वक्फ संशोधन बिल पर केंद्र ने दाखिल किया हलफनामा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन कानून की केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया। इसमें वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 की वैधता के खिलाफ याचिकाओं को खारिज करने की मांग की है। केंद्र ने कहा कि अदालतें वैधानिक प्रावधानों पर रोक नहीं लगाएंगी। मामले पर अंतिम रूप से फैसला करेंगी। वक्फ बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 70 से ज्यादा याचिकाएं दाखिल की गई हैं। केंद्र ने कहा कि संवैधानिकता का अनुमान संसद के बनाए गए कानूनों पर लागू होता है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- हमीरपुर में चल रहे विकास कार्यों के लिए सीएम का जताया आभार पेज 2
- जलवायु परिवर्तन पैदा कर रहा बहुआयामी खतरे: प्रो. बंसल -पेज 4
- 'भारत माता की जय' के नारों से गूंजा बिलासपुर -पेज 6
- प्राकृतिक खेती का आदर्श गांव बनकर उभरा कधार -पेज 9
- भवन निर्माण सामग्री चोरी करने के आरोपी गिरफ्तार -पेज 12


## केंद्रीय गृह मंत्री ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को दिए निर्देश, बोले-

# पाकिस्तानियों को वापस भेजो

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अभी एक दिन पहले ही भारत सरकार ने सभी पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद्द करने का ऐलान किया था। अब गृह मंत्री अमित शाह ने सभी मुख्यमंत्रियों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने राज्यों में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को ढूंढें और उन्हें वापस भेजने की कार्रवाई शुरू करें। अमित शाह का ये निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई एक हाई-लेवल मीटिंग के बाद आया है।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के मद्देनजर सभी पाकिस्तानी नागरिकों को 27 अप्रैल तक भारत छोड़ने का आदेश दिया गया था। वहीं, मेडिकल वीजा पर भारत आए पाकिस्तानी नागरिकों को 29 अप्रैल तक भारत छोड़ने कहा गया है। कुछ राज्यों में पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में करीब 1000 पाकिस्तानी नागरिकों के होने का अनुमान है, जो वीजा लेकर भारत आए थे। इनमें से कई वीजा खत्म हो जाने के बाद भी नहीं लौटे हैं। अब स्थानीय प्रशासन ने इन लोगों की पहचान कर उन्हें वापस भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार यूपी के बरेली में 35, बुलंदशहर में 18, वाराणसी में 10 और रामपुर में 30 पाकिस्तानी नागरिक होने की संभावना है। बीते गुरुवार को अटारी बॉर्डर से पाकिस्तानी नागरिकों के वतन वापस लौटने की तस्वीरें भी सामने आई थीं, उनमें से कुछ लोगों ने वतन वापस भेजे जाने पर नाराजगी भी जाहिर की थी।

### जलशक्ति मंत्री के साथ बैठक में शाह ने कहा-एक बूंद पानी भी नहीं जाएगा पाकिस्तान



पहलगाम में आतंकी हमला और बेगुनाहों की बेरहमी से हत्या पाकिस्तान को भारी पड़ रही है। भारत सरकार ने सिंधु नदी जल समझौते को तोड़ दिया है और इस बात की तैयारी शुरू कर दी है कि पाकिस्तान को बूंद-बूंद पानी के लिए भी तरसा दिया जाए। इस मामले को लेकर शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल के साथ बैठक की है। दोनों नेताओं की बैठक में इस बात पर विस्तार से चर्चा की गई है कि एक बूंद पानी भी पाकिस्तान नहीं जाने दिया जाए।

अमित शाह और सीआर पाटिल की बैठक में यह तय हुआ कि पानी रोकने के हर तरीके पर तुरंत काम शुरू कर दिया जाए। दोनों नेताओं के बीच शार्ट टर्म और लांग टर्म रणनीति पर भी बात हुई। शाह की मीटिंग में सिंधु नदी पर सिर्फ पाटिल बैठे थे। विदेश मंत्री एस जयशंकर का विषय कुछ और था और वह मिलकर निकल गए। भारत ये तय करेगा कि एक भी बूंद पानी पाकिस्तान नहीं जाने दिया जाए।

#### पानी को कैसे किया जाएगा डायवर्ट?

**गृह** मंत्री और सीआर पाटिल के बीच हुई बैठक में सिंधु नदी के जल को लेकर विस्तार से बात हुई है। सिंधु नदी के सिल्ट हटाने और ड्रेजिंग करने का काम तुरंत शुरू होगा। पानी को डायवर्ट की रणनीति पर भी विस्तृत चर्चा हुई। यह पानी वैसी नदियों में भी डायवर्ट किया जा सकता है, जिसमें पानी की कमी रहती है।

### आर्मी चीफ से बोले एलजी मनोज सिन्हा आतंकी जहां भी छिपें, उन्हें ढूंढकर दो सजा

**जम्मू।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर (एलजी) मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी के साथ श्रीनगर में बैठक की। इस दौरान एलजी ने आर्मी चीफ से साफ-साफ कहा कि पहलगाम हमले के दोषियों के साथ-साथ आतंकवाद के इंफ्रास्ट्रक्चर और इकोसिस्टम को भी ध्वस्त करें। उन्होंने कहा कि आतंकी जहां भी छिपे हों, ढूंढकर उनके किए की सख्त सजा दो। आतंकियों को नागरिकों पर कायराना हमले की गंभीर कीमत चुकानी होगी। बैठक में आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी के साथ जीओसी कमांड सुचींद्र कुमार, डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा और जीओसी 15 कार्प लेफ्टिनेंट जनरल प्रशांत श्रीवास्तव भी मौजूद थे। पहलगाम हमले के बाद हुई इस बैठक में सुरक्षा हालात, आर्मी के आपरेशन, सुरक्षा एजेंसियों के समन्वय और शार्ट टर्म, लांग टर्म रणनीति पर बात हुई।



### पाक ने कबूली आतंकियों को ट्रेनिंग देने की बात

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने माना है कि उनका देश पिछले 30 साल से आतंकवादियों का समर्थन कर रहा है और उन्हें ट्रेनिंग दे रहा है। उन्होंने कहा कि वे अमेरिका और पश्चिमी देशों के लिए यह 'गंदा काम' कर रहे हैं।

ख्वाजा आसिफ ने शुक्रवार को 'ब्रिटिश अखबार द स्काई' को दिए इंटरव्यू में ये बातें कहीं। ब्रिटिश एंकर यल्दा हकीम ने उनसे सवाल पूछा था कि क्या पाकिस्तान आतंकी गुटों की गतिविधियों के लिए जिम्मेदार है? इस पर उन्होंने कहा कि वैश्विक शक्तियों ने अपने हितों के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया। ख्वाजा ने यह भी माना कि आतंकियों का समर्थन करना या ट्रेनिंग देना बड़ी गलती थी। उन्होंने कहा कि दोनों देश परमाणु शक्ति, दुनिया को चिंतित होना चाहिए। पहलगाम मामले को लेकर ख्वाजा आसिफ ने कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच शुरू हुआ विवाद दोनों देशों के बीच बड़े जंग का रूप ले सकता है। भारत जो भी करेगा, पाकिस्तान उसका जवाब देगा।

#### रक्षा मंत्री आसिफ बोले- अमेरिका के कहने पर हो रहा यह 'गंदा काम'



पाक रक्षा मंत्री ने कहा कि पहलगाम हमले के लिए पाकिस्तान नहीं, बल्कि भारत दोषी है। यदि भारत हमारे खिलाफ कोई एक्शन लेता है, तो पाकिस्तान उसका उसी तरह जवाब देगा। वहीं, पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने पहलगाम हमले के आतंकियों को 'स्वतंत्रता सेनानी' कहा है। डार ने कहा कि हमें शुक्रगुजार होना चाहिए कि ये तो फ्रीडम फाइटर्स भी हो सकते हैं। हालांकि, हम नहीं जानते कि ये कौन हैं। मुझे लगता है कि वे अपनी नाकामी के लिए पाकिस्तान पर इल्जाम लगा रहे हैं।

## पंडोह डैम के पास कार खाई में गिरी दूल्हे के भाई सहित 5 लोगों की मौत



शादी समारोह से लौट रहे थे भडैची के बाशिंदे

**बालक राम, पंडोह**

पंडोह डैम के नजदीक कुकलाह सड़क के पास एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें सवार 5 लोगों की मौत हो गई। कार (एचपी 31सी1189) 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरी, जिसमें पति-पत्नी व उनकी बेटी भी सवार थे। घटना में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो को निजी वाहन से मंडी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बता दें कि दुनी चंद दूल्हे का बड़ा भाई था, जो अपने परिवार के साथ छोटी भाई की शादी में सिराज विधानसभा के भडैची गांव से वापसी अपने घर की ओर आ रहे थे। अचानक पंडोह डैम के नजदीक गाड़ी अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। दुनी चंद के पिता रमेश कुमार ने बताया कि वह किसी भी तरह का कोई नशा नहीं करता था। घटनास्थल पर पहुंच पाना बहुत जोखिम भरा था, फिर भी एसडीआरएफ की टीम के साथ स्थानीय लोगों ने पंडोह डैम की झील से सभी शव किश्ती के माध्यम से सड़क तक पहुंचाएं और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसएचओ मंडी सदर ने कहा कि घटना की जांच की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में एक आतंकी ढेर, 2 जवान घायल

**एजेंसी, श्रीनगर**

पहलगाम हमले के बाद लगातार चौथा एनकाउंटर हुआ है। उत्तर कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सेना और आतंकियों के बीच चल रहे एनकाउंटर में एक आतंकी मारा गया है। वहीं, 2 जवान घायल हो गए हैं। इससे पहले शुक्रवार सुबह सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। मारे गए आतंकी का नाम अल्ताफ बताया जा रहा है।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में पिछले 2 दिन में यह चौथा एनकाउंटर है। यह मुठभेड़ कुलनार इलाके में हुई, जहां आतंकियों के छिपे होने की सूचना पर सेना और पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू किया था। जैसे ही जवान इलाके में पहुंचे, आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी।

## सुक्खू ने 28 तक बकाया देनदारियों की पहली किस्त जारी करने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वित्त विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए 30 अप्रैल से पहले लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग के ठेकेदारों की लंबित सभी देनदारियों को जारी करने के निर्देश दिए।



सीएम सुक्खू वित्त विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

उन्होंने कहा कि लंबित देनदारियों की पहली किस्त 28 अप्रैल से पहले और शेष राशि इस महीने की 30 अप्रैल तक जारी कर दी जाएगी। उन्होंने दोनों विभागों को बिल तैयार कर उन्हें भुगतान के लिए समय पर कोषागार में प्रस्तुत करने के लिए शीघ्रता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को विभागीय बिल हर महीने की 10 तारीख के बाद ही प्रस्तुत करने के निर्देश दिए क्योंकि राज्य को हर महीने की 10 तारीख को केंद्रीय कर प्राप्त होते हैं।

**लोक निर्माण और जल शक्ति विभाग से बिल तैयार करने को कहा**

बैठक में विधायक सुंदर सिंह ठाकुर, मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान, अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार चंद शर्मा, प्रधान सचिव, वित्त देवेश कुमार, सचिव वित्त डॉ. अभिषेक जैन, प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग एनपी सिंह, प्रमुख अभियंता जल शक्ति विभाग अंजू शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

## सुक्खू सरकार कर्मियों पर मेहरबान होने को लेकर हुई 'गंभीर'

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एक बार फिर कर्मचारियों पर मेहरबान होने वाले हैं। पेंशन बहाली के बाद सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने की गंभीर मंत्रणा चली है। सचिवालय स्तर पर आलाधिकारी तमाम संभावनाएं तलाश रहे हैं। बाकायदा वित्त विभाग को एक्टिव मोड पर रखा गया है। अतिरिक्त वित्तीय भार का लेखा-जोखा टटोला जा रहा है। अभी सेवानिवृत्ति की आयु 58 वर्ष है। अगर एक साल बढ़ जाती है, अर्थात 59 वर्ष होती है, उस सूरत में 1,84000 लाख के आसपास कर्मचारी सीधे तौर पर लाभ के दायरे में आएंगे।

**सेवानिवृत्ति 58 से 59 वर्ष करने की हो रही तैयारी**

राज्य के कर्मचारियों की लंबे समय से सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने की मांग चली है, वह 59 या फिर 60 वर्ष करने का तर्क दे रहे हैं। मुख्य मांग की आवाज बढ़ती देखते हुए सीएम ने पहले ही डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में रिसोर्स मोबिलाइजेशन कमेटी का गठन कर लिया है। कमेटी ने कुछ समय पहले सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने की सिफारिश की है और तर्क दिया है, कि इसमें कुछ भी गलत नहीं है, व्यवहारिक तौर पर ऐसा हो सकता है।

काबिले गौर है कि प्रदेश में आईएएस अधिकारियों, डॉक्टरों, प्रोफेसरों सहित अन्य की आयु 60 वर्ष है, लेकिन तृतीय श्रेणी के कर्मचारी 58 वर्ष में ही सेवानिवृत्त हो जाते हैं। (अनंत ज्ञान)

#### रोजगार पर किया जा रहा मंथन

**सरकार** की कोशिश है कि इसको लेकर आगे चलकर कोई विवाद पैदा न हो और न ही रोजगार पर किसी तरह का विपरीत असर पड़े। वैसे भी प्रदेश में बेरोजगारी की फौज बढ़ती जा रही है, जो सरकार को परेशान कर सकती है, इसलिए हर तरह की संभावनाओं का आकलन किया जा रहा है।

#### कर्मियों की देनदारी पर भी हुई गंभीर

दावा यह भी किया जा रहा है कि सीएम सुक्खू कर्मचारियों की देनदारियों पर गंभीर है, उसमें कोई विलंब न हो। इसके लिए एक वर्ष की सेवानिवृत्ति बढ़ने से देनदारी देने में आसानी होगी।

## अब हमीरपुर व चंबा डीसी ऑफिस को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**अनंत ज्ञान टीम, चंबा/हमीरपुर**

हिमाचल में मुख्य सचिव (सीएस) शिमला के कार्यालय, मंडी के डीसी ऑफिस के बाद अब हमीरपुर और चंबा के डीसी ऑफिसों को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी दोनों जिलों के डीसी की ऑफिशियल ई-मेल पर प्राप्त हुई है। धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद आज दोनों जगह दफ्तर को आनन-फानन में खाली कराया गया। सभी कर्मचारी दफ्तर से बाहर भागे।

#### खाली कराया पूरा दफ्तर कर्मचारियों में हड़कंप



सर्च ऑपरेशन में जुट डॉग स्क्वायड।

इससे कुछ देर के लिए कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। प्रशासन ने मौके पर बम निरोधक दस्तों को बुला लिया और दफ्तर के भीतर जांच जारी है। पहलगाम आतंकी हमले की वजह से कर्मचारी ज्यादा डरे हुए हैं, खासकर चंबा में क्योंकि इस जिला की सीमाएं जम्मू-कश्मीर से लगती हैं। चंबा और हमीरपुर डीसी को ई-मेल किसने भेजी, पुलिस इसकी अभी जांच कर रही है।

## सावरकर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने वीडी सावरकर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को फटकार लगाई है। राहुल गांधी की टिप्पणी को 'गैर-जिम्मेदाराना' बताया। सुप्रीम कोर्ट ने सावरकर के खिलाफ कथित टिप्पणी के लिए मानहानि मामले में राहुल गांधी को जारी समन को रद्द करने से इनकार करने वाले इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी।

सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी से कहा, उन्होंने हमें आजादी दिलाई और आप उनके साथ ऐसा व्यवहार कर रहे हैं। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कांग्रेस नेता को सावरकर के खिलाफ आगे कोई अपमानजनक टिप्पणी न करने की चेतावनी दी और कहा कि महाराष्ट्र में उनकी 'पूजा' की जाती है। कोर्ट ने आगे कहा, इस तरह की टिप्पणी करना जारी रखते हैं तो उन्हें इसके परिणाम भुगतने होंगे।

#### क्या बोला सुप्रीम कोर्ट

हम स्वतंत्रता सेनानियों के खिलाफ बयानों की इजाजत नहीं देंगे। इस बार सावरकर हैं अगली बार कोई कहेगा कि महात्मा गांधी अंग्रेजों के नौकर थे। अगली बार ऐसी बयानबाजी की तो स्वतः संज्ञान लेंगे।

#### क्या है मामला?

**मानहानि** का यह मामला 2022 में 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान राहुल गांधी के महाराष्ट्र में दिए गए विवादित बयान से जुड़ा है, जिसमें राहुल गांधी ने सावरकर को 'अंग्रेजों का नौकर' बताया था। साथ ही कहा था कि सावरकर अंग्रेजों से पेंशन लेते थे। वकील नृपेंद्र पांडे ने इसको लेकर निचली अदालत के शिकायत दर्ज कराई थी। निचली अदालत ने राहुल गांधी के खिलाफ पहली नजर में आईपीसी 153(ए) और 505 के तहत केस मानते हुए राहुल गांधी को समन जारी किया था।

## थाईलैंड: पुलिस विमान समुद्र में गिरा, 6 की मौत



**एजेंसी, बैंकॉक।** थाईलैंड के हुआ हिन रिसॉर्ट शहर में शुक्रवार सुबह पुलिस विमान क्रैश हो गया। हादसे में छह लोगों की जान चली गई। थाई राष्ट्रीय पुलिस ने अपने सोशल मीडिया पेज पर बताया कि पुलिस विमानन विभाग का विमान हुआ हिन हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद फेत्चाबुरी प्रांत के चा-आम जिले के पास समुद्र में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में विमान में सवार सभी छह लोग मारे गए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना उस समय हुई, जब विमान पैराशूट प्रशिक्षण के लिए उड़ान भर रहा था। विमान में सवार सभी छह लोग पुलिस अधिकारी थे।

सूत्रों के अनुसार, पांच लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और एक ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया। वीडियो फुटेज में दिख रहा है कि विमान समुद्र में गिर रहा था। शुरुआती जांच में पता चला है कि उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद प्लेन के इंजन में खराबी आ गई।

**सख्ती** | स्थानीय लोगों की शिकायत पर हरकत में आया राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

## प्रदूषण फैला रहे एसीसी सीमेंट प्लांट पर कसेगा शिकंजा

**शुभम राही, बिलासपुर**

- अक्तूबर तक लगेगी 15 करोड़ की हाईटेक मशीन
- जेसीबी की जगह लेगी ऑटोमेटिक क्लिंकर लोडिंग मशीन




हिमाचल प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र बरमाणा में स्थित एसीसी सीमेंट प्लांट एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार मामला फैक्टरी से निकलने वाले धूल-धुएं और प्रदूषण का है, जो स्थानीय लोगों के लिए गंभीर समस्या बन चुका है। खासकर प्लांट के साथ सटे घरों में रहने वाले लोग धूल से बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। अब इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने प्लांट प्रबंधन को सख्त निर्देश जारी किए हैं और कहा है कि वे अक्तूबर माह तक 15 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक ऑटोमेटिक क्लिंकर लोडिंग मशीन स्थापित करें।

बता दें कि बरमाणा निवासी कश्मीर सिंह ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को शिकायत दी थी कि एसीसी प्लांट से निकलने वाली धूल और कणों के कारण उनका घर प्रदूषण की चपेट में आ गया है। खासकर क्लिंकर लोडिंग और अनलोडिंग के दौरान भारी मात्रा में धूल उठती है, जो उनके घर के भीतर तक पहुंच जाती है। कश्मीर की इस शिकायत के बाद मार्च माह में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एक टीम ने प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण में यह बात सामने आई कि जब क्लींकर को जेसीबी मशीन से ट्रकों में भरा जाता है, तो उससे काफी मात्रा में धूल उड़ती है जो पास के रिहायशी इलाकों तक पहुंच जाती है।

बोर्ड ने प्लांट प्रबंधन को निर्देश दिए हैं कि वे आटोमेटिक क्लिंकर लोडिंग मशीन लगाएं। यह मशीन ट्रकों में क्लिंकर भरने के पुराने तरीके को पूरी तरह बदल देगी। अब तक जहां जेसीबी से क्लिंकर भरने पर धूल उड़ा करती थी, वहीं अब यह प्रक्रिया पूरी तरह बंद डिब्बों के जरिए की जाएगी। मशीन से एक विशेष बॉक्स निकलेगा, जिसमें क्लींकर भरकर सीधे ट्रक में डाला जाएगा।

इसी तरह अनलोडिंग भी बिना धूल के की जाएगी। इससे आसपास के वातावरण में उड़ने वाली धूल पर लगाम लगेगी। आपको बता दे कि प्रदूषण को और कम करने के लिए बोर्ड ने प्लांट के मुख्य गेट पर वाटर स्प्रिंकलर सिस्टम भी स्थापित करवा दिया है। अब जब भी कोई ट्रक प्लांट से बाहर निकलेगा, तो उसके टायरों पर पानी की बारीक फुहारें छोड़ी जाएंगी, जिससे टायरों में जमी धूल धुल जाएगी। इसके साथ ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्लांट के बाहर और शिकायतकर्ता के घर के पास एयर क्वालिटी इंडेक्स मापक यंत्र लगाया जाएगा। यह उपकरण लगातार हवा की गुणवत्ता की निगरानी करेगा। विशेषज्ञों की टीम समय-समय पर इन मापदंडों की जांच करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि प्लांट से अब धूल और प्रदूषण बाहर न निकले। अब देखना यह होगा कि कंपनी समयबद्ध तरीके से इन निर्देशों का पालन करती है या नहीं, और क्या वास्तव में प्रदूषण में कमी आती है या यह केवल एक और औपचारिकता बनकर रह जाता है। (अनंत ज्ञान)

#### प्रबंधन की सहमति और आश्वासन

**प्रदूषण** नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी पवन शर्मा ने कहा कि एसीसी सीमेंट उद्योग प्रबंधन को 15 करोड़ रुपए की लागत से आटोमेटिक क्लिंकर लोडिंग मशीन स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने भी अक्तूबर माह तक इसे स्थापित करने की हामी भर दी है। इससे प्लांट में प्रदूषण कम हो जाएगा।

#### स्थानीय लोगों को राहत की उम्मीद

**बरमाणा** के निवासियों को अब उम्मीद है कि यह तकनीकी सुधार केवल कागजों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जल्द ही जमीन पर भी दिखाई देगा। वर्षों से प्रदूषण के साए में जी रहे लोग अब राहत की सांस लेने की उम्मीद कर रहे हैं। हालांकि यह भी स्पष्ट है कि अगर समय पर सुधार नहीं हुआ तो यह मामला और गंभीर रूप ले सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### टौणी देवी स्कूल में पूर्व छात्र ने कूलर किया भेंट

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (उत्कृष्ट) टौणी देवी हमेशा से अपना विद्यालय कार्यक्रम को जिसमें मेरा स्कूल, मेरा अभिमान प्रमुख रूप से शामिल है। इसी कड़ी में एक अत्यंत प्रेरणादायक और सराहनीय पहल देखने को मिली, जब गांव बारीं के जगत राम ने विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के लिए गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए कूलर दान किया। जगत राम, जो कि वर्ष 1972 में इसी विद्यालय के छात्र रहे हैं, उन्होंने यह योगदान अपने दिवंगत बड़े भाई हरु राम उर्फ हरदेव की स्मृति में किया। उनका यह भावुक और सामाजिक दृष्टि से जागरूक कदम न केवल विद्यालय के छात्रों के लिए सुविधा प्रदान करेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत भी बनेगा। इस अवसर पर आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य राजनीश रांगड़ा ने जगत राम का हार्दिक स्वागत किया और उनका इस योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य ने अपने वक्तव्य में कहा कि विद्यालय की दीवारें सिर्फ ईंट-पत्थर से नहीं, बल्कि ऐसे ही समर्पित और संवेदनशील पूर्व छात्रों के योगदान से मजबूत होती हैं। शजगत राम का यह योगदान न केवल भौतिक संसाधनों में वृद्धि है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि समाज के वरिष्ठ सदस्य शिक्षा की महत्ता को समझते हैं और आगे आकर विद्यालय की उन्नति में सहयोग करना अपना दायित्व समझते हैं। वहीं, जगत राम का मानना है कि विद्यालय मेरा दूसरा घर रहा है। (अनंत ज्ञान)

### एनएसजी ब्लैक कमांडो अंकुश का हुआ भव्य सम्मान



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** शांति निकेतन पब्लिक स्कूल, भरेड़ी में हाल ही में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के ब्लैक कमांडो बने अंकुश शर्मा का भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। अंकुश अपने ताया, जो कि आईटीबीपी में इंस्पेक्टर हैं, उनके साथ स्कूल परिसर में पहुंचे। उनके आगमन पर स्कूल के विद्यार्थियों, पूर्व छात्रों, शिक्षकों तथा अन्य स्टाफ ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपा शर्मा एवं प्रबंधक पंकज भारद्वाज ने बताया कि अंकुश शर्मा ने 10वीं कक्षा तक की पढ़ाई इसी विद्यालय से की थी। वह शुरू से ही एक होनहार और अनुशासित छात्र रहे हैं।

### 2 को बड़सर प्रशासन लगाएगा ब्लड डोनेशन कैंप

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर प्रशासन की ओर से मैहरे में बने न्यू मिनी सचिवालय भवन में 2 मई को ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस ब्लड डोनेशन कैंप में 100 यूनिट ब्लड एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम ने बताया कि इस कैंप में अधिकारी, कर्मचारी, व्यापार मंडल सहित क्षेत्र के अन्य लोग भी ब्लड डोनेट करेंगे। इस कैंप में मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे।

### कैथल के रिंकू ने जीता बड़ी माली का खिताब



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** दंगल और मेले आपसी सौहार्द और संस्कृति के प्रतीक हैं। यह बात असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) प्रदेश चेयरमैन राजीव राणा ने लखदाता पीर कमेटी दलालड़ द्वारा आयोजित विशाल दंगल में कही। राजीव राणा ने कहा कि भारत की संस्कृति में इन दंगल, कुश्तियों और मेलों का विशेष महत्व है, इससे हम सब एक-दूसरे से भावनात्मक तौर पर जुड़े रहते हैं, हमें अपनी पारंपरिक संस्कृति को आगे बढ़ावा देना चाहिए। राणा ने कहा कि हमें पहलवानी में अपना करियर बना रहे, ऊर्जावान युवाओं को प्रोत्साहित करना चाहिए, जिससे वह छोटे-छोटे गांव से निकल कर देश का नेतृत्व करें। इस दंगल में बड़ी माली का खिताब कैथल से रिंकू पहलवान ने व छोटी माली गोलू पहलवान हमीरपुर ने जीती।

### पहलगाम में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के दौरान मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए तथा उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए शुक्रवार को मिनी सचिवालय में अधिकारियों, कर्मचारियों और आम लोगों ने दो मिनट का मौन रखा। इस अवसर पर डीसी अमरजीत सिंह, सहायक आयुक्त अनुपम ठाकुर, जिला राजस्व अधिकारी जगदीश सांख्यान सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के अलावा आम लोगों ने भी दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### टैक्सी वाहनों की निविदा प्रक्रिया स्थगित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डीसी कार्यालय हमीरपुर और अन्य सरकारी कार्यालयों के लिए छोटे टैक्सी वाहनों जैसे-महिंद्रा बोलेरो, स्कॉर्पियो, ऑल्टो, स्विफ्ट डिजायर, इटियोस, इनोवा और ट्रैवल आदि को किराये पर लेने की निविदा प्रक्रिया को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। डीसी के सहायक आयुक्त अनुपम ठाकुर ने बताया कि प्रशासनिक कारणों से इस प्रक्रिया को आगामी आदेशों तक स्थगित किया गया है।

### एचपीटीयू में वाहनों के लिए निविदाएं 3 मई तक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में एक सेवन सीटर वाहन और एक फाइव सीटर वाहन को एक साल के लिए मासिक किराये पर लिया जाएगा। इन वाहनों की सेवाएं प्रदान करने के इच्छुक ट्रांसपोर्टरों से 3 मई दोपहर 2 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। एचपीटीयू से प्राप्त जानकारी के अनुसार निविदा से संबंधित दस्तावेज विश्वविद्यालय की वेबसाइट हिमटीयू.एसी.इन से डाउनलोड किए जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए एचपीटीयू के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी व आसपास आज बिजली बंद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बिजली उपमंडल हमीरपुर-2 में 26 अप्रैल को ट्रांसफार्मर की तकनीकी खराबी को ठीक करने के कार्य के चलते हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, नाल्टी चैक, खाला बाइपास, एम्स स्कूल और आसपास के क्षेत्रों में सुबह 10 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### पद्म पुरस्कारों के लिए 15 तक मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी ने बताया कि केंद्र सरकार ने इस वर्ष भी पद्म पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले या अन्य योगदान देने वाले जिला हमीरपुर के खिलाड़ी भी आवेदन कर सकते हैं। ये आवेदन सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित 15 मई तक जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में पहुंचने चाहिए।

# हवाई अड्डे के लिए प्रदेश सरकार तैयार अनुराग ठाकुर से भी करें मांग : धर्माणी



जाहू में हवाई अड्डे की मांग को लेकर राजेश धर्माणी को मांग पत्र देते हुए वरिष्ठ नागरिक।

**अनंत ज्ञान, जाहू**

हमीरपुर, बिलासपुर और मंडी के वरिष्ठ नागरिकों का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी से जाहू में मिला और हवाई अड्डे के निर्माण को लेकर मांग पत्र सौंपा।

इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों ने बताया कि जाहू हमीरपुर, बिलासपुर और मंडी जिले का संगम स्थल है इसलिए यहां पर हवाई अड्डे के निर्माण के लिए पर्याप्त भूमि है और प्रदेश सरकार हवाई अड्डे का निर्माण प्राथमिकता से करवाएं। वरिष्ठ नागरिकों के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत करते हुए राजेश धर्माणी ने कहा कि वह स्वयं इस मांग को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से कर चुका हूं। भोरंज के विधायक सुरेश भी इस मांग को कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जाहू में हवाई अड्डा बनाने के लिए तैयार है, लेकिन यह कार्य केंद्र सरकार का है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों से आह्वान किया कि वह इस मांग को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर से करें क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम को मनाना उनका कार्य है।

## जाहू में जमीन मिलने पर कांप्लेक्स विकसित कर सकता है हिमुडा

**अनंत ज्ञान, जाहू।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि तीन जिलों के संगम स्थल जाहू में मुख्यमंत्री सुक्खू के आशीर्वाद और विधायक सुरेश कुमार के प्रयासों से करोड़ों रुपए की योजनाओं पर कार्य किए जा रहे हैं। मेवा उत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए धर्माणी ने कहा कि आने वाले समय में यहां अगर जमीन मिले तो हिमुडा जाहू में आवासीय कालोनी, व्यावसायिक परिसर और औद्योगिक क्षेत्र विकसित कर सकता है। इसके लिए स्थानीय लोगों का सहयोग बहुत जरूरी है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए धर्माणी ने कहा कि इस घड़ी में पूरा देश केंद्र सरकार के साथ खड़ा है। आतंकवादियों के खात्मे के लिए केंद्र सरकार, जो भी कदम उठाएगी, देशवासी सरकार के साथ खड़े रहेंगे। इससे पहले, धर्माणी ने दीप प्रज्वलित कर प्रथम सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मेला कमेटी अध्यक्ष स्थानीय पंचायत प्रधान अनुराधा शर्मा ने मुख्यातिथि और अन्य अतिथियों का स्वागत किया। सांस्कृतिक संध्या में विधायक सुरेश कुमार, कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष राम चंद्र पठानिया, कौशल विकास निगम के समन्वयक अतुल कड़ोहता आदि मौजूद रहे।

## बिझड़ी कस्बे में शरारती तत्वों ने गेहूं की फसल को लगाई आग, जलकर राख

**एसके ठाकुर, बड़सर**



- 30 क्विंटल के करीब गेहूं जलकर हुई राख
- पंचायत प्रधान ने की प्रदेश सरकार से उचित मुआवजा देने की मांग

बड़सर उपमंडल के बिझड़ी कस्बे में खेतों में काटकर रखी गेहूं की फसल को शरारती तत्वों ने लगा दी, जिससे सुरेंद्र कुमार और जगतार सिंह की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। बता दें कि शुक्रवार को दोपहर के समय खेतों में काट कर रखी गेहूं की फसल को किसी ने आग लगा दी, जब उन्हें पता लगा गेहूं को आग लग गई है, तो वह दौड़ते हुए खेत में पहुंचे, लेकिन तब तक सब कुछ राख हो चुका था। स्थानीय लोगों तथा फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

इस घटना में लगभग 30 क्विंटल के करीब गेहूं जलकर राख हो गई। गेहूं फसल जलने से मालिक सुरेंद्र कुमार की आंखें नम थी उनका कहना था कि 10000 के करीब धनराशि देकर गेहूं बिजी थी, अब जब गेहूं की फसल को तथा तूड़ी को घर ले जाना था, किसी शरारती तत्व ने आग लगा दी। इससे सारी गेहूं की फसल राख में तब्दील हो गई। इन दोनों किसानों को लगभग 1 लाख के करीब नुकसान हुआ है। पंचायत प्रधान ने प्रदेश सरकार से पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। फायर ब्रिगेड की टीम इंचार्ज बतन सिंह का कहना है जैसे ही उन्हें सूचना मिली, तो वह छोटी गाड़ी लेकर मौके पर पहुंचे। हालांकि, फायर ब्रिगेड की टीम ने भी आग बुझाने में मदद की, लेकिन गेहूं तथा तूड़ी तब तक पूरी तरह से जल चुकी थी। (अनंत ज्ञान)

## मंदिर में चोरी करने वाले चोरों को दूसरे ही दिन भोरंज पुलिस ने दबोचा

**अनंत ज्ञान, जाहू**



पुलिस थाना भोरंज में डूंगरी के एक मंदिर में चोरी होने के दूसरे दिन बाद ही पुलिस ने चोरों को पड़कर चोरी का मामला सुलझा दिया।

भोरंज थाने में जैसे ही चोरी की शिकायत दर्ज हुई, तो भोरंज पुलिस ने एक विशेष नीति के तहत चोरों को पकड़ने के लिए एक जाल बिछाया। इसमें दोनों चोरों को पकड़ लिया गया। राजकुमार शर्मा निवासी भ्याड़ डा. महल तहसील भोरंज जिला हमीरपुर के शिकायत पत्र पर चोरी का मामला पंजीकृत हुआ। इसमें शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि इनके मंदिर डूंगरी में दो अज्ञात लड़कों ने 23 अप्रैल को दोपहर के समय चोरी को अंजाम दिया, जिस पर पुलिस थाना भोरंज की पुलिस टीम ने तकनीकी आधार पर अंजाम देते हुए आरोपियों की पहचान करने के उपरांत आरोपियों को जाहू से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में आनंद पाल उर्फ मदन पुत्र स्व. शालीग्राम गांव छत्र डा. नरोला तह. बलद्वाड़ा जिला मंडी उम्र 38 साल व सुमित कुमार पुत्र स्व. सुरेंद्र कुमार गांव, डा. व तहसील बलद्वाड़ा जिला मंडी उम्र 34 साल के रूप में हुई है। भोरंज थाना प्रभारी प्रशांत सिंह ने बताया कि पुलिस में शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने चोरों को पकड़ने के लिए एक विशेष नीति अपनाई और जाहू में दोनों चोरों को पकड़ लिया गया है। दोनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## वनों को आग से बचाने के लिए स्थानीय लोगों की जिम्मेदारी तय

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बहुमूल्य वन संपदा को आग की घटनाओं से बचाने के लिए स्थानीय निवासियों की जिम्मेदारी भी तय की गई है। डीसी अमरजीत सिंह ने इस संबंध में हिमाचल प्रदेश ग्राम एवं छोटे शहर गश्त अधिनियम-1964 की धारा 3 ए और धारा-8 के तहत विशेष आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में सभी पंचायत प्रधान अपने-अपने क्षेत्रों में वन संपदा की रक्षा के लिए सभी सक्षम पुरुष नागरिकों के माध्यम से रात्रि गश्त एवं निगरानी सुनिश्चित करेंगे तथा वनों को आग से बचाने के लिए वन विभाग का सहयोग करेंगे। जिलाधीश ने सभी एसडीएम को भी हिमाचल प्रदेश ग्राम एवं छोटे शहर गश्त अधिनियम-1964 की धारा-8 के तहत विशेष आदेश जारी करने के लिए अधिकृत किया है। जिलाधीश ने बताया कि ये आदेश इस वर्ष फायर सीजन की अवधि तक लागू रहेंगे।

## राज राजेश्वरी कॉलेज में खेले गए क्रिकेट के सेमीफाइनल मुकाबले
# भोटा की ए टीम ने फाइनल में किया प्रवेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**




राज राजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन भोटा के सौजन्य से आयोजित प्रदेश भर के बीएड कॉलेजों की राज्यस्तरीय विंडबाल क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन मुख्यातिथि इंजिनियर राजेश बन्याल, तायना वाल्यडरसपिन, प्रदीप शर्मा, अनिल शर्मा, विनोद लखनपाल ने शिरकत की।

दिन का प्रथम मैच एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर तथा आरसी धनोट के बीच खेला गया। इसमें एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर विजयी रहा। दूसरा छात्राओं का क्वालीफायर मैच राजेशवरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन भोटा तथा आरसी धनोट के बीच खेला गया। इसमें राजेशवरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन भोटा की ए टीम विजय रही तथा फाइनल में प्रवेश किया। तीसरा मैच विजय वल्लभ कॉलेज की छात्राओं तथा राजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन भोटा की बी टीम के मध्य खेला गया।

इसमें विजय वल्लभ कॉलेज की टीम विजय रही तथा फाइनल में प्रवेश किया। दिन का पहला क्वार्टर फाइनल मैच नोबल कॉलेज ऑफ एजुकेशन व एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर के मध्य खेला गया। इसमें नोबल कॉलेज ऑफ एजुकेशन ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया तथा दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच शिवा कॉलेज ऑफ एजुकेशन तथा राजेशवरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन भोटा की बी टीम के मध्य खेला गया। इसमें शिवा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, घुमारवीं ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। इस मौके पर राजेशवरी एजुकेशन सोसायटी के चेयरमैन मनजीत सिंह, अध्यक्ष अरविंदर कौर रानी, सेक्रेटरी कुलबीर सिंह ठाकुर, प्रिंसिपल डॉ. राज कुमार धीमान, बीएड व डीएलएड के सभी प्रशिक्षु अध्यापक व संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा। (अनंत ज्ञान)

## अव्वल आए छात्रों को नवाजा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय उच्च पाठशाला डुग्घा में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के कक्षा 6वीं से 10वीं तक पहले तीन स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों के लिए एक विशेष पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मार्च में आयोजित वार्षिक परीक्षा में कक्षा 5वीं से 9वीं तक के विद्यार्थियों में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को कॉपी और पेन इनाम स्वरूप देकर सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार पूर्व प्रवक्ता पूनम शर्मा निवासी गांव डुग्घा द्वारा प्रदान किए गए। पूनम शर्मा द्वारा प्रतिवर्ष शैक्षणिक सत्र के अंतिम दिन इस प्रकार का आयोजन विद्यालय में किया जाता है। इस बार यह आयोजन और भी विशेष बन गया क्योंकि आज उनके पुत्र का जन्मदिन है। इस अवसर ने कार्यक्रम में और भी रंग भर दिए। उपस्थित समस्त छात्रों को मिठाई वितरित की गई, जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य ओपी शर्मा ने समस्त शिक्षकों के साथ सुरेंद्र कुमर (पीईटी), मदन कुमार एवं मीना देवी, रीता शर्मा एवं सपना कुममारी, कृष्णा देवी आदि का आभार प्रकट किया।

## हमीरपुर में चल रहे विकास कार्यों के लिए सीएम का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तेजनाथ तेज एवं एपीएमसी अध्यक्ष अजय सीएम से भेंट करते हुए।

जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष तेजनाथ तेज एवं एपीएमसी अध्यक्ष अजय शर्मा ने शुक्रवार को शिमला में मुख्यमंत्री सुक्खू से मिलकर जिला हमीरपुर में चल रहे विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया, जिनमें मुख्य रूप से मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के साथ-साथ प्रदेश का सबसे बड़ा कैंसर अस्पताल भी हमीरपुर में बनाया जा रहा है।

इसके साथ-साथ शिक्षा एवं खेल विभाग में जिले के हमीरपुर और कंज्याण कॉलेज में पीजी कक्षाएं और नादौन में इनडोर स्टेडियम का काम चला हुआ है और जल्द ही मुख्यमंत्री इसका उद्घाटन करेंगे। इसके साथ-साथ कामगार कल्याण बोर्ड का कार्यालय भी शिमला से हमीरपुर स्थानांतरित कर जिला वासियों को एक बहुत बड़ी सौगात दी है, जिससे सभी प्रदेशवासियों को बहुत फायदा मिलेगा। टूरिज्म और इमरजेंसी हेल्थ सर्विसेज की दृष्टि से भी जिले में जो काम हुआ है वह सराहनीय है। जिले के हर ब्लॉक में हेलिपैड का निर्माण किया जा चुका है और जिले को एक बहुमंजिला बस स्टैंड भी दिया है। इसी के साथ-साथ संगठन जल्द गठन करने के लिए भी मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया, ताकि संगठनआत्मक गतिविधियों को तेजी दी जा सके और संगठन तथा सरकार के बेहतर तालमेल से संगठन को मजबूती प्रदान की जा सके।

## सीएम के निर्देश पर नादौन में विकसित किए जा रहे पर्यटन स्थल
# शिव के गंगाधरेश्वर स्वरूप की मूर्ति स्थापित

**शशि सोनल, नादौन**



केरल के प्रसिद्ध अजिमाला समुद्र तट पर स्थापित भगवान शिव के गंगाधरेश्वर स्वरूप की सुंदर मूर्ति नादौन (बटाहली, फस्टे पंचायत) में बिल्वकालेश्वर मंदिर के प्रांगण में भी तैयार की गई है, जिसकी ऊंचाई लगभग 20 फुट है।

इस स्वरूप की यह अजिमाला के बाद दूसरी मूर्ति है। बिल्वकालेश्वर मंदिर पांडवों के समय का निर्मित एक ऐतिहासिक मंदिर है, जिसके प्रांगण में मुख्यमंत्री सुक्खू के निर्देशानुसार पंचायत फस्टे द्वारा मनरेगा व अन्य योजनाओं की कन्वर्जेंस से एक सुंदर पार्क का निर्माण किया जा रहा है। इसी पार्क में यह मूर्ति स्थापित की गई है। इसके अतिरिक्त मंदिर के प्रांगण में कैलाश पर्वत का प्रतिरूप, भगवान नंदी की मूर्ति व ॐ का निशान स्थापित करवाया जा रहा है। साथ ही बच्चों के खेलने के लिए झूले आदि भी लगाए गए हैं। यह मूर्ति, क्षेत्र के व्यापारी प्रभात चौधरी ने दान की है। खंड विकास अधिकारी निशांत शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री ने नादौन क्षेत्र में पर्यटन विकास के लिए काफी बड़ी-बड़ी परियोजनाएं स्वीकृत की हैं।

इनमें से रिवर राफ्टिंग सेंटर, वेलनेस सेंटर, पर्यटन विभाग का होटल, ईको टूरिज्म पार्क हड़ेटा व विभिन्न विश्राम गृह आदि प्रमुख हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने छोटे-छोटे ग्रामीण पर्यटन स्थलों के सौंदर्यीकरण के भी निर्देश दिए हैं। उनके निर्देशानुसार ही इन स्थलों का विकास करवाया जा रहा है। इस स्थल का निर्माण कार्य दो, तीन माह में पूर्ण कर लिया जाएगा। बिल्व कालेश्वर मंदिर का स्थान अपने आसपास की शांति, नदी तट व सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है तथा मंदिर के प्रांगण में निर्मित हुए इस पार्क से इसकी सुंदरता को चार चांद लग गए हैं। (अनंत ज्ञान)

**आयोजन** डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान सभा का जिला संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित

# कांग्रेस ने हमेशा अंबेडकर का किया अपमान: डॉ. हंसराज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर को श्रद्धांजलि करती हुई भाजपा।

जिला भाजपा द्वारा बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर सम्मान सभा जिला संगोष्ठी का जिला स्तरीय कार्यक्रम बसंत रिजॉर्ट में आयोजित हुआ। इसमें मुख्य वक्ता पूर्व विधानसभा के उपाध्यक्ष एवं विधायक डॉ. हंस राज व प्रदेश भाजपा की उपाध्यक्ष पायल वैद्य भी उपस्थित रही।

यह कार्यक्रम जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर की अध्यक्षता में हुआ। इस मौके पर हंस राज ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा अंबेडकर का अपमान ही किया और जब-जब अंबेडकर को सम्मान देने की बात आई, तो कांग्रेस के नेता दूर खड़े दिखाई देते थे, जब डॉ. अंबेडकर की मृत्यु हुई, तो उनके शव को मृत्यु स्थल तक हेलिकॉप्टर मार्ग से ले जाने का बिल कांग्रेस के नेताओं ने उनकी धर्मपत्नी को पकड़ा दिया, इस संकुचित मानसिकता के साथ कांग्रेस के नेताओं ने भीमराव अंबेडकर के विचारों को हमेशा दबाने का प्रयास किया। भाजपा ने हमेशा बाबा साहेब अंबेडकर को सम्मान दिया है।

1990 में भाजपा समर्थित सरकार द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उसी वर्ष अटल बिहारी वाजपेयी के प्रयासों से संसद भवन में बाबा साहेब का चित्र स्थापित किया गया। भाजपा ने पंचतीर्थ का विकास किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने डॉ. अंबेडकर से जुड़े पांच प्रमुख स्थलों को विकसित किया, जिन्हें पंचतीर्थ कहा गया, जिनका नाम जन्म भूमि- महू (मध्यप्रदेश), चैत्य भूमि- मुंबई, जहां उनका अंतिम संस्कार हुआ, शिक्षा भूमि-लंदन में वह स्थान, जहां वे शिक्षा के दौरान रहे, दीक्षा भूमि-नागपुर, जहां उन्होंने बौद्ध धर्म स्वीकार किया और महापरिनिर्वाण भूमि- दिल्ली में उनका निधन स्थल। हंस राज ने बताया कि किस प्रकार से कांग्रेस पार्टी ने संविधान का दुरुपयोग करते हुए देश भर में आपातकाल लगाया और उस समय संविधान की आत्मा ही खत्म कर दी, लाखों लोगों को जेल में डाल दिया गया साथ में कांग्रेस पार्टी ने मीडिया पर भी प्रतिबंध लगा दिया। अनेक बार संविधान में संशोधन कर कांग्रेस पार्टी ने सत्ता का दुरुपयोग किया है। देश में 88 बार अनुच्छेद 356 का प्रयोग करते हुए कांग्रेस पार्टी में सरकार गिराई और हिमाचल प्रदेश की सरकार भी उस समय केंद्र में कांग्रेस पार्टी की सरकार द्वारा गिराई गई थी। इस अवसर पर विधायक इंद्र दत्त लखनपाल, आशीष शर्मा, पूर्व विधायक राजेंद्र राणा, विजय अग्निहोत्री, कमलेश कुमारी, प्रदेश भाजपा सचिव नरेंद्र अत्री, पूर्व महासचिव अजय रिंटू, जिला परिषद चेयरमैन बबली देवी, कार्यक्रम के जिला संयोजक आदर्श कांत, सह संयोजक राजेश सहगल, पूर्व मीडिया प्रभारी विकास शर्मा सहित जिलों के मंडलों के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम शुरू होने से पहले जिला भाजपा इकाई ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मारे गए पर्यटकों के प्रति दो मिनट का मौन रखा व शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की।

## राजस्व विभाग में कार्यरत अंशकालिक कर्मियों की गुहार
# वर्षों की सेवा के बावजूद नहीं मिली दैनिक वेतनभोगी की मान्यता

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

- सात से आठ वर्षों से अधिक की सेवा अवधि कर ली है पूरी

हिमाचल प्रदेश के राजस्व विभाग में वर्षों से सेवा दे रहे अंशकालिक (पार्ट-टाइम) कर्मचारियों को अब तक दैनिक वेतन भोगी का दर्जा न दिए जाने से नाराजगी और निराशा का माहौल है।

इस मुद्दे को उठाते हुए प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं राजस्व अंशकालिक-दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी संघ हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश चौधरी ने राज्य सरकार से न्याय की गुहार लगाई है। अविनाश चौधरी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों बिलासपुर, कुल्लू, हमीरपुर, सिरमौर और लाहौल-स्पीति में राजस्व विभाग में वर्षों से अंशकालिक कर्मचारी के रूप में कार्यरत कर्मचारी अपनी सेवाएं मववार खानों, पटवारखानों और अन्य विभागीय कार्यों में निष्ठा से निभा रहे हैं। इन कर्मचारियों ने सात से आठ वर्षों से अधिक की सेवा अवधि पूरी कर ली है, लेकिन अब तक सरकार ने इन्हें दैनिक वेतन भोगी का दर्जा नहीं दिया है। प्रदेश के कई अन्य जिलों में कार्यरत ऐसे ही कर्मचारियों को पिछले वर्ष ही दैनिक वेतन भोगी बना दिया गया है, जिससे इन जिलों के कर्मचारियों में रोष बढ़ रहा है। 21 मार्च, 2025 को इन कर्मचारियों का एक प्रतिनिधिमंडल विधानसभा सत्र के दौरान सीएम से मिला था। मुख्यमंत्री ने भी इस मुद्दे पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक इस संबंध में कोई अधिसूचना जारी नहीं की गई है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी ने सरकार से मांग की है कि जिन अंशकालिक कर्मचारियों ने अपनी निर्धारित सेवा अवधि पूरी कर ली है, उन्हें तुरंत प्रभाव से दैनिक वेतन भोगी का दर्जा दिया जाए।



## न्यूज ब्रीफ

### पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश के लोगों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल, 2025 को हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। हिमाचल प्रदेश सचिवालय परिसर में उनकी याद में दो मिनट का मौन रखा गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम राज्य सचिवालय और सभी उपायुक्त कार्यालयों में कायरतापूर्ण आतंकी हमले में मारे गए सभी लोगों के सम्मान में मौन रख रहे हैं। शोक संतप्त परिवारों के साथ अपनी संवेदनाएं भी व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि दुख की घड़ी में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। इस अवसर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया, उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक अनुराधा राणा, मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, मुख्यमंत्री के ओएसडी गोपाल शर्मा, हिमाचल प्रदेश सचिवालय के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### मनाली के मॉडल टाउन में आग, फटे तीन सिलेंडर



**अनंत ज्ञान, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली के मॉडल टाउन में आज दोपहर लगभग दो बजे आग लग गई। आग लगने के कुछ ही देर बाद एक-एक करके तीन सिलेंडर फट गए। सिलेंडर फटने से आग बेकाबू हो गई। आग की सूचना मिलते ही शहर में अफरा-तफरी मच गई। आग भवन के चौथी मंजिल में लगी। सिलेंडर फटने की आवाज सुनकर लोग मौके पर पहुंचे लेकिन सिलेंडर फटने के डर से कुछ नहीं कर पाए। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग मनाली की टीम मौके पर पहुंची। सिलेंडर फटने के खतरे को देखते हुए अग्निशमन विभाग को भी सूझ बूझ से काम लेना पड़ा। आग लगने से विक्रम सूद पुत्र स्वर्गीय पवन कुमार सूद वार्ड नं. 6 मॉडल टाउन मनाली को दो लाख का नुकसान हुआ है। पड़ोसी बलवीर जोनी ने जान जोखिम में डाल टिन को हटाया और आग को काबू करने में सराहनीय मदद की। अग्निशमन केंद्र मनाली के प्रभारी शरणपत ने बताया कि उन्हें दो बजकर 10 मिनट में आग लगने की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि 500 मीटर दूरी होने के कारण टीम एक मिनट में घटना स्थल पर पहुंच गई। आग किचन में लगी जिससे किचन में रखे तीन सिलेंडर भी फट गए। सिलेंडर फटने से आग ने एकदम से भयंकर रुप धारण कर लिया। आग लगने से दो लाख का नुकसान हुआ है। अग्निशमन विभाग की टीम ने सूझबूझ से काम करते हुए दो करोड़ की संपति को जलने से बचा लिया है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### धर्मपुर के सैनिक की दिल्ली में हार्ट अटैक से मौत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत लौगनीं के हुकक्ल गांव निवासी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में तैनात सैनिक 34 वर्षीय बंटी कुमार पुत्र पवन कुमार शुक्रवार सुबह दिल्ली में हार्ट अटैक से मौत हो गई। हार्ट अटैक पड़ते ही उनको अस्पताल ले जाया गया और वहां पर उन्हें डॉक्टरों द्वारा धमनियां अवरुद्ध होने के कारण स्टंट डाले गए उसके बाद 2 घंटे बाद फिर उन्हें अटैक पड़ा और उनकी मौत हो गई। बंटी कुमार सोमवार को ही घर से छुट्टी काटकर अपनी ड्यूटी के लिए घर से दिल्ली गए थे। बंटी कुमार के पिता पवन कुमार भी वर्तमान समय में असम राइफल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अचानक मृत्यु पर पूर्व मंत्री ठाकुर महेंद्र सिंह, विधायक चंद्रशेखर, भाजपा नेता रजत ठाकुर, बंदना गुलेरिया,पंचायत के पूर्व प्रधान देशराज, उपप्रधान पृथ्वी सिंह आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है और शोक संपत परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट की है।

# ...तो अब पीडब्ल्यूडी के मल्टीटास्क वर्कर्स बेचेंगे शराब, विरोध शुरू

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**




धर्मपुर लोक निर्माण मंडल के तहत कार्यरत 22 मल्टीटास्क वर्करों को सुक्खू सरकार ने शराब की बिक्री के लिए तैनात करने के आदेश जारी कर दिए हैं, जिनमें उपमंडल टिहरा के 12 और मढ़ी के दस मजदूर हैं। जिन्हें एक्सएन धर्मपुर ने पिछले कल जारी आदेशों में शराब बेचने के लिए तैनात कर दिया है और एसडीओ और जेई को इन्हें जल्दी रिलीव करने के लिए कहा गया है। जिसका सभी वर्करों और मजदूर यूनियन सीटू ने कड़ा विरोध किया है।

सीटू जिला प्रधान व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने कहा कि सुखू सरकार बड़े अजीबोगरीब फैसले ले रही है। इस साल प्रदेश भर में 260 के लगभग शराब की दुकानों की नीलामी सरकार की गलत नीति और मुख्यमंत्री की हठधर्मिता के कारण नहीं हो पाई है, जिससे अभी तक करोड़ो रुपए का नुकसान हो चुका है। हर तीसरे दिन नए नए फरमान जारी किए जा रहे हैं और अब पीडब्ल्यूडी विभाग के वर्करों को शराब बेचने के लिए तैनात कर दिया गया है जो सेवा शर्तों के विपरीत है।

विभाग में लगाए गए मल्टीटास्क वर्करों को सड़क निर्माण कार्य के लिए भर्ती किया गया था और अब उससे शराब बिकवाया जाएगा, जिनको धर्मपुर मंडल से भी बाहर भेजने के लिए आदेश जारी हुए हैं।

#### विभाग और सरकार से फैसले को रद्द करने की मांग

**विभाग** में कार्य करने के लिए सुबह 9 से 5 बजे तक काम करना होता है , लेकिन शराब की दुकानों के खुला रहने का समय तो 12 घंटे से भी ज्यादा होता है। भुपेंद्र सिंह ने विभाग व सरकार से इस फैसले को तुरंत रद्द करने की मांग की है और यदि ऐसा नहीं किया गया तो सीटू इन मज़दूरों के साथ मिलकर सड़कों पर उतरकर विरोध करेगी।उन्होंने इस बारे स्थानीय विधायक से भी स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है कि क्या ये सब उनकी सहमति से हुआ है या नहीं।

### पिकअप से अवैध शराब की 100 पेटी बरामद



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

भराड़ी थाना पुलिस ने अवैध रूप से पिकअप जीप में ले जाई जा रही देसी शराब की 100 पेटियों को पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने वाहन में सवार चार व्यक्तियों को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना भराड़ी के प्रभारी अनूप कुमार अपनी टीम के साथ थाना के बाहर नाका लगाकर चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान एक पिकअप जीप दधोल से लदरौर की ओर जा रही थी। पुलिस ने जांच के लिए जीप को रोका। जब पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो उसमें भारी मात्रा में शराब पाई गई। जीप में करीब 100 पेटियां देसी संतरा ब्रांड की शराब लदी हुई थी। आरोपियों इस संबंधी कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके, जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शराब को अपने कब्जे में ले लिया। शराब की अनुमानित कीमत लगभग तीन लाख रुपए बताई जा रही है। डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# सहकारी क्षेत्र आर्थिकी सुदृढ़ीकरण का मजबूत आधार : मुकेश अग्निहोत्री

**अनंत ज्ञान, सोलन**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि सहकारी क्षेत्र आर्थिकी सुदृढ़ीकरण और सामाजिक सशक्तिकरण का मजबूत आधार है। मुकेश अग्निहोत्री आज यहां 1.85 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित श्री लक्ष्मी सिंह व्यवसायिक परिसर का लोकार्पण करने के उपरांत जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उपमुख्यमंत्री की अगुवाई में दो मिनट का मौन रखकर पहलगाम में 22 अप्रैल को एक कायरतापूर्ण हमले में मृत दिवंगत आत्माओं को भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित की गई और आत्मिक शांति के लिए परमात्मा से प्रार्थना की गई।

उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ने इससे पूर्व प्राचीन दुर्गा माता मंदिर में पूजा अर्चना कर सभी की सुख, समृद्धि व खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि हमलावरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के लिए कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार के साथ है। हमारा देश किसी भी चुनौती से




सीमित के सदस्य उपमुख्यमंत्री अग्निहोत्री को चेक भेंट करते हुए।

#### कहा-पहलगाम हमलावरों के विरुद्ध हो कड़ी कार्रवाई

निपटने के लिए पूर्ण रूप से सक्षम है। उन्होंने आशा जताई कि केंद्र सरकार शीघ्र ही आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करेगी।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सहकारी समितियों का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है तथा लगभग एक हजार से अधिक सहकारी समितियों को कम्प्यूटरीकृत कर दिया गया है शेष का कार्य प्रगति पर है। शीघ्र प्रदेश की सभी सहकारी समितियां ऑनलाइन होगी। उन्होंने सभी से सहकारी समितियों को सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन देश भर में सबसे पहले हिमाचल प्रदेश में आरंभ किया गया था।

ऊना जिला के निवासी हीरा सिंह द्वारा भारत की पहली सहकारी सोसायटी आरंभ की गई थी। उन्होंने कहा कि हिमाचल की पहचान शॉल व टोपी को विश्व में प्रसिद्धि दिलवाने वाला भुट्टिकों ब्रांड भी सहकारी क्षेत्र की देन है।

#### युवाओं को मिलेगा रोजगार : शांडिल

**स्वास्थ्य** एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने सहकारी विपणन एवं वितरण संघ के सदस्यों को व्यवसायिक परिसर के निर्माण के लिए बधाई दी। यह व्यवसायिक परिसर संघ के लिए आय का साधन बनेगा साथ ही युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध करवाएगा। सोलन जिला में बेमौसमी सब्जियों के उत्पादन और प्रसंस्करण इकाई के अतिरिक्त स्थानीय कच्चे माल पर आधारित लघु उद्योग सहकारी क्षेत्र में अच्छा कार्य कर सकते है। इस अवसर पर सहकारी विपणन एवं वितरण संघ सीमित सोलन द्वारा उपमुख्यमंत्री को मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 1.51 लाख रुपए का चैक तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री को रोगी कल्याण समिति सोलन के लिए 1.21 लाख रुपए का चैक भेंट किया गया।

## कृषि क्षेत्र में नवीन तकनीक का उपयोग महत्वपूर्ण : चंद्र



प्रो. चंद्र कुमार कृषि क्षेत्र के विकास में रिमोट सेंसिंग आधारित बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान, देहरादून में कृषि अधिकारियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में कृषि क्षेत्र में नवीन तकनीक का उपयोग बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि रिमोट सेंसिंग तकनीक के माध्यम से मौसम के साथ-साथ अन्य जानकारियां भी प्राप्त कर सकते हैं। इसके माध्यम से विभिन्न प्रकार की समस्याओं का दक्षतापूर्वक समाधान सुनिश्चित किया जा सकता है।

कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अनेक नवोन्मेषी पहल की हैं। हिम कृषि योजना आरंभ की गई है, जिसके तहत विभिन्न क्लस्टरों में गतिविधियां आरंभ की गई हैं। किसानों के उत्थान के लिए 154 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

#### प्राकृतिक खेती को बढ़ावा

**चंद्र** ने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक खेती के माध्यम से उगाई गई कच्ची हल्दी के लिए 90 रुपए प्रतिकिलो समर्थन मूल्य घोषित किया है।

#### किसानों और बागवानों को लाभ

**संस्थान** द्वारा आयोजित किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों का किसानों और बागवानों को लाभ प्राप्त होता है। प्रदेश के कृषि अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर के प्रशिक्षण के लिए इस संस्थान में भेजा जाएगा।

#### अधिकारियों को प्रशिक्षण

**इस** संस्थान में प्रदेश के 25 कृषि अधिकारियों के लिए 21 से 26 अप्रैल तक छह दिवसीय रिमोट सेंसिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। संस्थान के निदेशक आरपी सिंह तथा कृषि निदेशक कुमुद सिंह उपस्थित थीं।

### दुश्मनों को मिलेगा मुंहतोड़ जवाब : अनुराग

**अनंत ज्ञान, शिमला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांस अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि आतंकवाद व नक्सलवाद के खिलाफ मोदी सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस की रही है और हमारी सरकार को भारत के दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देना आता है।



अनुराग ठाकुर ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सरकार के गठन के समय से ही आतंकवाद के खिलाफ मोदी सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस की रही है।

मोदी जी ने पूरी दुनिया को संदेश दिया कि भारत धरती के हर कोने में आतंकीयों का पीछा कर हर आतंकवादी और उसके समर्थकों को पहचानकर उन्हें ढूंढेगा और सजा देगा। पहलगाम हमले के दूसरे दिन मोदी जी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पाकिस्तान को सबक सिखाया।

## शिमला में 2 मंजिला मकान राख मालिक ने कूदकर बचाई जान

**अनंत ज्ञान, रामपुर**

शिमला जिला में रामपुर की नरैण पंचायत के करशोली गांव में गुरुवार रात एक मकान में आग लग गई। इससे दो मंजिला मकान जलकर खाक हो गया। आग की यह घटना रात करीब 2:30 बजे की बताई जा रही है। स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंच गया है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। सूचना के अनुसार, आग लगने के वक्त मकान मालिक विजय सिंह घर पर अकेले थे और सो रहे थे।



खिड़की से आग की लपटें देखते ही उन्होंने भागकर दूसरी मंजिल से छलांग लगाई, क्योंकि घर से बाहर आने के रास्ते में आग पूरी तरह फैल चुकी थी। बताया जा रहा है कि घर के दूसरे सदस्य रिश्तेदारी में गए हुए थे। इससे बड़ा जानी नुकसान भी हो सकता था।

#### 10 लाख से ज्यादा के नुकसान का अनुमान

आसपास के लोगों को जब पता चला तो लोगों ने इसे बुझाने की कोशिश की। मकान में आग तेजी से फैली और इस पर काबू नहीं पाया जा सका। इस घटना में 10 लाख रुपए से ज्यादा के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि अभी नुकसान की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है। पंचायत उपप्रधान अविनाश कायथ ने घटना की सूचना तकलेच पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

### केंद्र का पाकिस्तान पर बड़ा एक्शन : कश्यप

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने कहा की पहलगाम में आतंकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है, उससे पूरा देश व्यथित है, सभी देशवासी दुखी है। उन्होंने कहा की जिन लोगों का अभी इलाज चल रहा है, वे जल्द स्वस्थ हों, इसके लिए भी केंद्र सरकार भी निरंतर प्रयास कर रही है।



आतंकी हमले में किसी ने अपने बेटा खोया, किसी ने अपना भाई खोया, किसी ने अपना जीवनसाथी खोया है। कश्यप ने कहा था कि भारत सोया नहीं है और जब भी भाजपा की सरकार केंद्र में आई है तब से भारत आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ बड़ा एक्शन लेते हुए कड़ा कदम उठाया है।


## पाताल से भी खोज कर मिट्टी में मिलाए जाएंगे आतंकी : जयराम

**अनंत ज्ञान, शिमला**



प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ठियोग के खनार में आयोजित राज्य स्तरीय ठोडा मेला मुख्यातिथि के तौर पर शामिल हुए। मेले में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पहलगाम में जिन लोगों ने देश के निर्दोष लोगों की हत्या की है, वह लोग चाहे पाताल में भी छुपे होंगे तो भी उन्हें मिट्टी में मिला दिया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जिस तरह की बर्बरता निहत्थे लोगों के साथ की गई है, धर्म पूछ-पूछ कर उन्हें मारा गया है यह किसी भी मनुष्य का काम नहीं हो सकता है। ऐसे लोग मानवता के अपराधी हैं।

जयराम ने कहा कि ठोडा हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय खेलों में से एक है। जो प्रदेश भर में कई जगह पर उत्साह के साथ खेला जाता है। इस खेल का इतिहास सदियों पुराना है। इस पारंपरिक और साहसिक खेल की मोहक पोशाक युद्ध के सामान जैसे तलवार, डांगरू, खुखरी और परंपरागत वाद्य यंत्रों का लोक संगीत एक तरफ जहां इस खेल की सभ्यता को बढ़ाते हैं। उन्होंने इस खेल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए आयोजक मंडल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम प्रयास करेंगे कि इस खेल को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिले। इस मौके पर शिमला शहरी के सांसद सुरेश कश्यप और विधायक बलवीर वर्मा समेत अन्य मौजूद थे।




## खुशखबरी

### शिमला में प्रसार भारती ने लॉन्च किया ओटीटी प्लेटफार्म वेव्स

# अब नए कंटेंट क्रिएटर्स को मिलेगा मंच

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

भारत के सार्वजनिक सेवा प्रसारक, प्रसार भारती ने डिजिटल स्ट्रीमिंग सेवाओं की दुनियां में ओटीटी, ओवर-द-टॉप प्लेटफार्म के क्षेत्र में कदम रखा है। प्रसार भारती द्वारा हाल ही में लॉन्च किए गए ओटीटी प्लेटफार्म वेव्स पर उपभोक्ता लाइव टीवी से लेकर ऑन डिमांड वीडियोज तक कुछ भी देख सकते हैं। ये ओटीटी एंड्रॉयड और आईओएस दोनों ही प्लेटफार्म पर उपलब्ध है।

प्रसार भारती का ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स ऐसा इकलौता प्लेटफार्म है, जहां लोगों का रेट्रो और मॉडर्न डिजिटल ट्रेंड दोनों ही एक साथ देखने को मिलेंगे। इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर हिंदी और अंग्रेजी के अलावा बंगाली, मराठी, कन्नड़, मलयालम, तेलगु, तमिल, गुजराती, पंजाबी और असमिया सहित 12 से अधिक भाषाओं में कंटेंट मिलेगा। इसके अलावा लोग 10 अलग-अलग जॉनर के कंटेंट का आनंद भी उठा सकेंगे।



आकाशवाणी और दूरदर्शन के क्लस्टर हेड पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए।

आकाशवाणी व दूरदर्शन द्वारा शिमला में हिमाचल प्रदेश आकाशवाणी व दूरदर्शन के कलस्टर हैड व उपमहानिदेशक कश्मीर सिंह ने ये जानकारी दी।

ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स पर ऑन डिमांड वीडियो के अलावा फ्री-टू-प्ले गेमिंग, 65 लाइव चैनल, लाइव टीवी स्ट्रीमिंग, रेडियो स्ट्रीमिंग, ऐप इंटीग्रेशन और ओएनडीसी के जरिए ऑनलाइन शॉपिंग सुविधा भी मिलेगी। ये प्लेटफॉर्म युवा कंटेंट क्रिएटर्ज को आगे बढ़ने का मौका देगा। वेव्स ऐप, ऐप्पल ऐप स्टोर और गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। (अनंत ज्ञान)

#### कई तरह की ऑन डिमांड सामग्री उपलब्ध

**लाइव** चैनलों के अलावा वेव्स में फिल्मों, गेम्स और लाइव इवेंट के लिए समर्पित सेक्शन सहित कई तरह की ऑन डिमांड सामग्री भी उपलब्ध है। इस मौके पर आकाशवाणी शिमला के कार्यक्रम प्रमुख अनिल वर्मा ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म को विभिन्न प्लेटफार्मों पर डाउनलोड करने और इसके पहलुओं पर जानकारी दी।

#### वेव्स परिवार के अनुकूल मनोरंजन प्रदान करेगा

**कश्मीर** सिंह ने बताया कि वेव्स को परिवार के अनुकूल मनोरंजन, शिक्षा और खरीददारी के लिए वन स्टॉप हब के रूप में डिजाइन किया गया है। उन्होंने बताया कि ये प्लेटफॉर्म भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के प्रदर्शित करते हुए परिवारों, बच्चों और युवाओं के लिए स्वच्छ कटेंट प्रदान कर रहा है।

#### बड़े चैनलों के अलावा 38 लाइव चैनल रहेंगे उपलब्ध

**इस** प्लेटफार्म पर वी फॉर यू, एसएबीग्रुप और 9 एक्स मीडिया जैसे मनोरंजन नेटवर्क सहित 38 लाइव चैनल उपलब्ध हैं, इनमें न्यूज़ चैनल भी शामिल हैं। उप-महानिदेशक ने बताया ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स पर दूरदर्शन और आकाशवाणी के सभी चैनल भी उपलब्ध हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### खेतों में घास जलाते समय सावधानी बरतें

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** गर्मियों के मौसम में वन खंड डाडासीबा के भिन्न-भिन्न जंगलों में आग की घटनाएं घटना आम बात हो गई है। बेशकीमती वन संपदा जलकर नष्ट हो जाती है, तो वहीं बेजुबान जानवर भी आग की भेंट चढ़ जाते हैं। ये घटनाएं कहीं न कहीं मनुष्यों की भूल का ही नतीजा होती हैं तो कहीं जानबूझकर भी कुछ लोग जंगलों को आग के हवाले कर देते हैं। डाडासीबा वन परिक्षेत्र अधिकारी राजेश कुमार ने मीडिया के माध्यम से एक तो किसानों से अपील की है कि वह जंगलों के साथ लगती अपनी निजी भूमि में घासनियां जलाते समय पूरी सावधानी बरतें तो वहीं लोगों से भी अपील की है कि वे भी जंगली क्षेत्र से गुजरते समय जलती हुई माचिस की तीली न फेंके। जंगलों में आग की घटनाओं पर नजर रखने के लिए विभाग ने हर बीट में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई हुई है। उन्होंने लोगों से यह भी अपील की है कि वे अगर कहीं भी आग की घटना की जानकारी रखते हैं तो तुरंत स्थानीय पंचायत पुलिस, वन विभाग या अग्निशमन विभाग को सूचित करें। इस तरह से आग घटनाओं से समय रहते काबू पाया जा सकता है।

### विहिप ने इंदौरा में फूंका पाकिस्तान का पुतला

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** विधानसभा क्षेत्र इंदौरा में विश्व हिंदू परिषद व सनातनी संस्थाओं ने पहलगाम में आतंकियों द्वारा हिंदू समुदाय को निशाना बनाकर 28 पर्यटकों को मार दिया गया। इस जघंन्य कृत्य के खिलाफ इंदौरा व्यापार मंडल द्वारा पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए व पाकिस्तान का पुतला जला कर रोष व्यक्त किया गया। उन्होंने अपील की केंद्र सरकार को इस पर गहरा संज्ञान लेना चाहिए व इस कृत्य को अंजाम देने वालो को भी इसी तरह मौत के घाट उतारना चाहिए। इस अवसर पर संपूर्ण इंदौरा बाजार बंद रखा गया। इस मौके पर करण वीर, संजीव बेदी, सुनील दत्त राजीव विशिष्ट, जयदीप राना अभिमन्यु कुंवर, दिनेश पांडे बलबीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

### ज्वालामुखी में की पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए हिंदुओं के विरोध में भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को ज्वालामुखी में जोरदार रोष प्रदर्शन किया। यह रैली भाजपा कार्यालय भाटी बोहन से आरंभ होकर मुख्य बस स्टैंड तक निकाली गई, जिसका नेतृत्व पूर्व मंत्री रविंद्र सिंह रवि, भाजपा देहरा संगठनात्मक जिला अध्यक्ष अजय खट्टा, भाजपा ज्वालामुखी मंडल अध्यक्ष सरोज कुमारी, भाजपा खुंडिया मंडल अध्यक्ष संजय राणा, राम स्वरूप शास्त्री, विजय मेहता सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया। रैली में शामिल लोगों ने पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मंदिर मार्ग पर पाकिस्तान का पुतला जलाया। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के गगनभेदी नारे लगाए। पूर्व मंत्री रविंद्र सिंह रवि ने इस मौके पर कहा यह नृशंस हमला निंदनीय है। आतंकियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए।ष् इस दौरान हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की आत्मा की शांति के लिए सभी ने दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना भी की। करीब 100 से 120 भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग इस रैली में शामिल रहे। पुतला दहन के बाद रैली पुनः नारे लगाते हुए बस स्टैंड से वापिस भाजपा कार्यालय भाटी बोहन तक गई। भाजपा नेताओं ने कहा कि पाकिस्तान की इस हरकत का कड़ा जबाव दिया जाएगा। अंतकवादियों को अब जड़ से खत्म किया जाएगा।

### आस्तीन में छिपे सांपों का फन कुचलना जरूरी

**अनंत ज्ञान, देहरा।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आंतकी हमले के विरोध में देहरा में जेहादी मानसिकता व आतंकवाद का पुतला दहन किया गया ओर उस हमले में प्राण गंवाने वाले हिंदुओं के लिए श्रंद्धाजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहिद भुवनेश डोगरा स्मारक पर देहरा के समस्त हिंदू समाज ने एकत्रित होकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। ओर रोष प्रदर्शन की शुरुआत की। इस दौरान सेंट्रल युनिवर्सिटी से कश्मीर मामलों के जानकार श्रीमान अजय जी ने लोगों को विषय बिंदु पर विस्तार से जानकारी दी। ओर कड़े शब्दों में इस कुकृत्य की भर्त्सना की उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सिंधु जल समझौता रद्द करना व पाकिस्तान के साथ तमाम राजनायिक संबंध खत्म करना स्वागत योग्य है वहीं सह प्रांत सत्संग प्रमुख पवन बजरंगी अपने उद्बोधन में कहा कि आस्तीन में छिपे सांपों का फन कुचलना अति जरूरी है। सख्ती से निपटना होगा।

# शतरंज में हिमाचल ओवरऑल चैंपियन

## योग में केरल की महिला टीम ने हासिल किए सबसे ज्यादा गोल्ड मेडल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला के सिंथैटिक ट्रैक स्टेडियम में चल रही 7वीं नेशनल मास्टर गेम्स के पांचवें दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें चेस, योग, टेबल टेनिस और जूडो प्रमुख रहे। योग स्पर्धा में विशेष आकर्षण का केंद्र केरल और असम के प्रतिभागी रहे, जिन्होंने अपनी प्रतिभा दिखाई। शतरंज प्रतियोगिता में हिमाचल की टीम ने सबसे अधिक पदक जीतकर ओवरऑल का खिताब जीता। वहीं, योग प्रतियोगिता में 30 वर्ष से लेकर 75 वर्ष तक की आयु वर्ग के महिला और पुरुष प्रतिभागियों ने भाग लिया। कुल 42 प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन किया। इसमें विशेष बात यह रही कि केरल के योग स्कूलों से करीब 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 25 महिलाएं विशेष समुदाय से थीं। इन महिलाओं ने योग में भाग लेकर गर्व महसूस किया और समाज को सकारात्मक संदेश भी दिया। प्रतियोगिता में असम की मोमिता ने बेहतर प्रदर्शन करके सबका मन मोह लिया। केरल की जरीना ने भी अपने खूबसूरत प्रदर्शन से दर्शकों का मन मोह लिया। योग में सबसे ज्यादा गोल्ड मेडल केरल की महिला टीम में प्राप्त किए जबकि दूसरे नंबर पर असम की टीम रही। इसके अलावा योगासन प्रतियोगिता में महिला वर्ग की 55 प्लस आयु वर्ग कैटागरी में केरल की जरीना ने स्वर्ण, बसंथा ने रजत और इंदुलेखा ने कांस्य पदक जीता। 50 प्लस आयु वर्ग में भी केरल की ऊषा नायर ने स्वर्ण, विजी जॉन ने रजत और नसीम ने कांस्य पदक जीता। 45 प्लस आयु वर्ग में असम की मोनिका ने स्वर्ण, केरल की सुनीता ने रजत पदक जीता। 40 प्लस आयु वर्ग में केरल की सिमथा ने स्वर्ण और प्रासीथा ने रजत पदक जीता।



धर्मशाला में 7वीं नेशनल मास्टर गेम्स के पांचवें दिन योग करतीं विभिन्न प्रतिभागी।

### बास्केटबाल में हरियाणा विजेता

**पुरुष** की बास्केटबाल प्रतियोगिता के 30 प्लस आयु वर्ग में हरियाणा की टीम विजेता और हिमाचल की टीम उपविजेता रही, जबकि महिला वर्ग में महाराष्ट्र विजेता और हरियाणा की टीम उपविजेता रही। 35 प्लस आयु वर्ग में जम्मू की पुरुष टीम विजेता और केरल की टीम उपविजेता रही। महिला वर्ग में महाराष्ट्र विजेता और हिमाचल की टीम उपविजेता रही। 40 प्लस आयु वर्ग के पुरुष वर्ग में केरल विजेता और जेएंडके उपविजेता रही। जबकि महिला वर्ग में जम्मू कश्मीर की टीम विजेता रही। पुरुष 45 प्लस आयु वर्ग में हरियाणा विजेता और केरल की टीम उपविजेता रही। जबकि महिला वर्ग में असम की टीम ने स्वर्ण पदक जीता। 50 प्लस में पंजाब के पुरुषों की टीम विजेता और हरियाणा की टीम उपविजेता रही। जबकि महिला वर्ग में महाराष्ट्र की टीम विजेता रही।

# जलवायु परिवर्तन पैदा कर रहा बहुआयामी खतरे : प्रो. बंसल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

संपोषणीयता आज एक विकल्प नहीं है। यह एक आवश्यकता है चूंकि जलवायु परिवर्तन बहुआयामी खतरे पैदा कर रहा है इसलिए हमारी सबसे बड़ी ताकत ज्ञान, नवाचार और सहयोगात्मक कार्रवाई के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाने में निहित है। ये विचार प्रो. एसपी बंसल ने नेशनल डोंग ह्वा यूनिवर्सिटी, ताइवान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मलेन में बतौर मुख्य अतिथि प्रस्तुत किए।

अपने प्रभावशाली व्यख्यान में प्रो. बंसल ने राष्ट्रीय विकास एजेंडा में अनुकूलन क्षमता और समुदाय-आधारित पुनर्स्थापन क्षमता को एकीकृत करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने परिवर्तन के उत्प्रेरक के रूप में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका की ओर इशारा किया और कहा कि विश्वविद्यालयों को अनुसंधान और सामाजिक जिम्मेदारी दोनों के साथ आगे बढ़ने का समय आ गया है। प्रोफेसर बंसल ने आगे बोलते हुए कहा कि बदलती दुनिया में पुनर्स्थापन क्षमता एक विलासिता नहीं बल्कि समय की मांग है। भारत के पास युवा और तकनीक-सक्षम आबादी होने के कारण जनसांख्यिकीय रूप से सशक्त होने का लाभ है। कार्यनीतिक स्वायत्तता में भारत आत्मनिर्भरता आंदोलनों के माध्यम से नेतृत्व कर रहा है। भारत की शक्ति इसके विविधीकरण और विकेंद्रीकरण में निहित है। ताइवान भारत के बृहद सामुदायिक भागीदारी, सांस्कृतिक बहुलतावाद, लोकतांत्रिक सुदृढ़ता, तकनीकी मितव्ययिता, जमीनी स्तर पर शासन में नवाचारों आदि के क्षेत्र में भारत से समन्वय स्थापित कर सकता है। प्रो. बंसल ने व्यावहारिक समाधानों को बढ़ावा देने में एसीआरएस-2025 जैसी सीमा-पार साझेदारी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयास समावेशी तथा स्थानीय और वैश्विक रूप से प्रासंगिक हैं। सम्मलेन के उद्घाटन सत्र में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एसपी बंसल मुख्य अतिथि के रूप में अपना वक्तव्य दिया।

# पुलिस ने सुलझाई महिला की मौत की गुत्थी, प्रेमी सहित 3 गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

जिला कांगड़ा के पालमपुर में महिला की मौत के मामले को पालमपुर पुलिस ने एक सप्ताह में सुलझा लिया। इस हत्या मामले में पुलिस ने महिला के प्रेमी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 10 अप्रैल को पालमपुर के पास गलू लंघा के जंगल में एक प्रवासी महिला की लाश मिली थी। महिला की पहचान पिंकी देवी पत्नी दिनेश तुरी के रूप में हुई थी।

महिला थाना नावाडीह पैंक वोकार झारखंड की रहने वाली थी और पालमपुर के भवारना में मजदूरी करती थी। शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला था कि महिला के सिर पर किसी भारी चीज से वार किया गया है। पुलिस ने अपनी जांच आगे बढ़ाई तो बिहार के चंपारण के मोंटू कुमार (28), दिल्ली से उसकी सास के मकान से गिरफ्तार किया। पुलिस रिमांड में दो और लोगों के नाम बताए, जिसमें पुलिस ने बिहार मधुबनी के छोटे लाल (28) और मोती लाल (40) को राजपुर टांडा से गिरफ्तार किया। आरोपियों ने पुलिस रिमांड के दौरान खुलासा करते हुए बताया कि पिंकी के मोंटू कुमार के साथ अवैध संबंध थे और वह उस पर शादी करने तथा रुपए देने का दबाव बना रही थी। इसी बात से परेशान होकर 10 अप्रैल को मोंटू पिंकी को अपनी बाइक पर बंदला लेकर गया और फिर लोहे की रॉड से पिंकी के सिर पर वार कर उसे मौत के घाट उतारकर शव को जंगल में फेंक दिया था।

# इच्छी का युवक 8.67 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** पुलिस ने वीरवार रात कांगड़ा के साथ लगते इच्छी गांव के 27 वर्षीय युवक को हेरोइन के साथ पकड़ने में सफलता हासिल की जानकरी देते हुए डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने बताया की उक्त युवक की पहचान अविनाश सैनी के रूप मे की गयी हैं। उन्होंने बताया की आरोपी को कल रात मटोर पुल के पास शमशानघाट से गिरफ्तार 8.67 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा गया है। उन्होंने बताया की आरोपी नशे में था और उसके पास फोईल पेपर के साथ एक सिरिंज भी जब्त की गई हैं। उन्होंने बताया कि उसके मोबइल फोन और स्कूटी को भी पुलिस हिरासत में ले लिया गया हैं और आरोपी के फोन का भी विस्तृत अवलोकन किया जा रहा हैं, जो निश्चित रूप से नशीली दवाओं के सेवन और इनकी तस्करी में शामिल कुछ और संदीघदों के नाम सामने लाएगा उगोने बताया की आरोपी को आज स्थानीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां उसे तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस की यह कार्रवाई तब जारी रहेगी, जब तक इन अवैध नशे के कारोबारियों को जड़ से नहीं उखाड़ा जाता।

# राशन उपभोक्ताओं की सौ फीसदी ई-केवाईसी करवाने के लिए चलेगा विशेष अभियान : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला में राशन कार्ड उपभोक्ताओं की शत-प्रतिशत ई-केवाईसी सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है, ताकि कोई भी पात्र उपभोक्ता सस्ते राशन की सुविधा से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 97 प्रतिशत उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी पूर्ण हो चुकी है। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि डिपो संचालकों के सहयोग से जल्द से जल्द इन उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण की जाए। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी नहीं होने के कारण कुछ उपभोक्ताओं के राशन कार्ड भी ब्लाक हुए हैं वे भी शीघ्र डिपो संचालकों या लोकमित्र केंद्रों में जाकर ई-केवाईसी करवा सकते हैं इसके साथ ही मोबाइल ऐप भी यह सुविधा उपलब्ध है। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत सस्ते राशन की दुकानों में खाद्यान्नो की गुणवता पर भी कडी निगरानी रखने तथा नियमित निरीक्षण भी करें।

**वंचित उपभोक्ता डिपो संचालकों लोक मित्र केंद्रों में करें संपर्क**

उन्होंने कहा कि समय पर सस्ते राशन की दुकानों पर खाद्य वस्तुएं उपलब्ध करवाने के लिए उचित कदम उठाए जाएं ताकि उपभोक्ताओं को किसी भी तरह से दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े। उपायुक्त ने कहा कि पोलिथीन के प्रयोग को लेकर भी नियमित तौर पर दुकानों की चेकिंग की जाए ताकि किसी भी स्तर पर पोलिथीन का उपयोग नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि पॉलिथीन का प्रयोग करने वाले दुकानदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि खाद्यान्न वस्तुओं की दुकानों पर रेट लिस्ट प्रदर्शित करना जरूरी है इस के लिए भी खाद्य आपूर्ति विभाग नियमित तौर पर रेट लिस्ट चेक करने के लिए कारगर कदम उठाएं।






# ठंडे क्षेत्रों में भी होगी कीवी की पैदावार

### नौणी यूनिवर्सिटी ने एक्टिनीडिया कैलोसा वार स्ट्रीगीलोसा वैरायटी खोजी

हिमाचल प्रदेश समेत देश के ठंडे क्षेत्रों में अब कीवी की पैदावार की जा सकती है। ऐसे में यह प्रदेश के युवाओं के लिए भी आमदनी का जरिया बन सकती है। जरूरत है तो इस फल को उगाने की तकनीक और जरूरी उपाए करने की। सोलन स्थित नौणी यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक कुछ वर्षा के कीवी उत्पादन की संभावनाओं को लेकर शोध कर रहे हैं। डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के शोधकर्ताओं ने सिक्किम के लाचेन क्षेत्र में कीवी (एक्टिनीडिया कैलोसा वार स्ट्रीगीलोसा) की एक ऐसी प्रजाति ढूंढी है, जो 2,800 मीटर की ऊंचाई पर उगाई जा सकेगी। अभी तक केवल 800 से 1500 मीटर की ऊंचाई तक ही कीवी फल की पैदावार हो पा रही है। वैज्ञानिकों का दावा है कि कीवी की यह जंगली प्रजाति लुप्त होने के कगार है। वैज्ञानिकों ने कीवी के जर्मप्लाज्म को संरक्षित करके इस पर शोध शुरू कर दिया गया है। अगर शोध सफल होता है तो देश के पूर्वोत्तर क्षेत्रों में कीवी सेब की तरह लोगों की आर्थिकी मजबूत बनाएगा।



प्रस्तुतिः आर मोहन चौहान, सोलन

### 2800 मीटर तक की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी होगी पैदावार

**नौणी** विवि के क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र मशोबरा के सह निदेशक डॉ. दिनेश सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में विवि के पीएचडी शोधार्थी अभिलाष प्रधान ने पूर्वोत्तर भारत में प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले जंगली कीवी फल को ढूंढा है। भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण के नौणी स्थित हाई एल्टीट्यूड वेस्टर्न हिमालयन रीजनल सेंटर के वैज्ञानिक डॉ. कुमार अंबरीष ने इसकी टैक्सोनोमिक पहचान की पुष्टि की है। विवि के अनुसंधान निदेशक डॉ. संजीव चौहान ने बताया कि जंगली प्रजाति मिलने से कीवी की खेती का विस्तार 2800 मीटर तक की ऊंचाई तक हो सकता है। इसका उपयोग ठंड प्रतिरोधी व्यावसायिक किस्मों को विकसित करने के लिए आनुवंशिक स्रोत के रूप में किया जा सकता है।

### कीवी के लाभ

**वैज्ञानिकों** के अनुसार कीवी उच्च फाइबर युक्त है। कीवी फल में मौजूद उच्च विटामिन सी सामग्री प्रतिरक्षा प्रणाली के स्वास्थ्य का समर्थन करती है, संक्रमण से बचाने में मदद करती है और घाव भरने में सहायता करती है। कीवी फल में मौजूद पोटेशियम रक्तचाप को नियंत्रित करने और हृदय संबंधी कार्य को बनाए रखने में मदद करता है, जिससे हृदय रोग का खतरा कम हो जाता है। कीवी फल में एक्टिनिडिन जैसे एंजाइम होते हैं, जो प्रोटीन को तोड़ने और पाचन में सुधार करने में सहायता करते हैं।

> **शोधकर्ताओं** को शीत क्षेत्रों में तैयार होने वाली कीवी की प्रजाति मिली है। इसकी अभी तक कोई व्यावसायिक खेती नहीं हुई है। कीवी फ्रूट का प्रजनन पर प्रयोग किया जाएगा, ताकि लुप्त हो रही प्रजाति को संरक्षित कर इसे खेती में उपयोग किया जा सके।
>
> **-प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल, कुलपति नौणी यूनिवर्सिटी।**

# हरी मिर्च की खेती से किसान होंगे मालामाल

- कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर ने तैयार की तीन नई किस्में
- रोग प्रतिरोधक क्षमता और खाने में तीखे स्वाद से भरपूर

**कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर हिमाचल प्रदेश के किसानों को अब हरी मिर्च मालामाल करेगी। हरी मिर्च में न तो सड़न रोग लगेगा और न ही इस मिर्च का पौधा मुरझाएगा। कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में मिर्च पर शोध कर तीन नई किस्में तैयार की हैं। रोग प्रतिरोधक क्षमता और खाने में तीखे स्वाद से भरपूर इन मिर्चों की विवि ने अलग-अलग किस्में तैयार की हैं। कृषि विवि की ओर से तैयार की गई इन संकर किस्मों का अनुमोदन राज्य स्तरीय कृषि अधिकारी कार्यशाला में किया जा चुका है। इनकी व्यावसायिक खेती करने के लिए इनका प्रारूप राज्य वेरिएंटल विमोचन समिति को भेज दिया है, जो जल्द ही किसानों के खेतों तक पहुंच जाएंगी। विवि का इसे प्रदेश के किसानों की आर्थिकी मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है, लेकिन हरी मिर्च के सफल उत्पादन में फल सड़न और जीवाणु मुरझान रोग मुख्य चुनौती है। प्रदेश के मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में इस रोग की अधिक समस्या रहती है, लेकिन अब इस रोग की प्रतिरोधी किस्में विकसित करने में प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय ने एक बड़ी सफलता हासिल की है।**



### शोध में मिर्च का उत्पादन भी बढ़ा

**कृषि** विवि पालमपुर के कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने बताया कि तैयार की गई इन तीन किस्मों में प्रदेश के किसानों की आर्थिकी में काफी सुधार होगा। शोध में मिर्च का उत्पादन भी बढ़ा है। इसमें हिम पालम मिर्च हाईब्रिड-1 की उपज क्षमता 220-265 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। हिम पालम मिर्च हाईब्रिड-2 की उपज क्षमता 275-325 क्विंटल प्रति हेक्टेयर व तीसरी हिम पालम मिर्च हाईब्रिड-3 के औसत उपज क्षमता 275-350 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। विवि की ओर से अपने शोध में तैयार की गई इन तीन किस्म की मिर्च के पौधों में सड़न रोग की समस्या नहीं आएगी।

### ये हैं नई किस्में

**कृषि** विवि ने पहली बार आनुवंशिक नर बांझपन प्रणाली का प्रयोग करके मिर्च की तीन संकर किस्में हिम पालम मिर्च हाईब्रिड-1, हिम पालम मिर्च हाईब्रिड-2 एवं हिम पालम मिर्च हाईब्रिड-3, विकसित की हैं जो न सिर्फ जीवाणु मुरझान रोग प्रतिरोधी हैं, बल्कि कई विशेषताओं से सुसज्जित हैं। विवि की इन तीन किस्मों में ऊपर की ओर लगने वाले हिम पालम मिर्च हाईब्रिड-1 किस्म मूसलाधार बारिशवाले क्षेत्रों में खेती के लिए उपयुक्त है। हल्के हरे रंग की हिम पालम मिर्च हाईब्रिड-2 व तीसरी किस्म हिम पालम मिर्च हाईब्रिड-3 गहरे हरे रंग की है। यह खाने में तीखी होती हैं।

प्रस्तुतिः संजय अग्रवाल, धर्मशाला

# खीरे की खेती से किसान कर सकते हैं अच्छी कमाई

**खीरे** की खेती देश के लगभग सभी राज्यों में की जाती है। इसकी खेती से किसान पूरे साल अच्छा मुनाफा पा सकते हैं। गर्मियों में खीरे की बाजार में काफी मांग रहती है। किसान इसकी खेती खरीफ, रबी और जायद तीनों सीजन में कर सकते हैं। इसलिए कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि किसान खीरे की खेती करके अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। अगर किसान इसकी खेती सही योजना से करें तो इसकी फसल से अधिकतम उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। इसका प्रयोग प्रतिदिन आहार में किया जा सकता है।



**गर्मियों में बाजार में भारी मांग सलाद के रूप में होता है इस्तेमाल**

### बहुत जल्दी तैयार होने वाली फसल है खीरा

**किसान** भाई खीरे की बुवाई करने से पहले उन्हें रोगों से बचाने के लिए उपचारित करना चाहिए। अच्छा उत्पादन लेने के लिए 20-25 टन गोबर की सड़ी हुई खाद प्रति हेक्टेयर के हिसाब से डालनी चाहिए। कृषि वैज्ञानिकों की सलाह के मुताबिक रासायनिक खाद का इस्तेमाल करें। खीरा बहुत जल्दी तैयार होने वाली फसल है। इसकी बुवाई के दो महीने बाद ही इसमें फल लगना चालू हो जाता है।

### खीरे के लिए कैसी होनी चाहिए मिट्टी

**खीरे** की बुवाई फरवरी-मार्च के महीने में की जाती है। वैसे तो खीरे को रेतीली दोमट व भारी मिट्टी में भी उगाया जा सकता है, लेकिन इसकी खेती के लिए अच्छे जल निकास वाली बलुई एवं दोमट मिट्टी में अच्छी रहती है। कृषि वैज्ञानिक किसानों को उन फसलों को उगाने पर जोर देना चाहिए, जिनमें रिस्क कम और मुनाफा ज्यादा हो। खीरा ऐसी ही एक फसल है, जिसमें किसान भाई अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं।

### कब करें फसल की निराई और गुड़ाई

**खीरे** के पौधे जब जमीन से बाहर निकल आते हैं तो खेत में खुरपी या हो के द्वारा खरपतवार निकालते रहना चाहिए। ग्रीष्मकालीन फसल में 15-20 दिन के अंतर पर 2-3 निराई-गुड़ाई करनी चाहिए तथा वर्षाकालीन फसल में 15-20 के अंतर पर 4-5 बार निराई-गुड़ाई की आवश्यकता पड़ती है। वर्षाकालीन फसल के लिए जड़ों में मिट्टी चढ़ा देना चाहिए। इसकी बेल को सहारे की जरूरत होती है।

## न्यूज ब्रीफ

### शाहपुर की पंचायतों ने जताया विधायक का आभार

अनंत ज्ञान, शाहपुर। विकास खंड रैत में आयोजित कार्यक्रम में शाहपुर विधानसभा क्षेत्र की पंचायतों के प्रधानों एवं उपप्रधानों ने विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने टेंडर प्रक्रिया में आ रही समस्याओं को उठाया। श्री पठानिया ने बताया कि यह मुद्दा उन्होंने मुख्यमंत्री सहित उच्च अधिकारियों के समक्ष रखा, जिस पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए टेंडर प्रक्रिया को पूर्व की भांति ब्लॉक स्तर पर संचालित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री महोदय ने उन्हें आश्वस्त किया है कि संबंधित विभाग को जल्द अधिसूचना जारी करने के निर्देश दिए हैं, जिससे पंचायतों को निर्माण कार्यों में देरी न हो। इस निर्णय के लिए पंचायत प्रतिनिधियों ने विधायक पठानिया की सराहना की और उनके जनहितकारी प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत में पहलगाम की घटना में मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि स्वरूप दो मिनट का मौन भी रखा गया।

### गलू-भोडा-शिवनगर सड़क आज से बंद

अनंत ज्ञान, डरोह। हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग उपमंडल भवारना के सहायक अभियंता इंजीनियर प्यार सिंह ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि गलू-भोडा शिवनगर सड़क किलोमीटर 0/00 से 12/025 के अपग्रेडेशन का कार्य प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत चल रहा है तथा उक्त सड़क पर टारिंग बिछाने का कार्य करवाया जाना है। उक्त सड़क को 26 अप्रैल से 10 मई तक सभी प्रकार के छोटे बड़े वाहनों के आवागमन हेतु अवरुद्ध रखा जाएगा, ताकि टारिंग बिछाने का कार्य सुचारु रूप से चल सके और सड़क को किसी भी प्रकार के नुकसान से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि वाहनों के आवागमन हेतु लोग वैकल्पिक मार्ग का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### एक्सईएन से की पेयजल न आने की शिकायत

अनंत ज्ञान, डरोह। ग्राम पंचायत रड़ू गदियाड़ा के गांव जमूला तहसील धीरा के अमर सिंह ने जल शक्ति विभाग थुरल के एक्सईएन को पत्र लिखकर बताया है कि उनके घर जमूला में फरवरी महीने से उनके नल से जल नहीं आ रहा है। कारण है पाइपों का बंद होना। बाकी सभी के नलों से नियमित पानी आ रहा है, मगर अमर सिंह के नल से पानी नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि गांववालों को इतना पानी मिल रहा है कि वे उस पानी से सिंचाई तक कर रहे हैं। उन्होंने जल शक्ति विभाग थुरल के एक्सईएन से अनुरोध किया है कि कृपया मेरी पानी की समस्या का हल किया जाए, ताकि मुझे सुचारु रूप से पानी मिल सके। इस बाबत एक्सईएन से पूछने पर उन्होंने बताया कि वह एसओजेई से बात करके अमर सिंह जमूला निवासी की पानी की समस्या को शीघ्र अतिशीघ्र हल करवा दिया जाएगा।

### पंचरुखी रेलवे स्टेशन का होगा सौंदर्यीकरण

अनंत ज्ञान, पंचरुखी। पठानकोट -जोगिंदरनगर रेल मार्ग पर महत्वपूर्ण स्टेशन पंचरुखी की दशा सुधारने की मांग पर विभाग हरकत में आया व सबसे पुराने रेलवे स्टेशन का सुधार किया गया। पंचरुखी रेलवे स्टेशन उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल के कांगड़ा घाटी नैरो गेज में स्थित है। यह रेलखंड 164 किलोमीटर लंबी है, जो हिमालय क्षेत्र के सुरम्य एवं मनमोहक वादियों के बीच से गुजरती है। यह रेलखंड 1929 में चालू हुई थी। यात्रियों को बेहतर सुविधा देने हेतु पंचरुखी रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण किया गया है। स्टेशन भवन की रंगाई, सफेदी और मरम्मत का काम किया गया है जो स्टेशन को खूबसूरत आकृति प्रदान करती है। नया शौचालय ब्लॉक उपलब्ध कराया गया है। यात्रियों के बैठने के लिए नई बेंचें लगाई गई हैं। छज्जा को सहारा देने के लिए पुराने लकड़ी के खंभों को हटाकर एमएस ट्यूबलर के साथ बदला गया है जो छज्जों मजबूती प्रदान करेंगे। बाजार की ओर से यात्रियों के निर्बाध प्रवेश हेतु प्लेटफॉर्म से पुराने कबाड़ को हटाकर साफ.-सुथरा बनाया गया। पंचरुखी के दुकानदारों द्वारा कचरा फेंकने से रोकने के लिए स्टाफ के किनारे बाड़ लगाई गई है। बाजार समितियों और ग्राम पंचायत दुकानदारों द्वारा कचरा फेंकने से रोकने हेतु एसडीएमपालमपुर को अवगत कराया गया है। रेलवे स्टेशन में प्रवेश के लिए लेवल क्रॉसिंग और पंचरुखी बाजार की तरफ से प्लेटफॉर्म की दीवार को हटाकर प्रवेश दे दी गई है।

## इंदौरा में बोले हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप धीमान

# अनुसूचित जाति के हितों की रक्षा आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता

**वंचित वर्गों के साथ अन्याय या अत्याचार बर्दाश्त नहीं होगा**

**काठगढ़ भूमि विवाद में प्रशासन को दिए आवश्यक निर्देश**

अनंत ज्ञान, इंदौरा

हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप धीमान ने कहा है कि आयोग राज्य के अनुसूचित जाति एवं वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा उनके साथ किसी भी प्रकार का अन्याय या अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अन्याय करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं संवेदनशीलता के साथ किया जा रहा है। आयोग का प्रयास है कि अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित समस्याओं का समाधान मौके पर ही सुनिश्चित किया जाए। यह बात धीमान ने आज उपमंडल इंदौरा के काठगढ़ क्षेत्र में दो पक्षों के मध्य चल रहे भूमि विवाद तथा अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित पक्ष पर कथित बार-बार हुए हमलों की गंभीरता को देखते हुए आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान कही। यह बैठक एसडीएम कार्यालय इंदौरा में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान ने की, जिसमें आयोग के सदस्य अधिवक्ता विजय डोगरा, अधिवक्ता दिग्विजय मल्होत्रा, सदस्य सचिव विनय मोदी उपस्थित रहे।

आयोग के अध्यक्ष ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति वर्ग के पक्ष पर किए गए जानलेवा हमलों की निष्पक्ष जांच की जाए तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने जमीनी विवाद पर दोनों पक्षों की बातें ध्यानपूर्वक सुनने के उपरांत एसडीएम की अध्यक्षता में एक जांच समिति गठित करने के निर्देश दिए, जिसमें तहसीलदार एवं डीएसपी भी शामिल रहेंगे। यह समिति मौके पर जाकर राजस्व अभिलेखों के आधार पर दोनों पक्षों को आवंटित भूमि उन्हें दिखाएगी तथा एक सप्ताह के भीतर आयोग को रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

इस अवसर पर आयोग अध्यक्ष सहित उपस्थित सदस्यों ने संबंधित स्थल का दौरा कर मौके की वस्तुस्थिति का निरीक्षण भी किया। आयोग अध्यक्ष ने राजस्व विभाग के अधिकारियों की ढुलमुल कार्यप्रणाली पर गंभीर संज्ञान लेते हुए भूमि विवाद के त्वरित एवं न्यायसंगत समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

## एबीवीपी ने कृषि विवि में निकाला कैंडल मार्च

अनंत ज्ञान, पालमपुर। कृषि विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए एक कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इस शांतिपूर्ण मार्च में छात्रों ने देश की एकता और शहीदों को श्रद्धांजलि देने हेतु मोमबत्तियां जलाकर अपना विरोध दर्ज किया। इकाई अध्यक्ष शैफाली ठाकुर ने कहा कि यह आतंकी हमला केवल हिंदुओं पर नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र पर हमला था। यह देश की एकता, अखंडता और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के विरुद्ध एक घिनौनी साजिश थी। इस हमले में आतंकियों ने सुनियोजित रूप से निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया, जिससे 26 लोगों की जान चली गई। इस हमले की गंभीरता को देखते हुए केवल आतंकवादियों पर ही नहीं, बल्कि उन सभी लोगों पर भी कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए जिन्होंने इस हमले में किसी भी प्रकार से सहयोग किया।

## सालगिरह मुबारक



खाल (सलेटी) के शिव कुमार और राधा रानी को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।


## बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।


## राजेश रॉकी ने दी मृतकों को श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान, पालमपुर। पहलगाम में हुए पर्यटकों पर आतंकी हमले की निंदा करते हुए कांग्रेस नेता राजेश रॉकी ने कहा कि यह आतंकवादी हमला एक बुजदिली का काम है आतंकी इतने कायर हो चुके हैं कि उन्होंने निहत्थे पर्यटकों को अपना निशाना बनाया। राजेश रॉकी ने कहा कि इस समय पूरा देश आतंकवादियों की इस कायराना हरकत का मुंह तोड़ जवाब चाहता है। केंद्र सरकार में विपक्ष भी आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में सरकार के साथ है। रॉकी ने कहा कि जब से श्रीनगर में हालात कुछ सामान्य हुए हैं पिछले पांच वर्षों में आतंकवादियों द्वारा किया गया यह सबसे बड़ा हमला है और इससे दुश्मन देश की मंशा साफ़ नजर आ रही है, जिसका केंद्र सरकार को कड़ा जवाब देना ही पड़ेगा। राजेश राकी ने कहा कि 2014 से लेकर 2025 तक देश में अनेक आतंकी हमले हुए लेकिन केंद्र की सरकार आतंकी हमलों को रोकने में नाकाम रही पुलवामा की घटना के जख्म अभी भी हरे हैं। उस वक्त भी कुछ राज्यों में चुनाव होने वाले थे, अभी बिहार और कुछ राज्यों में चुनाव होने वाले हैं ऐसे में ये घटना होना क्या चुनावी लाभ के लिए तो नहीं थी।

## आतंकी हमले में मारे गए लोगों की स्मृति में रखा दो मिनट का मौन

# हम शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़े: डीसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

उपायुक्त कार्यालय परिसर में अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उनकी याद में दो मिनट का मौन रखा गया। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने शोक संतप्त परिवारों के साथ अपनी संवेदनाएं भी व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में हम उनके साथ खड़े है। इस अवसर पर एसीटूडीसी सुभाष गौतम, एसडीएम मोहित रत्न सहित उपायुक्त कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। बता दें कि कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों के ऊपर हुए आतंकी हमले से देशभर में गुस्सा है। हर कोई दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग कर रहा है।



आतंकी हमले में मारे गए लोगों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखते अधिकारी।

## हमले के विरोध में थुरल में निकाली रोष रैली

अनंत ज्ञान, डरोह। पर्यटकों पर पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में शुक्रवार को थुरल बाजार में रोष रैली निकाली गई व इस हमले में मारे गए सैलानियों की दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा दो मिनट का मौन रखा गया। इसके तुरंत बाद बाजार में आक्रोश रैली निकाली गई व इस रैली को थुरल बाजार पूर्ण रूप से बंद रखा गया। सभी लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगा कर पाकिस्तान का पुतला जलाया गया। इस आक्रोश रैली में पूर्व सैनिक कल्याण समिति थुरल के सभी सदस्य, नजदीकी पंचायतों के प्रधान व उपप्रधान, महिला मोर्चा थुरल, एकल विद्यालय के सदस्य, स्थानीय हिन्दू संगठनों व थुरल बाजार कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

## आतंकी हमले को लेकर केंद्रीय तिब्बती प्रशासन ने की विशेष प्रार्थना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मैक्लोडगंज

केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (सीटीए) द्वारा मैक्लोडगंज स्थित सिक्योंग हॉल में पहलगाम में हुए आतंकी घटना को लेकर एक विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई। यह प्रार्थना सभा जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए दुखद आतंकवादी हमले के बाद पीड़ितों को सम्मानित करने और उनके परिवारों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए आयोजित की गई थी, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई और 17 लोग घायल हो गए। प्रार्थना समारोह में, कैबिनेट सचिव त्सेगयाल चुक्या द्वानी ने दुखद घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया, पीड़ितों और उनके परिवारों के लिए हार्दिक प्रार्थनाएँ कीं। केंद्रीय तिब्बती प्रशासन और तिब्बती समुदाय की ओर से, उन्होंने दर्दनाक खबर पर गहरा दुख व्यक्त किया और सभी से एकजुटता के साथ खड़े होने और पीड़ितों के लिए प्रार्थना करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं भारत के लोगों और सरकार के साथ हैं। 17वीं निर्वासित तिब्बती संसद के स्थायी समिति के सदस्य, तथा केन्द्रीय तिब्बती प्रशासन (सीटीए) के सचिव और सिविल सेवक भी इस सभा में मौजूद रहे।

## जयसिंहपुर में निकाला गया कैंडल मार्च

अनंत ज्ञान, पालमपुर। ब्लॉक कांग्रेस जयसिंहपुर ने भी वीरवार को पहलगाम हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए जयसिंहपुर में कैंडल मार्च निकाल कर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी। पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों के साथ जयसिंहपुर बाजार में रैली निकाली। इस कैंडल मार्च में मंत्री यादविंदर गोमा व पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जयसिंहपुर जसवंत डडवाल विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

# टांडा अस्पताल में हालात बद से बदतर

आशीष दमीर, कांगड़ा



डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में हालात बद से बदतर हो गए हैं। हालांकि टांडा अस्पताल प्रशासन द्वारा मरीजों को उच्च स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान किए जाने के बड़े-बड़े दावे किए जाते आ रहे हैं, लेकिन असल में जमीनी स्तर पर हकीकत कुछ और ही है। अस्पताल में स्थित आर्थोपिडिक ओपीडी के अंदर स्थित माइनर ऑपरेशन थियेटर के हालात कुछ इस कदर खराब हैं कि मरीजों के लिए इलाज करवाना तो दूर अंदर जाने से पहले भी कई बार सोचने पर मजबूर होना पड़ता होगा। जिन मरीजों को इस माइनर ऑपरेशन थिएटर में उपचार हेतु लेटाया जाता है, वहां पर बिछाए जाने वाली चादरे कटी-फटी व खून से लथपथ देखी जा सकती हैं। हालांकि इनकी धुलाई के लिए टांडा अस्पताल प्रशासन हर महीने के लाखों के लॉन्ड्री के बिल भर रहा हैं, ऐसे में इस बात को लेकर भी प्रश्न चिन्ह लगना शुरू हो गया है कि आखिर कैसे आंखे बंद कर अस्पताल प्रशासन इन पैसों का दुरुपयोग कर रहा है।

इस संदर्भ में टांडा अस्पताल के ऑर्थोपिडिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर विपिन शर्मा से बात की तो उन्होंने फोन काट दिया। वहीं, अस्पताल के कार्यवाहक एमएस डॉक्टर अशोक वर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि सभी खामियों को जल्द दूर किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## आतंकवाद को सख्ती से कुचले केंद्र सरकार

अनंत ज्ञान, बैजनाथ। स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलदेव राज सूद द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि जेएंडके के पहलगाम के बैसरन इलाके में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों पर किया हमला यह दर्शाता है कि जम्मू-कश्मीर के हालात अभी भी सामान्य नहीं हैं। घाटी में आतंकवाद पुनः हावी हो रहा है, जिसे सख्ती से रोकने की अत्यवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गत 2 वर्षों से मणिपुर जल रहा है, जहां भाजपा की डब्बल ईंजन सरकार है। हिंदुओं के नाम पर सत्तासीन भाजपा सरकार में हिंदू समाज अपने आप को अत्यधिक असुरक्षित अनुभव कर रहा है।

## पुराना कांगड़ा में ओपन जिम का उद्घाटन




कांगड़ा। एवआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा पुराना कांगड़ा के वार्ड नंबर-2 में ओपन जिम का उद्घाटन द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कांगड़ा के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ेगी। पुराना कांगड़ा से मेरा विशेष नाता रहा है और में यहां एचआरटीसी के उपाध्यक्ष या अतिथि के तौर पर नहीं आपका बेटा बनकर आया हूं और सदैव आपकी सेवा में जो भी संभव हो पाएगा, मैं उसे करूंगा। इन्होंने वार्ड 2 में धार्मिक बनवाने की भी घोषणा की। इसके साथ साथ सोलर लाइट्स लगाने की व्यवस्था की। इस आयोजन में नगर परिषद की अध्यक्षा रेणु शर्मा, पूर्व अध्यक्षा सुमन वर्मा, पूर्व अध्यक्ष अशोक शर्मा, उपाध्यक्षा राजकुमारी, मणिनीत पार्षद वर्णा शर्मा और अनिल शर्मा नीलू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## पहलगाम में हुए हमले के विरोध में किया प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, डरोह। संभाग उत्तर हिमाचल भाग पालमपुर अंचल पालमपुर एकल अभियान द्वारा जम्मू -कश्मीर के पहलगाम में हिंदुओं पर हुए हमले पर रोष प्रदर्शन किया गया। इसमें अंचल पालमपुर के 10 संचों में रोष प्रदर्शन हुआ। सच बैजनाथ, मारंडा, परौर, डरोह, थुरल, धीरा, पंचरुखी, खैरा, बनुरी, कंडबाड़ी इन सभी संचों में यह कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम सुबह 10 से लेकर शाम 6 बजे तक चला। इसमें एकल अभियान के सभी कार्यकर्ता एवं समिति और आचार्य ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सड़कों पर नारे लगाकर और पुतले जलाकर प्रदर्शन किया। पहलगाम में जो लोग शहीद हुए हैं उनकी आत्मा की शांति के लिए 5 मिनट का मौन भी रखा गया। सभी ने केंद्र की मोदी सरकार से दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की।

# रोग से लड़ने के लिए मानसिक मजबूती जरूरी: डॉ. संदीप

अनंत ज्ञान, कांगड़ा

एसएम आई अस्पताल के निदेशक व चीफ आई सर्जन डॉ. संदीप महाजन ने बताया कि घुरकड़ी स्थित एसएम आई अस्पताल के सभागार में एआईसी ई हेल्थ प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के सौजन्य से नेत्र विशेषज्ञों की सतत चिकित्सा शिक्षा का सफल आयोजन किया गया। इस सीएमई में एसएम आई अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनीषा महाजन व नेत्र विशेषज्ञों में डॉ. गीतांजलि सूद, डॉ. कुमारी मुग्धा, डॉ. अदिति प्राशर व ऑफ्थैल्मिक ऑफिसर अमिताभछावरा, प्रणव डडवाल, निशांत सिंह, अंजू मोंगरा व दयाल सिंह उपस्थित रहे। डॉ. संदीप महाजन ने बताया इस सीएमई में जिला कांगड़ा के नामी डॉक्टरों ने भी भाग लिया, जिन्होंने अपनी योग्यता व अनुभव के आधार पर जिला कांगड़ा में चिकित्सा क्षेत्र में अपनी बहुमूल्य सेवाएं दी है। इनमें मुख्य रूप से नेत्र विशेषज्ञ डॉ सत्य बंधु सूद, मेडिकल कॉलेज टांडा के नेत्र विभागीय अध्यक्ष डॉ. गौरव शर्मा व सहायक प्रोफेसर डॉ. एसके शर्मा, बालाजी अस्पताल के डॉ रत्न शर्मा तथा कपिला अस्पताल पालमपुर के मालिक डॉ समीर कपिला ने भी भाग लिया। डॉ. संदीप महाजन ने अपने विचार साझा करते हुए बताया कि इस सीएमई का मुख्य उद्देश्य चिकित्सा पद्धति में रोगी और चिकित्सक के बीच में उपचार का व्यवहारिक स्तर कैसा होना चाहिए। उपचार की प्रबंधन प्रणाली कैसी होनी चाहिए जिससे कि एक रोगी के प्रति डॉक्टर व अस्पताल के अन्य सदस्यों का व्यवहारिक कर्तव्य जागरूकतापूर्ण व संवेदनशील व शालीनता भरा होना चाहिए, ताकि रोगी को मनोवैज्ञानिक तौर पर रोगी को सहारा मिल सके और रोग से लड़ने की मानसिक व शारीरिक क्षमता में वृद्धि हो सके। सतत चिकित्सा शिक्षा के समापन में जिला कांगड़ा के नामी व अनुभवी डॉक्टर डॉ वी पी महाजन ने मुख्य रूप से शिरकत की अपने अनुभवी व जागरूकता भरे विचारों को सभी विशेषज्ञों के सामने साझा किया। उन्होंने भी इस कथन पर प्रकाश डाला कि रोगी को रोग से लड़ने के लिए मनोवैज्ञानिक, मानसिक व शारीरिक क्षमता को बढ़ाना बड़ा जरूरी होता है यदि रोगी को मात्र दवाई देकर उसके रोग को बताकर उसका उपचार किया जाएगा तो उसके मन में रोग के स्तर की संतुष्टि नहीं हो सकती और दवाई और उपचार का स्तर गिरने लगेगा।

## बैजनाथ में निकाला कैंडल मार्च

अनंत ज्ञान, बैजनाथ। एनएसयूआई और युवा कांग्रेस बैजनाथ ने साथ मिलकर पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और बैजनाथ बाजार से चौबीन चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया, पाकिस्तान मुर्दाबाद और भारत माता की जय से गूंजा बैजनाथ बाजार कार्यक्रम की अगुवाई एनएसयूआई प्रदेश महासचिव कार्तिक राणा और युवा कांग्रेस बैजनाथ अध्यक्ष अतुल चौधरी की अध्यक्षता में हुई।

## सदवां के देवांश का विज्ञान मॉडल प्रदेशभर में सर्वश्रेष्ठ



होनहार छात्र देवांश को सम्मानित करते सदवां स्कूल के शिक्षक।

अनंत ज्ञान, नूरपुर

शूलिनी विश्वविद्यालय सोलन में राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सदवां के देवांश और काव्य ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शूलिनी विश्वविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2024-25 में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सदमा के छात्र देवांश और काव्य ने उल्लेखनीय प्रदर्शन कर सभी का दिल जीत लिया। इस प्रदर्शनी में देवांश ने अपने विज्ञान मॉडल के माध्यम से प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं काव्य ने भाषण प्रतियोगिता में प्रदेशभर में तीसरा स्थान प्राप्त किया। देवांश के मॉडल को जजों के द्वारा उसकी उत्कृष्ट प्रस्तुति,नवाचार एवं उपयोगिता के आधार पर सर्वश्रेष्ठ चुना गया। काव्य ने अपने विचारों की गहराई व आत्मविश्वास से सभी जजों तथा श्रोताओं का दिल जीत लिया। इन दोनों छात्रों का मार्गदर्शन स्कूल के फिजिक्स लेक्चर कुलजीत सिंह तथा बायो लेक्चर शेफाली महाजन ने किया। प्रधानाचार्य चंचला देवी जी ने भरपूर सहयोग व मार्गदर्शन से इन बच्चों का हौसला बढ़ाया तथा उनकी सफलता पर छात्रों व उनके गाइड टीचर्स को बधाई दी। इस उपलब्धि पर विद्यालय, अभिभावकों व क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।

# विशाखा चौधरी डाढ की ही नहीं बल्कि हम सब की बेटी: सुदेश

अनंत ज्ञान, पालमपुर



विशाखा चौधरी के इलाज के लिए आर्थिक मदद देते सुदेश शर्मा।

पालमपुर विधानसभा सभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत डाढ की निवासी 24 वर्षीय विशाखा चौधरी कोई राजेंद्र चौधरी या डाढ की ही नहीं, बल्कि हम सब की बेटी है। यह बात पालमपुर कोर्ट के सुप्रसिद्ध अधिवक्ता एडवोकेट सुदेश शर्मा ने समाजसेवा में समर्पित इंसाफ संस्था के अध्यक्ष एवं पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीण कुमार से कही। उल्लेखनीय है कि विशाखा चौधरी की दोनों किडनियां फेल हो चुकी हैं। विशाखा चौधरी के पिता राजेंद्र चौधरी मेहनत मजदूरी करते हैं। इनकी दो ही बेटियां हैं। होनहार विशाखा चौधरी का कुशलक्षेम पूछने गये इंसाफ संस्था के अध्यक्ष एवं पालमपुर के पूर्व विधायक ने इस विषय को बड़ी प्रमुखता से उठाया था। अब पालमपुर के अधिवक्ता एडवोकेट सुदेश शर्मा ने इंसाफ संस्था के माध्यम से ग्यारह हजार रुपए की सहायता करके अन्य लोगों से जब तक विशाखा चौधरी के लिए गुर्दा प्रत्यारोपण की व्यवस्था नहीं हो जाती, सभी अपना-अपना सामाजिक धर्म निभाकर एक-एक महीने के उपचार के लिए विशाखा की मदद करें।

जायजा

## आईआईटी मंडी की विशेषज्ञ टीम ने किया ऐतिहासिक मंदिर बैजनाथ का दौरा

# आधुनिक तरीके से रोका जाएगा भू-स्खलन

जितेंद्र कौशल, बैजनाथ

लगातार हो रहे भू-स्खलन की वजह से ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ के अस्तित्व पर खतरे के बादल मंडराने आरंभ हो गए हैं। इसके लिए जिलाधीश कांगड़ा हेमराज बैरवा ने कड़ा संज्ञान लेते हुए इसके बचाव के लिए आधुनिक विधि को अपनाने का निर्णय लिया है। जिलाधीश कांगड़ा के निर्देश अनुसार शुक्रवार को आईआईटी मंडी से प्रोफेसर डॉक्टर उदय तथा उनकी टीम भू-स्खलन वाली जगह का दौरा कर व्यापक निरीक्षण किया आईआईटी मंडी की टीम भूस्खलन के कारणों और समाधान के संबंध में डीसी कांगड़ा के समक्ष अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। डॉ. उदय का कहना था कि इस भूस्खलन के बचाव के लिए सबसे बड़ी जरूरत है यह है कि यहां पर भारी मात्रा में पानी ना गिरे। इसके साथ-साथ इसके बचाव के लिए दो विधि अपनाई जा सकती हैं पहली विधि के अनुसार फाइबर तथा सीमेंट के साथ इस पहाड़ी को सुरक्षित किया जाए वहीं पर दूसरी विधि बहुत उपयोगी है, जिससे कि मंदिर की सुंदरता को भी चार चांद लग सकते हैं। इस विधि के अनुसार पहले इस पहाड़ी पर ग्रीन मैस लगाई जाएगी उसके बाद जूट की मैट लगाई जाएगी जिसमें बीज भी रोपित कर दिए जाएंगे, इसके बाद बड़ी कीलों की मदद से जाली लगाई जाएगी थोड़े समय बाद जिस जगह पर यह विधि अपनाई गई है वह पूरा इलाका हरा भरा नजर आएगा जिसका अपना एक अलग ही नेचुरल आकर्षक होगा। उन्होंने बताया कि जिस तरह से यह पहाड़ी क्षेत्र अपनी हरियाली के लिए विश्व पटल पर विख्यात है इस पर दूसरी वाली विधि ही अपनी जानी चाहिए। इसके लिए तीन से चार हजार प्रति वर्ग मीटर दर से खर्च आता है। मंडी आईआईटी के असिस्टेंट प्रो. उदय ने बताया कि उन्होंने पूरे स्थान का निरीक्षण कर दिया है अब जिलाधीश कांगड़ा के साथ विचार विमर्श करके अंतिम निर्णय पर पहुंचेंगे की कौन सी विधि टिकाऊ और उपयोगी रहेगी। इस मौके पर उपमंडल अधिकारी बैजनाथ देवी सिंह ठाकुर, तहसीलदार बैजनाथ रमन ठाकुर, मंदिर ट्रस्टी मिलाप राणा, मंदिर ट्रस्टी रमेश, मुकेश शर्मा, संजीव, चुन्नी लाल भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ का दौरा करती विशेषज्ञ टीम।

## न्यूज ब्रीफ

### यशवंत तेजटा और हुक्म कांग्रेस में शामिल

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** जुब्बल क्षेत्र की ग्राम पंचायत पराली के खड़ापत्थर से संबंध रखने वाले व वन विभाग से वन खंड अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त यशवंत तेजटा व शलावकरा गांव से संबंध रखने वाले व वन विभाग से अधीक्षक ग्रेड-वन के पद से सेवानिवृत्त हुक्म शर्मा ने परिवार सहित कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने यशवंत तेजटा व हुक्म शर्मा को पार्टी का पटका पहनाकर कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल नावर कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने यशवंत तेजटा व हुक्म शर्मा को विश्वास दिलाया कि पार्टी में उन्हें पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। यशवंत तेजटा व हुक्म शर्मा ने पूरी सक्रियता के साथ कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करने की इच्छा व्यक्त की। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता विनोद शर्मा भी मौजूद रहे।

### आतंकी हमले में मारे लोगों के लिए रखा मौन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन सभागार में जिला प्रशासन शिमला द्वारा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की आत्मा की शांति के लिए शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा। उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। शोक सभा में अतिरिक्त उपायुक्त शिमला अभिषेक वर्मा, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी प्रोटोकॉल ज्योति राणा सहित उपायुक्त कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

### कैंडल मार्च निकालकर मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में व्यापार मंडल और नगर पंचायत नेरवा के आह्वान पर वीरवार शाम को सैकड़ों लोगों ने महामाई डुंडी माता मंदिर परिसर में एकत्रित होकर मृतकों को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद बाजार में नेरवा थाना तक शहीदों की आत्मा की शांति के लिए कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान लोगों ने पकिस्तान के खिलाफ जबरदस्त नारेबाजी कर अपनी भड़ास निकाली।

### बीपीएल चयन के लिए 3 सदस्यीय कमेटी गठित

**अनंत ज्ञान,चौपाल/नेरवा।** एसडीएम चौपाल हेमचंद वर्मा ने कहा कि बीपीएल सूची में शामिल होने के लिए पात्र लोग 30 अप्रैल तक पंचायत सचिव के पास आवेदन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस चयन प्रक्रिया के लिए पंचायत स्तर पर 3 सदस्यीय कमेटी का गठन किया जा चुका है। बीपीएल परिवारों का चयन जुलाई माह में होने वाली ग्राम सभा में किया जाएगा। 50 हजार से कम वार्षिक आय वाले इच्छुक परिवार बीपीएल सूची में शामिल होने को पहली से 30 अप्रैल तक आवश्यक घोषणा पत्र के साथ आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक परिवार के मुखिया से सादे कागज पर शपथ एवं घोषणा-पत्र प्राप्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायतों में बीपीएल चयन के लिए पंचायत सचिव, पटवारी और संबंधित वार्ड की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की कमेटियां गठित की गई हैं।

### कर्मचारी विरोधी सिफारिशें न हो लागू: नेगी

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला शिमला की कार्यकारिणी ने एकमत से मांग की है कि सरकार हाल ही में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में गठित रिसोर्स मोबिलाइजेशन कैबिनेट सब कमेटी की सिफारिशों को तत्काल प्रभाव से खारिज करें। इन सिफारिशों में पेंशन के लिए न्यूनतम सेवा अवधि को दस साल से बढ़ाकर पच्चीस साल करना और सेवानिवृति उपरांत मिलने वाली कम्यूटेशन राशि को बंद करना जैसे निर्णय शामिल है। जो सीधे तौर पर कर्मचारियों के हितों पर आघात करते हैं। संघ ने स्पष्ट किया कि ये सिफारिशें न केवल कर्मचारी विरोधी है! बल्कि हिमाचल प्रदेश कर्मचारी नियमावली 1972 के भी प्रतिकूल हैं! जिसके अंतर्गत पहले से ही सेवा शर्तें, पेंशन व अन्य लाभ निर्धारित हैं। इन्हें इस प्रकार से एक तरफा बदलना संवैधानिक प्रक्रिया और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध है। नेगी ने बताया कि आज की स्थिति में सरकारी नौकरी समय पर मिलना ही कठिन हो गया है। नियुक्तियां वर्षों की देरी से हो रही हैं। ऐसे में पच्चीस साल तक नियमित सेवा देना व्यवहारिक नहीं रह गया है। यह सिफारिश उन युवाओं के भविष्य के साथ भी अन्याय है, जो देरी से नियुक्त होकर अल्प सेवा के बाद सेवानिवृत होंगे।

# शिक्षा ऋण को प्राथमिकता दें अग्रणी बैंक : डीसी

## जिला स्तरीय समीक्षा एवं बैंक सलाहकार समिति की बैठक आयोजित, बोले-आत्मनिर्भर व स्वरोजगार को दें बढ़ावा

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**जिला** शिमला अग्रणी बैंकों की जिला स्तरीय समीक्षा एवं बैंक सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन सभागार में किया गया। इसकी अध्यक्षता उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने की।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि जिला के सभी बैंक प्राथमिकता के आधार पर शिक्षा ऋण को स्वीकृति प्रदान करें, ताकि छात्रों को उसका लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि सभी बैंक द्वारा आयोजित किये जाने वाले वित्तीय साक्षरता शिविर में प्रदेश सरकार की शिक्षा के क्षेत्र में महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना की जानकारी लोगों को उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त सभी जागरूकता शिविरों में वित्तीय धोखाधड़ी के बारे में भी लोगों को जागरूक करें। उपायुक्त ने कहा कि बैंकों में सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को अधिक से अधिक लाभ देने के प्रयास किए जाएं। बैंक के माध्यम से गरीब व्यक्ति को सरकार की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जागरूक करने पर जोर दिया जाये। आत्मनिर्भर व स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाले लोगों को प्रोत्साहित करें।

बैठक में विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। बैंकों की क्रेडिट डिपाजिट दर 41.42 फीसदी से बढ़कर 42.57 फीसदी हुई है। इस तिमाही में जमा राशि में 1.18 प्रतिशत की वृद्धि, अग्रिम राशि में 3.99 प्रतिशत की वृद्धि, प्राथमिकता क्षेत्र की अग्रिम राशि में 1.88 प्रतिशत की वृद्धि, कृषि अग्रिम में 1.80 प्रतिशत की वृद्धि, एमएसएमई अग्रिम में 5.80 प्रतिशत की वृद्धि, शिक्षा ऋण में 2.96 प्रतिशत की वृद्धि एवं आवास ऋण में 0.73 प्रतिशत की कटौती दर्ज की गई है। (अनंत ज्ञान)

### वित्तीय धोखाधड़ी के बारे में लोगों को करें जागरूक



### 597 स्वयं सहायता समूहों को दी वित्तीय सहायता

**बैठक** में बताया गया कि 597 स्वयं सहायता समूहों को 17 करोड़ 08 लाख रुपए वित्तीय सहायता मुहैया करवाई गई है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत इस वित्त वर्ष में 31 दिसंबर, 2024 तक शिशु लोन के 1521 मामले, किशोर लोन के 8695 मामले और तरुण लोन के 3390 मामले आए है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तिमाही में 729 वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किए गए हैं।

### हवाई सुरक्षा के लिए उठाएं जरूरी कदम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में शिमला हवाई अड्डा पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि हवाई सुरक्षा हम सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इस दिशा में सभी विभागीय अधिकारियों को एयरपोर्ट अथॉरिटी के साथ समन्वय स्थापित कार्य करने की आवश्यकता है। बैठक में शिमला एयरपोर्ट पर पक्षियों व वन्यजीवों के कारण हवाई जहाजों की उड़ान व लेंडिंग में उत्पन्न होने वाले खतरों पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए हवाई सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समयबद्ध ढंग से जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को शिमला एयरपोर्ट सड़क के रखरखाव एवं चौड़ा करने के लिए उचित दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कचरा संग्रहण के लिए सप्ताह में 2 दिन नगर निगम शिमला की गाडी एयरपोर्ट तक जाएगी। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने वन्यजीवों के लिए एयरपोर्ट के साथ पिंजरे लगाने का आग्रह किया। जिसके लिए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारिओं से बात कर उन्हें स्थापित करने का आश्वासन दिया।

### एफएस निदेशक डॉ. मीनाक्षी ने आयुषी को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** निदेशालय फॉरेंसिक सेवाएं प्रदेश जुन्गा की निदेशक डॉ. मीनाक्षी महाजन ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में एक सादे समारोह में यूपीएससी 2024 की परीक्षा में उल्लेखनीय उपलब्धि पाने के लिए आयुषी ठाकुर को सम्मानित किया गया। बता दें कि आयुषी जुन्गा से सटे गांव भड़ेच से ताल्लुक रखती है। इनके पिता मदन मोहन ठाकुर भड़ेच पंचायत के प्रधान हैं। इन्होंने कहा कि यह गौरव का विषय है कि एक छोटे से गांव भड़ेच से ताल्लुक रखने वाली आयुषी ने यूपीएससी- 2024 की परीक्षा में ऑल इंडिया स्तर पर 325वां रेंक प्राप्त कर राज्य का नाम गौरवान्वित किया है। बता दें कि आयुषी को भारत सरकार की प्रतिष्ठित सेवा भारतीय राजस्व सेवा के लिए चयन किया गया है। डॉ मीनाक्षी ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए विशेष रूप से ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाली आयुषी की दृढ़ संकल्प, लगन और समर्पण की सराहना की।

# खेल मैदान समाला में होगा राज्य स्तरीय रोहड़ू मेला : विजय वर्धन



एसडीएम रोहड़ू विजय वर्धन सारस्वत मेला मैदान रोहड़ू में पत्रकारवार्ता करते हुए(

**दशमी रावत, रोहड़ू**

**एसडीएम** रोहड़ू विजय वर्धन सारस्वत ने मेला मैदान समाला में पत्रकारवार्ता करते हुए बताया कि इस साल राज्य स्तरीय रोहड़ू मेले में व्यवस्था परिवर्तन किया गया है। जिसके अंतर्गत मेले को पहली बार रोहड़ू बाजार से स्थांतरित कर खेल स्टेडियम समाला में लिया गया है।

एसडीएम ने बताया कि 25, 26 व 27 अप्रैल को मेला मैदान में कुश्ती दंगल का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिन में पुरुष व महिला दंगल का आयोजन किया जा रहा है। दंगल में हरियाणा का पहलवान रोहित, दिल्ली का कृष्ण व सुनील पहलवान अपना जौहर दिखाएंगे। वहीं मेला मैदान में रोहड़ू स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा 2, 3 व 4 मई को एंटी ड्रग्स स्पोर्ट्स ड्राईव के तहत खंड स्तरीय बालीवाल व कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसमें छौहारा, जुब्बल व रोहड़ू खंड की पंचायत स्तरीय टीमें भाग लेंगी। वहीं टैक्सी यूनियन रोहड़ू की ओर से बस स्टैंड रोहड़ू व चिड़गांव सड़क पर टैक्सी स्टैंड से मेले के लिए टैक्सी सेवा फ्री उपलब्ध रहेगी। (अनंत ज्ञान)

### सड़कों पर आंदोलन करना तर्कसंगत नहीं: प्रतिभा सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने सड़कों पर आंदोलन करने, सड़क यातायात को बाधित करने पर चिंता जताते हुए प्रशासन से कड़ी सतर्कता बरतने व यातयात को सुचारु रखने को कहा है। उन्होंने कहा है कि सड़क पर यातायात बाधित करने की किसी को कोई भी छूट नही दी जानी चाहिए। प्रतिभा सिंह ने पिछले



कल सोशल मीडिया में छोटा शिमला सचिवालय के समक्ष आंदोलन के चलते यातयात बाधित होने की बजह से छोटे स्कूली बच्चों के उनकी बसों में रोने पर गहरा दु:ख जताते हुए पुलिस प्रशासन से सड़क यातायात को बाधित करने वालो से कड़ाई से पेश होने को कहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी आंदोलन के चलते कही पर भी सड़क यातायात किसी भी प्रकार से बाधित नहीं होना चाहिए।

# सांस्कृतिक विरासत से जुड़े रहें युवा : रोहित

## शिक्षा मंत्री ने जागा माता मंदिर धार में आयोजित पूजन में की शिरकत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के तहत अपनी गृह पंचायत धार के जागा माता मंदिर धार में आयोजित पूजन में पहुंचकर देवी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जागा माता धार उनके गांव की अधिष्ठात्री देवी हैं और इस धार्मिक आयोजन में भाग ले पाने पर वह खुद को भाग्यशाली मानते हैं।

उन्होंने कहा कि हमारी देव परंपराएं हमारी संस्कृति का एक अभिन्न अंग हैं और आज के आधुनिक दौर में यह आवश्यक है कि हम सभी अपनी सांस्कृतिक और धार्मिक परम्पराओं से जुड़े रहें।

रोहित ठाकुर ने स्थानीय लोगों को इस आयोजन पर बधाई दी और विशेषकर युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि हमारी देव संस्कृति हमें एकजुट होकर रहना सिखाती है और आपसी सदभाव व परस्पर प्रेम की भावना इसका एक अभिन्न अंग है। इसलिए युवा अधिक से अधिक अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़े रहें और नशे से हमेशा दूर रहे।

इस अवसर पर उन्होंने 50 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का निरिक्षण भी किया। गौरतलब है कि इस भवन का निर्माण कार्य बहुत ही कम समय में लगभग 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है जिस पर 42 लाख रुपए व्यय हो चुके हैं।



जागा माता धार में आयोजित पूजन में शिरकत करते हुए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

### सामुदायिक भवन के निर्माण को जल्द करें पूरा

**शिक्षा** मंत्री ने सामुदायिक भवन के निर्माण से जुड़े सभी लोगों को शीघ्र से शीघ्र कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने गांव के अन्य विकास कार्यों में भी निरंतर सहयोग देने की बात भी कही। इस अवसर पर धार गांव और आसपास के क्षेत्र से लगभग 800 लोग मौजूद रहे।

# डूगली में एक ही परिवार के छह लोगों पर मधुमक्खियों का हमला

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

उपमंडल घुमारवीं के तहत ग्राम पंचायत हरलोग के गांव डूगली में एक ही परिवार के छह लोगों पर मधुमक्खियों ने हमला कर घायल कर दिया। बताया जा रहा है कि परिवार के सभी सदस्यों को मधुमक्खियों ने सिर, पीठ आदि विभिन्न स्थानों पर काटा है। मधुमक्खियों के हमले के बाद लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। लोगों ने पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। पीड़ितों में चार पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। इनमें तीन वरिष्ठ व दो अधेड़ हैं हैं, जबकि एक युवक है। पीड़ितों की पहचान 64 वर्षीय करतार सिंह ठाकुर, 56 वर्षीय पुष्पा देवी, 68 वर्षीय जगन्नाथ, 59 वर्षीय साल प्रीतम सिंह ठाकुर, 54 वर्षीय कांता देवी व 32 वर्षीय अजय कुमार शामिल है। आशंका जताई जा रही है कि अज्ञात लोगों ने शहद निकालने के लिए मधुमक्खियों के छाते के साथ छेड़छाड़ की होगी, जिसके कारण मधुमक्खियां गुस्से में थी। मिली जानकारी के अनुसार करतार सिंह ठाकुर, जगन्नाथ ठाकुर और प्रीतम सिंह भाई हैं। पुष्पा देवी करतार सिंह ठाकुर की पत्नी है तथा अजय ठाकुर करतार सिंह ठाकुर का बेटा है। कांता ठाकुर प्रीतम सिंह ठाकुर की पत्नी हैं। प्रीतम सिंह ठाकुर के बेटे सुमित ठाकुर का कहना है कि उनका परिवार सुबह सात बजे गेहूं काटने के लिए गए थे तथा करीब एक घंटे के बाद मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। शोर मचाया तो लोग भी मौके पर पहुंच गए और मधुमक्खियों को भगाने के लिए धुआं आदि डाला और निजी वाहनों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुठेड़ा ले गए। बताया जा रहा है कि अब स्थिति में सुधार है। एमओ डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि सुबह एक परिवार के छह सदस्यों को मधुमक्खियों ने काट लिया था। उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। अब स्थिति नियंत्रण में है।



**पीड़ितों में चार पुरुष और दो महिलाएं**

# 'भारत माता की जय' के नारों से गूंजा बिलासपुर

## पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के लगाए नारे, पुतला फूंका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जेएंडके के पहलगाम में हुए कायराना आतंकवादी हमले के विरोध में जिला बिलासपुर के मुस्लिम वर्ग ने जमा मस्जिद के प्रधान हारुन मोहम्मद एवं मुस्लिम आर्गेनाइजेशन के महासचिव मोहम्मद रफी के नेतृत्व में आतंकवाद एवं पाकिस्तान का पुतला फूंका।

जामा मस्जिद के प्रधान हारुन मोहम्मद एवं मुस्लिम आर्गेनाइजेशन के महासचिव मोहम्मद रफी ने कायराना आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवादियों को सजा देने की मांग। जामा मस्जिद के प्रधान हारुन मोहम्मद ने कहा कि आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस दुख की घड़ी में हम सभी पीड़ित परिवारों और देश के साथ सीना तानकर खड़े हैं। मुस्लिम संस्थाओं के पदाधिकारीयों ने कहा कि केंद्र सरकार को इन आतंकवादियों को उनकी भाषा में ही मुंहतोड़ जवाब देना होगा। उन्होंने सभी लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और अमन और शांति बनाए रखने की भी अपील की।



बिलासपुर में आतंकवाद एवं पाकिस्तान का पुतला फूंकते मुस्लिम समुदाय के लोग।

### पहलगाम में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद लिमिटेड पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन घुमारवीं इकाई की एक बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे वरिष्ठ इंजीनियर होशियार सिंह चंदेल द्वारा की गई। सबसे पहले मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। साथ ही हाल ही में दिवंगत सेवानिवृत्त लाइनमैन रोशन लाल के आकस्मिक निधन पर भी शोक प्रकट करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक का मुख्य फोकस पेंशनर्स की लंबित मांगों पर रहा। पेंशनर्स ने वर्ष 2016 से 31 मार्च 2023 तक सेवानिवृत्त कर्मचारियों के रिवाइज्ड पे स्केल की राशि और महंगाई भत्ते की किस्तों की अब तक घोषणा न होने पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि सरकार द्वारा समय पर वित्तीय लाभ न देना पेंशनर्स के साथ अन्याय है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

### पहलगाम में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए निकाला कैंडल मार्च

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम मंगलवार को हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की आत्मा की शांति के लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी घुमारवीं द्वारा वीरवार शाम को कैंडल मार्च निकाला गया। यह मार्च नगर के मुख्य बाजार से होते हुए पुराना बस पंहुचा, जहां महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे। सभी ने मोमबत्तियां जलाकर शांति और एकता का संदेश दिया। इस मौके पर कांग्रेसी नेता तथा एपीएमसी के अध्यक्ष सतपाल वर्धन ने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता और इस तरह की कायराना घटनाएं देश की एकता और अखंडता को कमजोर नहीं कर सकतीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं देश को झकझोर देती हैं, लेकिन देशवासी एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ खड़े हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और उनके साथ इस दुख की घड़ी में मजबूती से खड़े रहने का संकल्प लिया। अंत में सभी ने प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को शांति मिले और देश में हमेशा अमन और चैन बना रहे।

### गणित के छात्रों को दी नेट, सेट की जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर महाविद्यालय के गणित विभाग में स्नातकोत्तर द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए सीएसआईआर/ एसएलईटी पात्रता परीक्षा हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। गणित विभागाध्यक्षा डॉक्टर रितु शर्मा ने बताया कि यह आयोजन महाविद्यालय आईक्यूएसी प्लानिंग सेल के माध्यम से गणित विभाग और रामानुजन मैथेमेटिक्स क्लब द्वारा करवाया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को नेट, सेट के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि आपको एमएससी के प्रथम सत्र से ही नेट, सेट की तैयारी शुरू कर देनी चाहिए ताकि एमएससी की पढ़ाई पूरी होते ही आपका नेट, सेट पास हो जाए। इस सत्र में 52 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### सिक्योरिटी गार्ड के लिए साक्षात्कार आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला रोजगार अधिकारी राजेश मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि एसआईएस सिक्योरिटी, बिलासपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 100 पदों हेतु चयन प्रक्रिया के अंतर्गत कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। यह साक्षात्कार 26 अप्रैल को उपरोजगार कार्यालय घुमारवीं में तथा 30 अप्रैल को उप रोजगार कार्यालय श्री नैना देवी जी में प्रातः 10:30 बजे से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए इच्छुक उम्मीदवारों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं या बारहवीं उत्तीर्ण होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह 16,500 से 21,000 रुपए तक का मानदेय प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, अभ्यर्थियों की न्यूनतम ऊंचाई 168 सेंटीमीटर तथा वजन 54 किलोग्राम निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि 19 से 40 वर्ष की आयु के बीच के पुरुष उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध है। ऐसे सभी पात्र अभ्यर्थी अपने मूल प्रमाण पत्रों सहित निर्धारित तिथि को संबंधित उपरोजगार कार्यालय में पहुंचकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी एसआईएस सिक्योरिटी, बिलासपुर के अधिकारी से मोबाइल नंबर 8558062252 पर संपर्क कर सकते हैं।

### जलापूर्ति योजनाओं के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश जल शक्ति विभाग, घुमारवीं द्वारा रेहन बसेरा घुमारवीं में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी जलापूर्ति के संचालन, रखरखाव और प्रबंधन से जुड़े विभागीय कर्मचारियों को तकनीकी जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यशाला में टेक्निकल और नॉन टेक्निकल प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें फिटर, पैरा पंप ऑपरेटर एवं बहुउद्देशीय श्रमिक शामिल थे। इन कर्मचारियों को जलापूर्ति योजनाओं की संरचना, कार्य प्रणाली और उनकी जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पेयजल योजना, उठाऊ जल योजना तथा अन्य योजनाओं के संचालन से जुड़ी बारीकियों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान मल्टी पैरामीटर परीक्षण यंत्रों की सहायता से पानी की गुणवत्ता की जांच पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों को टर्बिडिटी, पीएच, कुल कठोरता, क्लोराइड, अवशिष्ट क्लोरीन, आयरन और नाइट्रेट जैसे तत्वों की पहचान और उनके प्रभावों के बारे में बताया गया। साथ ही जल की भौतिक, रासायनिक एवं जैविक विशेषताओं का वैज्ञानिक दृष्टिकोण से विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर मंत्री राजेश धर्माणी ने जल शक्ति विभाग द्वारा जल संरक्षण और गुणवत्तापूर्ण जलापूर्ति के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कर्मचारियों से अनुरोध किया कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण से करें। उन्होंने कहा कि जल अनमोल है, इसका कोई मोल नहीं है, इस मूल भावना के साथ कार्य करते हुए हमें समाज को स्वच्छ और सुरक्षित जल उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए।

### नालसा योजना के बारे में दी विस्तृत जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला मुख्यालय में एक दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए न्याय सुलभता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर द्वारा नालसा योजना, 2024 के अंतर्गत गठित समिति के सदस्यों के लिए वैकल्पिक विवाद समाधान केंद्र में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक एवं सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रतन सिंह ठाकुर ने प्रशिक्षण का शुभारंभ करते हुए मानसिक स्वास्थ्य एवं कानूनी सहायता से जुड़े विभिन्न प्रावधानों की गहन जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि मानसिक रूप से बीमार अथवा बौद्धिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों को न केवल चिकित्सा बल्कि न्यायिक संरक्षण की भी आवश्यकता होती ह और इस दिशा में नालसा की यह योजना एक क्रांतिकारी पहल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सिविल जज प्रतीक प्रार्थी ने अपने संबोधन में कहा कि समिति के सदस्य समाज में जागरूकता फैलाने और नालसा योजना के क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और प्रतिभागियों से अपील की कि वे पात्र व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें योजना का लाभ दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

**दंगल** पुष्पेंद्र और धर्मेंद्र के बीच बराबरी पर छूटा हिमाचल केसरी खिताब का 1 लाख 51 हजार का मुकाबला

# गौरव बिलासपुर केसरी और जलाल शाहतलाई केसरी

**निक्कू राम, बरठीं**

शाहतलाई के महाविशाल दंगल में एक लाख 51 हजार के हिमाचल केसरी खिताब के लिए पुष्पेंद्र आलमगीर और धर्मेंद्र कोहली के बीच वीरवार रात्रि 10:30 बजे तक चला जबरदस्त मुकाबला बराबरी पर रहा। वहीं, 1 लाख 21 हजार के बिलासपुर केसरी खिताब के लिए पहलवान गौरव मछीवाड़ा और गनी मलेरकोटला के बीच हुए मुकाबले में गौरव ने बाजी मारी। एक लाख 21 हजार राशि के शाहतलाई केसरी के खिताब के लिए जलाल ईरानी ने संजय गुर्जर दिल्ली को हराकर खिताब अपने नाम किया।

तीनों सुपर मुकाबलों में सीधी कुश्ती हिमाचल, बिलासपुर शाहतलाई केसरी के पहलवानों को मुख्यातिथि अनूप महाराज बीटन ने आशीर्वाद देकर अखाड़े में उतारा वह इनामी राशि से सम्मानित किया। अखाड़े में आयोजक शोभायात्रा लखदाता मंदिर पीर से आशीर्वाद लेकर विशिष्ट अतिथि थानापति राजेंद्र गिरी राजयोगी पंच दशमुख जूना अखाड़ा के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में पहुंचे। अंडर-21 मुकाबला नवीन मंडी ने सुपर मुकाबले में बाजी मारते हुए सोनू घुमारवीं को हराया, छोटी माली के मुकाबले में हैप्पी फगवाड़ा ने सागर दिल्ली को, जबकि बड़ी माली मुकाबले में लाली फगवाड़ा ने विक्की चंडीगढ़ को पटकनी दी। 41 हजार राशि के सिीधे मुकाबला में अरजाक मलेरकोटला ने जस्सा, 31 हजार राशि के लिए आरिफ जम्मू ने दीपा मुल्लापुर को हराया। 21 हजार राशि के लिए तल्लवी मलेरकोटला और गुल्लू कोहली के बीच जबरदस्त कुश्ती के उपरांत मुकाबला बराबरी पर छूटा। वहीं, 11 हजार के लिए सुनील कपूरथला ने पोलू शेरा को पटकनी दी। विजेता उपविजेताओं को कमेटी के आयोजक तारा दत्त शर्मा, पवन कौशल, शिवम चौहान, पृथ्वी चंद, राजकुमार कौशल, बलदेव, पार्षद राजकुमार चौधरी, कैप्टन योगेंद्र चौधरी, जय गोपाल, नंदलाल शर्मा, राजकुमार, चमन शर्मा, साबू विकी, सुखदेव,विक्की मोटर, सुभाष, सुरेंद्र, अश्विनी, शिव कुमार, हरबंस लाल, सचिन, राजेश, रमन शर्मा, रमेश नेगी, विजय नेगी,अब्दुल खालिक, विशाल भारती, दीपक, वरुण कालिया, रोहित चौधरी विनय चौधरी, अब्बू गुर्जर दीपक चौधरी, पंकज व अन्य गण मान्य व्यक्तियों ने विजेता, उपविजेताओं व सीधे मुकाबले पहलवानों को और विशिष्ट अतिथि मुख्यातिथि और गौरी महंत को भी सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)



शाहतलाई में करवाए गए महादंगल के दौरान आयोजक एवं अन्य सामूहिक चित्र में।

### हिमाचल को 2027 तक आत्मनिर्भर बनाना है लक्ष्य

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** जिला स्तरीय बैसाखी नलवाड़ मेले की दूसरी एवं अंतिम सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भव्य रूप से किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य वर्ष 2026 तक हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य, 2027 तक आत्मनिर्भर राज्य और 2032 तक देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाना है। मत्स्य पालन क्षेत्र में 20,000 से अधिक मछुआरों को राहत प्रदान की गई है। मछली पकड़ने की रॉयल्टी दर को 15 प्रतिशत से घटाकर 7.5 प्रतिशत कर दिया गया है और नई नावों की खरीद पर सब्सिडी दी जा रही है। हरित पहल के अंतर्गत 3,000 टैक्सियों को इलेक्ट्रिक वाहनों में बदलने के लिए 40 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है। इसके अलावा, 500 इलेक्ट्रिक बसों को सड़कों पर उतारा जाएगा और 100 पंचायतों में 500 किलोवाट की सौर परियोजनाएं स्थापित की जाएंगी। पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में प्रदेश में 78 नए ईको-टूरिज्म स्थल विकसित किए जाएंगे, जिससे अगले पांच वर्षों में 200 करोड़ का राजस्व प्राप्त होने और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की संभावना है।

## न्यूज ब्रीफ

### अनीता को मिला 30 लाख का इंश्योरेंस क्लेम

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** डेढ़ वर्ष पहले घास काटती बार पांव फिसलने से लौंगणी पंचायत निवासी कमर सिंह की मौत हो गई थी। मृतक लौंगणी स्कूल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी था। कमर सिंह का बचत खाता राज्य सहकारी बैंक लौंगणी में चल रहा था। लौंगणी बैंक शाखा के कर्मचारियों ने कमर सिंह का एक टर्म इंश्योरेंस केयर हेल्थ कंपनी जिसका टाई उपराज्य सहकारी बैंक के साथ है, के माध्यम से तीस लाख का टर्म इंश्योरेंस ले रखा था। इसी दौरान कमर सिंह की मृत्यु हो गई और कमर सिंह की पत्नी अनीता देवी ने लौंगणी बैंक शाखा के माध्यम से तीस लाख के क्लेम का आवेदन किया। केयर हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी ने क्लेम को पास करते हुए शुक्रवार को राज्य सहकारी बैंक के जिला प्रबंधक उमेश शर्मा के हाथों अनीता देवी को तीस लाख का चेक देते हुए कहा कि हमें बहुत दुख है कि इस वक्त हमारा एक पूरा ग्राहक हमारे बीच में नहीं है।

### तनिहार में बैंक योजनाओं पर बांटी जानकारी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा टिहरा द्वारा ग्राम पंचायत तनिहार के गांव तनिहार में एक वित्तीय साक्षरता ग्राहक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता बैंक शाखा प्रबंधक राजेश सिंह परमार ने की इस शिविर में गांव के लगभग 37 ग्रामीणों ने भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को शाखा प्रबंधक राजेश सिंह परमार ने सरकार द्वारा बैंकों के माध्यम से संचालित की जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं जैसे सपनों का संचय हिम पैसा ऐप ग्रुप इंश्योरेंस बीमार दर्शन स्कीम सशक्त महिला ऋण योजना प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा अन्य विभिन्न प्रकार की ऋण योजनाओं तथा ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के तरीके जैसी विभिन्न प्रकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### पेंशनर्स ने समस्याओं का खाका किया तैयार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल पेंशनर्स फैडरेशन खंड सरकाघाट की मासिक बैठक गोपालपुर खंड के महासचिव जगदीश नरयाल द्वारा संचालित मंच तथा खंड अध्यक्ष रमेश ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं को सुना गया व उन्हें चरणबद्ध तरीके से सरकार को भेजने का खाका तैयार किया। सभी पेंशनर्स ने प्रदेशाध्यक्ष हिम्मत राम शर्मा के माध्यम से पहलगाम में आतंकी हमले पर चिंता जताई तथा केंद्र सरकार से इस हमले का मुंह तोड़ जबाव देने का आग्रह किया। सभी पेंशनर्स ने प्रदेशाध्यक्ष हिम्मत शर्मा के माध्यम से सरकार से फिर से निवेदन किया कि वो जल्द ही पेंशनर्स कल्याण बोर्ड व जेसीसी का गठन करे तथा समय समय पर पेंशनर्स की समस्याओं, मांगों व सुझावों के लिए उनसे आमने सामने बात करें।

### नलसर में फ्री हेल्थ चेकअप 28 अप्रैल को

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** पतंजलि ग्रामीण आरोग्य केंद्र नलसर द्वारा फ्री हेल्थ चेक-अप कैंप का आयोजन 28 अप्रैल सोमवार के दिन किया जा रहा है। केंद्र संचालक दर्पण शर्मा ने बताया कि कैंप में नाड़ी परीक्षण अनुभवी वैद्य आचार्य बालकृष्ण से प्रशिक्षण प्राप्त वैद्य द्वारा निःशुल्क किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कैंप में कैंसर, मधुमेह, रक्तचाप, मोटापा व अन्य सभी प्रकार के रोगों की निःशुल्क जांच की जाएगी।

### पर्यावरण प्रश्नोत्तरी के लिए करें पंजीकरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने उप निदेशक उच्च शिक्षा को हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित की जा रही पर्यावरण प्रश्नोत्तरी में मंडी जिले से अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रश्नोत्तरी का उद्देश्य छात्रों को जलवायु परिवर्तन, नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण और वैश्विक पर्यावरण नीतियों के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि यह प्रश्नोत्तरी प्रदेश के सरकारी और निजी स्कूलों के कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए है, जिन्हें एक टीम बनाकर यूडाइस कोड से http://hppcb.quize.in/user/register पर पंजीकरण करना होगा। प्रत्येक स्कूल से केवल एक प्रविष्टि स्वीकार की जाएगी। पंजीकरण 22 अप्रैल से 4 मई तक निःशुल्क किया जा सकता है। यह प्रश्नोत्तरी 9 मई को ऑनलाइन आयोजित होगी और इसके परिणाम 20 मई 2025 को विश्व मधुमक्खी दिवस पर घोषित किए जाएंगे।

### बीपीएल के लिए बढ़ाई जाए अंतिम तिथि : रमेश

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सामाजिक कार्यकर्ता व हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति के प्रदेश महासचिव रमेश चन्द्र भारद्वाज ने उपमंडल अधिकारी (ना०) के माध्यम से मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश से बीपीएल सूची में शामिल होने के लिए आवेदन की तिथि को बढ़ाने की मांग की हैं। उन्होंने अपने ज्ञापन में बताया कि कई लोग अभी भी असमंजस में हैं, कि वो बीपीएल की श्रेणी में शामिल होने के लिए आवेदन करें या न करें। उन्होंने सरकार के उस निर्णय का विरोध किया है जिसमें बीपीएल सूची में शामिल होने के लिए न्यूनतम दिव्यांगता की शर्त 50 रखी है, जबकि केंद्र सरकार ने भी सभी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए न्यूनतम 40 दिव्यांगता को मान्यता प्रदान की है। उन्होंने उन परिवारियों को भी बीपीएल परिवारों की सूची में शामिल करने की मांग की है, जिन्हें अबतक किसी भी सरकारी आवास योजनाओं के तहत, उनकी पंचायत द्वारा कोई भी धनराशि नहीं मिली है।

### रोटरी क्लब करेगा पीलिया से बचाव पर जागरूक

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर ने शैक्षणिक संस्थानों में पीलिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव और विद्यार्थियों में शारीरिक स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए एक अहम कदम उठाया है। अप्रैल व मई माह में प्रस्तावित प्रोजेक्टों के तहत रोटरी क्लब उपमंडलवासियों के स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए कई योजनाओं पर काम करेगा। इस अभियान के तहत रोटरी क्लब सरकारी स्कूलों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हजारों विद्यार्थियों की शारीरिक स्वच्छता के लिए प्रोत्साहित करेगा और हाईजीन से जुड़े उत्पादों को निःशुल्क उपलब्ध कराएगा। साथ ही पीलिया से बचाव के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की मौजूदगी में शिविर लगाए जाएंगे। क्लब के अध्यक्ष अमर सिंह जसवाल और वरिष्ठ रोटेरियन अजय ने बताया कि पिछले साल जोगिंद्रनगर में पीलिया से 400 से अधिक लोग प्रभावित हुए थे, जिसमें कुछ लोगों की जान भी गई। इस समस्या से बचाव के लिए रोटरी क्लब ने इस अभियान की शुरुआत की है।

# चरस तस्करी के दोषियों को 10 साल की सजा

## दोनों दोषियों को लगाया 1-1 लाख का जुर्माना, फाइन न भरने पर भुगतना होगा एक साल का अतिरिक्त कारावास

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**विशेष** न्यायाधीश-II चंबा मोहित बंसल की अदालत ने चरस तस्करी के एक अहम मामले में दो दोषियों को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोनों दोषियों पर 1-1 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना न भरने की स्थिति में उन्हें अतिरिक्त एक वर्ष का कठोर कारावास भुगतना होगा।

**विशेष न्यायाधीश मोहित बंसल की अदालत ने सुनाया फैसला**

दोषियों की पहचान लाल हुसैन पुत्र उमर दीन, गांव सलुईं, डाकघर कीड़ी, तहसील व जिला चंबा और मनोज कुमार पुत्र केवल कृष्ण, मीरपुर कॉलोनी, पठानकोट के रूप में हुई है। इन्हें एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के तहत दोषी करार दिया गया।

बता दें कि यह मामला 8 मई, 2018 का है, जब एएसआई वीरेंद्र सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ भटलवां पुल के पास मंगला रोड पर वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान स्विफ्ट कार नंबर एचपी 29ए 5432 को रोका गया, जिसमें दो व्यक्ति सवार थे लाल हुसैन और मनोज कुमार। जांच के दौरान कार से एक कैरी बैग बरामद हुआ। इसमें काली रंग की छड़ियों के रूप में एक ठोस पदार्थ पाया गया। अनुभव और सूंघने के आधार पर पुलिस को यह चरस प्रतीत हुआ। बाद में इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौलने पर चरस की मात्रा 1.704 किलोग्राम पाई गई। मामले की जांच सदर थाना चंबा द्वारा की गई। अभियोजन पक्ष की ओर से श्री सतीश कुमार, अतिरिक्त लोक अभियोजक, जिला चंबा ने न्यायालय में 16 गवाह पेश किए, जिनके बयानों के आधार पर अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई।

इस ऐतिहासिक फैसले से न्यायालय ने यह संदेश दिया है कि नशीले पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों के लिए कोई राहत नहीं होगी और कानून उन्हें सख्त सजा देने से पीछे नहीं हटेगा।

## कैंथली पुल के समीप खाई में गिरी कार

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

**तीसा** मार्ग कैंथली पुल के समीप गुणों नाला के पास एक कार नंबर एचपी 44-3394 करीब सौ फुट गहरे नाले में जा गिरी। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस गाड़ी को मालिक खुद ही चला रहा था। कार के नीचे गिरने से चालक घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे तीसा हॉस्पिटल इलाज के भेज दिया। पता चला है कि यह गाड़ी तीसा से चंबा की और आ रही थी और अचानक से गाड़ी का संतुलन बिगड़ा और गाड़ी सीधे गहरे नाले में जा गिरी। पुलिस मौके दुर्घटना पर पहुंच गई है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने में जुट गई है। दुर्घटनाग्रस्त हुई गाड़ी को क्रेन की मदद से बाहर निकला जा रहा है जिस कारण सड़क के दोनों तरफ अन्य गाड़ियों का जाम लग गया है।

**क्रेन की सहायता से निकाली कार, पुलिस कर रही दुर्घटना की छानबीन**



कैंथली पुल के समीप नाले में गिरी कार दुर्घटनाग्रस्त।

## भरमौर के बागवान एक्सपर्ट से करें बात: केवल सिंह

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर क्षेत्र का बागवान मेहनतकश हैं, लेकिन जितना वह परिश्रम करते हैं। उसके अनुरूप फल नहीं मिल पाता। इसके पीछे की सबसे बड़ी वजह एजुकेशन का अभाव है। इसके लिए बागवानों को एक्सपर्ट या फिर बागवानी विवि नौणी अथवा विभाग के साथ संपर्क करना चाहिए। क्षेत्र की होली घाटी में पहुंचे एजाइल केमिकल के क्षेत्रीय प्रबंधक डॉ. केवल सिंह ने यह बात कही है। उन्होंने कहा कि डॉ. आर्चड उनका ब्रांड नेम है।

उन्होंने कहा कि यहां पर प्रेक्टिस इंप्रूव की जाए और न्यूट्रेशन मेनेजमेंट, पेस्ट व डिसिज मेनेजमेंट और वाटर मेनेजमेंट इन चार स्तंभों को मजबूत किया जाए, तो इसके बेहतर परिणाम देखे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सबसे सुखद यह देखने को मिला कि यहां कृषि बागवानी के साथ बड़ी तादाद में युवा जुड़े हुए हैं और फील्ड बिजिट के दौरान उन्होंने सवाल जवाब भी किए।

# आतंक के खिलाफ भारत देगा करारा जवाब: पठानिया

## चंबा में डॉ. भीमराव अंबेडकर की स्मृति में आयोजित सम्मान सभा में बोले पूर्व मंत्री

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**भाजपा** हिमाचल प्रदेश द्वारा संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की स्मृति में आयोजित सम्मान सभा का आयोजन चंबा स्थित बचत भवन में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री (वन, खेल एवं युवा मामलों के) राकेश पठानिया मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ मंच पर डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डीएस ठाकुर, भरमौर-पांगी के वर्तमान विधायक डॉ. जनकराज, पूर्व एससी/एसटी राज्य अध्यक्ष अधिवक्ता जय सिंह, एवं भाजपा के अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

चंबा जिला के भाजपा अध्यक्ष धीरज नरयाल ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश में 14 अप्रैल से चल रहा था और शुक्रवार को इसकी समापन तिथि थी। हर जिले में इस तरह की सभाएं आयोजित की गईं, जिनका मुख्य उद्देश्य बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना और एससी समाज के योगदान को सम्मानित करना है।



**कहा- एससी समाज को जोड़ना है भाजपा का मिशन**

राकेश पठानिया ने अपने भाषण में कहा कि आज हमने एससी समाज के सेवानिवृत्त डॉक्टरों, सेना के जवानों व वन विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारियों को सम्मानित किया। यह अभियान समाज को जोड़ने और कांग्रेस द्वारा फैलाए गए भ्रम को मिटाने का कार्य करेगा। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने प्रचारित किया कि भाजपा सत्ता में आई तो आरक्षण खत्म हो जाएगा। यह पूरी तरह से झूठ है। सच्चाई तो यह है कि कांग्रेस ने कभी डॉ. भीमराव अंबेडकर को उनकी काबिलियत के बावजूद अपने मंत्रिमंडल में स्थान नहीं दिया था।

पठानिया ने पहालगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तान जैसे छोटे देश भारत को आंख दिखाने की कोशिश कर रहा हैं। जैसे ही भारत ने सिंधु जल संधि पर पुनर्विचार की बात की, पाकिस्तान ने शिमला समझौते को खारिज करने की बात छेड़ी। यह दर्शाता है कि भारत का रुख अब निर्णायक है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार की रैली में स्पष्ट कहा है कि एक-एक आतंकी को ढूंढ-ढूंढकर मारा जाएगा और उनके सरगनाओं को भी नहीं बख्शा जाएगा। पूरा देश इस जवाबी कार्रवाई की प्रतीक्षा में है और हमें पूरा विश्वास है कि मोदी के नेतृत्व में हम पूरी तरह सुरक्षित हैं। यह सम्मान सभा न केवल सामाजिक चेतना को जगाने का माध्यम बनी, बल्कि यह भी दर्शाया कि भाजपा समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का संकल्प रखती है।

# अंबेडकर ने दी समान अधिकार और न्याय की दिशा: अमर सिंह



चंबा में डॉ. अंबेडकर सम्मान सभा के दौरान उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**चंबा** जिला मुख्यालय में आयोजित बाबा साहब डॉ. अंबेडकर सम्मान सभा में उस समय एक विशेष ऊर्जा देखने को मिली, जब चुराह विधानसभा के भंजरारू मंडल से 100 से अधिक कार्यकर्ता इस आयोजन में शामिल हुए।

भाजपा चुराह मंडल अध्यक्ष अमर सिंह ठाकुर ने कहा कि बाबा साहब का योगदान न केवल हमारे संविधान के निर्माण तक सीमित है, बल्कि उन्होंने भारत को सामाजिक समरसता, समान अधिकार और न्याय की दिशा दी। उन्होंने कहा कि बाबा साहब द्वारा स्थापित मूल्यों के चलते आज देश में संतुलन और सामाजिक समावेश की भावना जीवित है।

सभा में उपस्थित एसी वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष चक्षु देव ऊर्फ सीडी राणा, लाल चंद और बिट्टू नाथ ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बाबा साहब के विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि चुराह में एक भव्य अंबेडकर भवन निर्माण की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो चुकी है, जो फिलहाल कागज़ी स्तर पर है लेकिन जल्द ही ज़मीन पर दिखाई देगा।

# सेना मेडल से अलंकृत कैप्टन कश्मीर सिंह पंचतत्व में विलीन



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**गैहरा** पंचायत के झीड़ से सेना मेडल से अलंकृत कैप्टन कश्मीर सिंह जसवाल ईश्वर चरणों में विलीन हो गए। कैप्टन कश्मीर सिंह जसवाल को सेना में ड्यूटी के दौरान अदम्य साहस व बहादुरी के लिए सेना मैडल से अलंकृत किया गया था। कैप्टन कश्मीर सिंह जसवाल काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। कैप्टन कश्मीर सिंह जसवाल के निधन पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव पवन ठाकुर, गाहर सोसायटी के प्रधान प्रभा राम शर्मा, चंदेश व्यापार मंडल प्रधान बाबू राम शर्मा, पूर्व प्रधान कुलदीप शर्मा, पूर्व बीडीसी अशोक कुमार, सुबेदार कर्म सिंह परमार ने शोक प्रकट किया है।

# बोलेरो जीप से पकड़ी शराब की 55 पेटियां

## सुंदरनगर पुलिस टीम को पुंघ में छापामारी के दौरान मिली सफलता, मामला दर्ज

**उमेश, सुंदरनगर**

**पुलिस** थाना सुंदरनगर के एक बार फिर अवैध शराब के बड़े जखीरे को पकड़ने में सफलता हासिल की है। मामले में पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने पुंघ में छापामारी के दौरान बोलरो जीप से अवैध शराब की कुल 55 पेटियां बरामद की है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर लिया है। इसके साथ अवैध शराब के धंधे में उपयोग में लाई गई जीप को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम क्षेत्र में गश्त के दौरान पुंघ फोरलेन पर स्थित राजहंस प्लाजा के पास आंगन में खड़ी हुई बोलेरो जीप नंबर एचपी-34-डी-8659 में अवैध शराब मौजूद होना प्रतीत हुआ। इस दौरान पुलिस टीम ने मौके पर जीप में चालक नहीं था और जीप भी लॉक की हुई थी।



पुलिस टीम द्वारा पकड़ी गई अवैध शराब।

इसके उपरांत पुलिस ने शुक्रवार को पुलिस ने गाड़ी में मौजूद अवैध शराब की गिनती की गई। इस दौरान बोलेरो जीप में ब्लेंडर प्राइड 3 पेटी, ऑल सीजन 2 पेटी, रॉयल स्टैग 9 पेटी, टूबर्ग स्ट्रांग बीयर 30 पेटी, बडवाइजर मैगनम बीयर बोतल की 10 पेटी और बडवाइजर मैगनम बियर कैन की एक पेटी कुल 55 पेटियां अवैध रूप से ले जाई जा रही शराब की बरामद हुई है। पुलिस ने जीप चालक नीरज (23) पुत्र अमर सिंह गांव और डाकघर सेरू तहसील जोगिंदरनगर जिला मंडी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है।

एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ पुलिस का विशेष अभियान लगातार जारी है। इसके अंतर्गत पुलिस थाना सुंदरनगर टीम ने कुल 55 पेटियां अवैध रूप से ले जाई जा रही अवैध शराब की बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है। बरामद अवैध शराब और जीप को भी कब्जे में लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### सूडोकू नवताल- 7412

* * * * * सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू नवताल -7411 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

# सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर में डॉक्टरों की कमी, ओपीडी सेवाएं ठप

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

**उपमंडल** मुख्यालय जोगिंद्रनगर का सिविल अस्पताल एक बार फिर डॉक्टरों की कमी के चलते चर्चा में है। शुक्रवार को अस्पताल की ओपीडी में इलाज के लिए पहुंचे दर्जनों मरीजों को बिना इलाज के लौटना पड़ा। चिकित्सकों के अभाव में नियमित जांच और परामर्श नहीं मिल पाया, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, अस्पताल में कई विशेषज्ञ और सामान्य चिकित्सकों के पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं। वर्तमान में जो डॉक्टर तैनात हैं, वे भी अत्यधिक कार्यभार के कारण सभी मरीजों को समय पर देख पाने में असमर्थ हैं। शुक्रवार को तो स्थिति और अधिक गंभीर रही, जब अधिकांश विभागों में डॉक्टर ही मौजूद नहीं थे। परिणामस्वरूप मरीजों को घंटों इंतजार करने के बाद भी निराश लौटना पड़ा। स्थानीय नागरिक रमेश कुमार ने बताया कि हम सुबह 8 बजे से लाइन में खड़े थे, लेकिन 12 बजे तक कोई डॉक्टर नहीं आया। मेरी मां की तबीयत खराब थी, लेकिन बिना इलाज के वापस लौटना पड़ा। अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ समेत कई महत्वपूर्ण विभागों में डॉक्टरों की कमी महसूस की जा रही है। नगर परिषद की पार्षद शिखा ने भी इस विषय पर चिंता व्यक्त की है। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

शनिवार, 26 अप्रैल 2025

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (विश्वासवसु), **मास** : अमांत चैत्र, **तिथि** त्रयोदशी (11:47): **नक्षत्र** पूर्वाभद्रपद (08:54), **पक्षः** कृष्ण, **योग** : एंद्र (12:30) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:53-12:45) **राहुकाल** (10:41-12:19)।

**विशेष दिन**

- 26 अप्रैल मासिक शिवरात्रि आज।
- 26 अप्रैल आज होंगे पंचक समाप्त।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेषः** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**वृषभः** अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे।

**मिथुनः** बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कर्कः** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय संभव।

**सिंहः** दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कन्याः** सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। सुख-आनंद कारक समय है। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**तुलाः** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। पारिवारिक विवाद टालें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**वृश्चिकः** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**धनुः** खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

**मकरः** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी।

**कुंभः** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा।

**मीनः** स्वास्थ्य व जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। आमोद-प्रमोद का दिन होगा व व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी व सज्जनों का साथ भी रहेगा।

**टूर्नामेंट**

## आईटीआई चंबा में जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

# खेलों से निखरता है व्यक्तित्व: उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**विद्यार्थी** जीवन में खेलों की भूमिका अहम होती है। खेलकूद न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि ये युवाओं को सकारात्मक दिशा में प्रेरित कर सामाजिक बुराइयों से दूर रखते हैं। ये शब्द उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंबा में आयोजित 18वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि संबोधित करते हुए कहे।

उन्होंने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी और कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों के व्यक्तित्व में आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व के गुण विकसित होते हैं। उपायुक्त ने कहा कि तकनीकी शिक्षा किसी भी देश के सामाजिक, औद्योगिक और आर्थिक विकास की रीढ़ होती है। यह शिक्षा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ नवाचार और उत्पादकता को भी बढ़ावा देती है।



**आईटीआई चंबा बना ओवरऑल चैंपियन**

इस प्रतियोगिता में जिले के 8 सरकारी एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समारोह के दौरान आईटीआई चंबा ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। बास्केटबाल, वॉलीबॉल, खो-खो, कबड्डी और बैडमिंटन में आईटीआई चंबा ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि मार्च पास में आईटीआई गरनोटा ने बाजी मारी। इस अवसर पर आईटीआई चंबा के प्रधानाचार्य बिपिन शर्मा ने उपायुक्त मुकेश रेपसवाल को शॉल, टोपी और चंबा थाल भेंट कर सम्मानित किया।

### ये रहे विजेता

**बास्केटबॉल** में प्रथम आईटीआई चंबा, आईटीआई गरनोटा द्वितीय, वॉलीबॉल में प्रथम आईटीआई चंबा, आईटीआई गरनोटा द्वितीय, खो-खो में प्रथम आईटीआई चंबा, आईटीआई गरनोटा द्वितीय, कबड्डी में प्रथम आईटीआई चंबा, आईटीआई बोंखरी मोड़ द्वितीय, बैडमिंटन में प्रथम आईटीआई चंबा, आईटीआई छतराड़ी द्वितीय, मार्च पास में प्रथम आईटीआई गरनोटा, आईटीआई चंबा द्वितीय रहे।

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं, रेशो देवी** पत्नी श्री ईश्वर दास निवासी गांव बैहरन, डाकघर झंडूता, तहसील झंडूता, जिला बिलासपुर, हि.प्र. 174031 घोषणा करती हूं कि मेरे बेटे के आधार कार्ड में मेरे बेटे का नाम बोबी कौंडल गलत दर्ज है। जबकि सही नाम विवेक कुमार है। अतः आधार कार्ड अन्य दस्तावेजों में भी सही नाम विवेक कुमार दर्ज किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

**NAME CHANGE**

I **Ram Dei** w/o late Sh. Hira Lal R/O Village Phagwana, PO Chakurtha, Tehsil Banjar, Distt Kullu (H.P) That my name is entered as ANNA DEI and date of birth in Adhar Card is entered as 01/01/1968 which is wrong. That I want to correct my Name as RAM DEI and Date of Birth 01/01/1964 in my Adhar Card. kindly note it.

बेटी के विवाह से पहले उसे शिक्षित बनाओ ताकि वह आसानी से अच्छे बुरे में फर्क कर सके। –सावित्रीबाई फुले

## संपादकीय

# साइबर शरारत

हिमाचल में पहले शिमला स्थित मुख्य सचिव कार्यालय, फिर मंडी डीसी ऑफिस और अब हमीरपुर और चंबा जिले के डीसी ऑफिसों को बम से उड़ाने की फर्जी धमकी मिली है। ऐसा लगता है जैसे हिमाचल के तमाम सरकारी दफ्तरों को बम से उड़ाने की फर्जी धमकियों का जैसे सिलसिला ही शुरू हो गया है। पिछले महीने देशभर के हवाई अड्डों को भी इसी तरह से बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं थी, लेकिन वह सब फर्जी निकलीं। आखिर इन फर्जी धमकियों के क्या अर्थ निकाले जाएं? ऐसी क्या वजह है कि धमकियां देने वाले शातिर पकड़ में नहीं आते? कभी प्रॉक्सी सर्वर में सेंध की बात की जाती है तो कभी कुछ अलग तरह की गोलमोल बातें करके जिम्मेदार एजेंसियां और प्रशासनिक अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों से बच निकलते हैं। लगातार बम धमकी की घटनाओं ने न सिर्फ प्रशासन को सतर्क कर दिया है, बल्कि आम जनता के मन में भी दहशत और असुरक्षा की भावना को जन्म दिया है।

इससे पहले देशभर के हवाई अड्डों को मिली बम की धमकियों ने भी ऐसा ही माहौल बनाया था। हालांकि, ये सारी धमकियां अब तक फर्जी साबित हुई हैं, लेकिन इन घटनाओं को केवल मजाक या साइबर शरारत कहकर टाल देना उचित नहीं होगा। इसके पीछे जो गहरे सामाजिक, तकनीकी और प्रशासनिक पहलू छिपे हैं, उन्हें समझना जरूरी है। सवाल यह है कि आखिर ऐसी फर्जी धमकियों का मकसद क्या होता है, इसके पीछे कौन लोग हो सकते हैं, और इस बढ़ती प्रवृत्ति को रोका कैसे जाए? दरअसल, फर्जी धमकियों का मुख्य उद्देश्य समाज में भय और अस्थिरता का माहौल बनाना हो सकता है। सरकारी दफ्तरों को निशाना बनाकर यह संदेश देने की कोशिश की जाती है कि देश की व्यवस्था असुरक्षित है। यह आम नागरिकों के मन में सरकार और सुरक्षा एजेंसियों के प्रति अविश्वास पैदा करने की एक शातिर और गहरी चाल भी हो सकती है। कई बार ये धमकियां देने वाले मानसिक रूप से अस्वस्थ या ध्यान आकर्षित करने के इच्छुक होते हैं। वहीं, कुछ मामलों में यह साइबर अपराधियों की रणनीति होती है, जिससे वो सिस्टम की कमजोरियों को परख सकें या किसी बड़े साइबर अटैक की तैयारी कर रहे हों।

प्रत्येक फर्जी धमकी के जवाब में प्रशासन को संसाधन झोंकने पड़ते हैं—जैसे पुलिस बल, बम स्क्वायड, बंदोबस्त आदि। इससे असली घटनाओं से निपटने की क्षमता प्रभावित हो सकती है। यह एक तरह से सुरक्षा एजेंसियों को थकाने की रणनीति भी हो सकती है। फर्जी धमकियों के ज्यादातर मामले ई-मेल, सोशल मीडिया या इंटरनेट कॉल्स के जरिए सामने आते हैं। इनमें अक्सर वीपीएन, टॉर ब्राउजर या प्रॉक्सी सर्वर का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे अपराधी की असली लोकेशन और पहचान छुपी रहती है। विशेष रूप से छोटे शहरों और पहाड़ी राज्यों में ये सुविधाएं और भी सीमित हैं, जिससे ऐसे मामलों में समय पर कार्रवाई नहीं हो पाती। कई बार विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों जैसे पुलिस, इंटेलिजेंस ब्यूरो, साइबर क्राइम सेल आदि के बीच समन्वय का अभाव होता है। इससे सूचनाओं का आदान-प्रदान धीमा हो जाता है और अपराधी बच निकलते हैं। साइबर धमकियों से निपटने के लिए जरूरी है कि हर राज्य में अपग्रेड साइबर क्राइम सेल हो, जो तकनीकी रूप से दक्ष हो और त्वरित प्रतिक्रिया देने में सक्षम हो।

सभी सरकारी संस्थानों में साइबर इंटेलिजेंस यूनिट की स्थापना की जानी चाहिए। जनता को भी इस बारे में जागरूक किया जाना चाहिए कि ऐसी किसी धमकी की जानकारी कैसे दें, किससे संपर्क करें और अफवाह फैलाने से कैसे बचें। मीडिया को भी इस तरह की खबरों को सनसनीखेज बनाने से बचना चाहिए। ऐसे मामलों में अगर कोई आरोपी पकड़ा जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त और त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए ताकि एक उदाहरण स्थापित हो सके। इसके अलावा, फर्जी धमकियों के लिए विशेष कानूनी प्रावधान और दंडात्मक प्रावधानों को और मजबूत किया जाना चाहिए। कई बार धमकियां विदेश से संचालित सर्वरों से आती हैं। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय साइबर कानून और सहयोग अहम हो जाता है। भारत को वैश्विक स्तर पर साइबर अपराधों के लिए सहयोग बढ़ाना होगा। बहरहाल, फर्जी बम धमकियों का सिलसिला किसी मजाक से बढ़कर एक गंभीर राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौती बन चुका है। प्रशासन, एजेंसियां, टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट और आम जनता सभी को मिलकर इस प्रवृत्ति का सामना करना होगा। केवल कार्रवाई के बाद चिंता जताने से बात नहीं बनेगी। अब समय आ गया है कि हम अपने तकनीकी संसाधनों को मजबूत करें। जिम्मेदारियों को तय करें और एक ऐसा माहौल बनाएं जिसमें ऐसे अपराधियों को शरण न मिले वरना यह फर्जीपन किसी दिन असली खतरे की शक्ल भी ले सकता है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री

मीनू मुमताज भारतीय अभिनेत्री थीं। भारतीय सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री रहीं मीना कुमारी और मीनू मुमताज में काफी गहरी मित्रता थी। मीनू मुमताज का असली नाम मालिकाउन्निसा अली था। जब फिल्मों में काम करने लगीं तो मीना कुमारी ने उनका नाम बदलकर मीनू मुमताज कर दिया था। तब से फिल्म इंडस्ट्री में मुमताज के नाम से मशहूर हो गईं। 1950 और 1960 के दशक की कई हिंदी फिल्मों में उन्होंने काम किया। उनकी सबसे ज्यादा मशहूर फिल्मों में 'सीआईडी', 'नया दौर', 'ताज महल', 'गबन' और 'जमीर' शामिल हैं। पहली फिल्म 'सखी हातिम' में मीनू मुमताज बलराज साहनी जैसे दिग्गज अभिनेता के साथ थीं। उन्होंने गुरुदत्त साहब के साथ भी काम किया। 'चौदहवीं का चांद', 'कागज के फूल', 'साहिब बीवी और गुलाम', 'ताजमहल', 'घूंघट', 'इंसान जाग उठा', 'घर बसाके देखो' जैसी कई फिल्मों में उन्होंने काम किया था। अभिनेत्री मीनू मुमताज की मृत्यु 23 अक्तूबर, 2021 को कनाडा में हुई। वह बीते कई सालों से बीमार थीं और लगभग बीस वर्षों से कनाडा में ही रह रही थीं। मीनू मुमताज के निधन के बारे में बात करते हुए उनके भतीजे नौषाद ने कहा, 'वह जईफ थीं और उनकी उम्र भी 80 के आसपास थी। अब तक मैं जिस किसी से भी मिला हूं, वह उनमें से सबसे प्यारी इंसान थीं।' अपने बड़े भाई महमूद की तरह मीनू मुमताज ने भी अपनी पहचान फिल्मों में बनाने का फैसला किया था। ■



मीनू मुमताज
जन्म : 26 अप्रैल, 1942
मृत्यु : 23 अक्तूबर, 2021

## कविता

### मिथ्या आवरण



डॉ. राजीव डोगरा, कांगड़ा (हि.प्र.)

*ईमान को बेचकर कभी,*
*ईमानदार नहीं बना जाता।*
*दर्द देकर कभी किसी का, हमदर्द नहीं बना जाता।*
*इंसान को तोड़कर कभी,*
*इंसानियत का दावेदार नहीं बना जाता।*
*बीच राहों में छोड़कर हमसफर को कभी,*
*हमराही नहीं बनाया जाता।*
*कल-कल कर कभी, पल-पल का जीवंत जीवन,*
*नहीं जिया जाता।*
*देकर औरों के दुख कभी खुद के चेहरे पर,*
*खुशियों का झूठा मुखौटा नहीं पहना जाता।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# शिमला समझौता स्थगित करना भारत के हित में

भारत और पाकिस्तान के बीच 1971 के युद्ध के बाद 2 जुलाई 1972 को शिमला समझौता (Shimla Agreement) हुआ था। इस समझौते का उद्देश्य दोनों देशों के बीच शांति बहाली, युद्धबंदियों की रिहाई और आपसी विवादों को शांतिपूर्वक हल करना था, परंतु 21वीं सदी के पहले दो दशकों में पाकिस्तान की ओर से बार-बार सीमा उल्लंघन, आतंकवाद को समर्थन और कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करने के प्रयासों ने शिमला समझौते की आत्मा को गंभीर रूप से आहत किया है। हाल ही में पाकिस्तान द्वारा इस समझौते को औपचारिक रूप से 'स्थगित' करना एक प्रतीकात्मक घटना है, परंतु इसके निहितार्थ भारत के दृष्टिकोण से लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं। इस आलेख में हम विस्तार से विश्लेषण करेंगे कि पाकिस्तान द्वारा शिमला समझौते को स्थगित किया जाना भारत के लिए कैसे लाभकारी है।



लेखक : डॉ. विश्वास चौहान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

**शिमला समझौता-संक्षिप्त पृष्ठभूमि**

1971 के भारत-पाक युद्ध के पश्चात भारत ने पाकिस्तान के 90,000 से अधिक सैनिकों को बंदी बनाया था। युद्ध के परिणामस्वरूप पूर्वी पाकिस्तान, स्वतंत्र राष्ट्र 'बांग्लादेश' बना। इन परिस्थितियों में शांति बहाली के उद्देश्य से तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो के बीच शिमला में समझौता हुआ। इसके प्रमुख बिंदु थे-भारत और पाकिस्तान अपने मतभेदों को द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाएंगे। युद्धबंदियों की सुरक्षित वापसी की जाएगी। दोनों देश एक-दूसरे की क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करेंगे। नियंत्रण रेखा (LOC) को दोनों पक्ष सम्मान देंगे, लेकिन उक्त समझौते का पाकिस्तान की ओर से निरंतर उल्लंघन की घटनाएं हुई तथा शिमला समझौते के बाद भी पाकिस्तान ने कभी इस समझौते की आत्मा का पालन नहीं किया। पाकिस्तान द्वारा शिमला



समझौता उल्लंघन की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार थी –

कारगिल युद्ध (1999) पाकिस्तानी सेना ने भारतीय नियंत्रण वाले कारगिल क्षेत्र में घुसपैठ कर ली, जबकि शिमला समझौते के अनुसार, नियंत्रण रेखा का सम्मान अनिवार्य था।

सीमा पर लगातार संघर्ष विराम उल्लंघन 2003 में संघर्ष विराम समझौता हुआ, परंतु 2010 से 2020 के बीच पाकिस्तान ने औसतन प्रतिवर्ष 1500 से अधिक बार संघर्ष विराम का उल्लंघन किया (गृह मंत्रालय के आंकड़े)। आतंकवाद को समर्थन पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठनों- लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद आदि ने भारत में कई आतंकी हमले किए।

साल 2001 में संसद पर हमला, 2008 मुंबई हमले (166 मृतक), 2016 पठानकोट हमला, 2019 पुलवामा हमला (40 CRPF जवान शहीद) ये घटनाएं शिमला समझौते की 'शांति एवं आपसी सम्मान' की भावना के विरुद्ध थीं। वर्तमान में पाकिस्तान द्वारा समझौते को निरस्त करना एक मूर्खतापूर्ण कदम के लिए इतिहास में समरण किया जाएगा। वैसे भी इस समझौते का कोई महत्व नहीं रह गया था, क्योंकि 2024 के उत्तरार्ध में पाकिस्तान की संसद में एक प्रस्ताव पारित हुआ जिसमें शिमला समझौते को 'अप्रासंगिक और निष्प्रभावी' बताया गया और इसे औपचारिक रूप से रद्द करने की सिफारिश की गई। इसके पीछे तर्क दिया गया कि भारत द्वारा जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने और राज्य पुनर्गठन ने 'यथास्थिति' को बदल दिया है। मेरी राय में पाकिस्तान का यह कदम भारत के लिए झटका नहीं, बल्कि एक रणनीतिक अवसर है। तो इस संबंध में निम्नानुसार तर्क दिए जा सकते हैं।

**पहला :** यह कि भारत अब द्विपक्षीयता की बाध्यता से मुक्त हो गया है क्योंकि शिमला समझौते के तहत भारत-पाकिस्तान विवादों का समाधान केवल द्विपक्षीय तरीके से करना था। अब भारत इस विषय को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रखने के लिए स्वतंत्र है और विशेषकर आतंकवाद जैसे विषयों पर व्यापक वैश्विक समर्थन प्राप्त कर सकता है।

**दूसरा :** यह कि पाकिस्तान की विश्वसनीयता को इस कदम से क्षति पहुंची है, क्योंकि शिमला समझौता संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुरूप था और एक अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धता मानी जाती है। पाकिस्तान द्वारा इसे रद्द करना उसकी अस्थिर और गैर-जिम्मेदार छवि को और मजबूत करता है।

**तीसरा :** भारत को अब कूटनीतिक आक्रमकता का अवसर मिल गया है, क्योंकि पाकिस्तान द्वारा यह समझौता रद्द करने से भारत अब अपने पक्ष को अन्य देशों के सामने खुलकर रख सकता है, विशेष रूप से पाकिस्तान द्वारा लगातार प्रायोजित आतंकवाद और सीमा उल्लंघनों पर। ₹20, SCO और BRICS जैसे मंचों पर भारत इस मुद्दे को मजबूती से उठा सकता है जो पहले इस समझौते से बंधा होने से नहीं उठा पाता था।

**चौथा :** यह कि अब LOC की स्थिति और रक्षा नीति को सुदृढ़ किया जा सकेगा, क्योंकि अब भारत को नियंत्रण रेखा की 'यथास्थिति' बनाए रखने की बाध्यता नहीं है। इससे सामरिक रूप से पाकिस्तान की ओर अधिक सक्रिय रक्षा नीति अपनाने की संभावनाएं बनती हैं- जैसे सर्जिकल स्ट्राइक (2016) और एयर स्ट्राइक (2019) जैसे उपायों को वैधानिक रूप से और अधिक समर्थन मिल सकता है।

अत: उसका इसे रद्द करना प्रतीकात्मक मात्र है-परंतु इससे भारत को अपनी विदेश नीति, रक्षा नीति और आंतरिक स्थिरता को सुदृढ़ करने का एक अवसर मिल गया है। अब भारत द्विपक्षीय समझौतों की मर्यादा से बंधा नहीं है और अपनी सामरिक शक्ति और कूटनीतिक कौशल का प्रयोग स्वतंत्र रूप से कर सकता है। पाकिस्तान की यह हरकत, दूरगामी दृष्टि से भारत के हित में सिद्ध होती है -न केवल वर्तमान सामरिक संदर्भ में बल्कि दीर्घकालिक रणनीतिक दृष्टिकोण से भी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# आतंकवाद का जुल्मी चेहरा मानवता का दुश्मन

पहलगाम आतंकी घटना ने देश में आक्रोश पैदा कर दिया है। हर तरफ आवाजे उठ रही है कि भारत बदला ले। यह खूनी घटना सिर्फ कश्मीर घाटी की नहीं, बल्कि देश के हर कोने से गए सैलानियों की हत्या है, जो वहां घूमने फिरने के लिए गए थे। आतंकवाद का घिनौना चेहरा मानवता के खिलाफ है।

कोई जाति, अगड़ा पिछड़ा न पूछकर, केवल धर्म पूछकर नर संहार करना आतंकियों का उद्देश्य साफ नजर आया। धर्म कट्टरता का जहर स्वयं खूनी कहानी के रूप में दिख रहा है। घटना करवाने और करने वाले दोनों ही मानवता के दुश्मन है। घटना की चारों तरफ निंदा हो रही है। क्या निंदा करने से हल निकल पाएगा? इस प्रश्न का उत्तर देश के प्रधानमंत्री ने अपने देशवासियों सहित विश्व को घटना के 24 घंटे में संदेश दे दिया है। सऊदी अरब यात्रा के अपने कार्यक्रमों को छोड़ भारत वापस लौट आए। भारत की धरती पर पैर रखते ही बैठक बुलाकर घटना व सुरक्षा की जानकारी प्राप्त की। गृह मंत्री का घटना स्थल जाना। रक्षा मंत्री व सेना प्रमुखों की बैठक का होना। सीसीएस की बैठक बुलाना और घटना के जवाब में सरकार के निर्णयों की जानकारी देशवासियों व विश्व को देना, सरकार की गंभीरता को दर्शाता है।



लेखक : योगिंद्र पाल वालिया
डडौर, बल्ह (मंडी)

भारत सरकार ने अपनी मंशा को साफ जाहिर करते हुए पाकिस्तान को भी अपना स्पष्ट संदेश देते हुए कई फैसले कर लिए। इन फैसलों तक सरकार सिमित रहेगी या आगे अन्य कार्यवाही करेगी। इंतजार करना होगा। इतना तो साफ है कि मोदी सरकार पीछे हटने वाली नहीं दिखती। उन्हें समझ आ चुका है कि खुशहाल जीवन के लिए रोजगार चाहिए और रोजगार के लिए पर्यटकों का आना जरूरी है, लेकिन इस तरह की हरकतें कश्मीरियों को भी पीछे थकेलने जैसी है। पाकिस्तान के सेना प्रमुख का भाषण जो पहलगाम नरसंहार से 5 दिन पूर्व दिया है। जिसमें कट्टरता ही कट्टरता का जहर दिखाई देता है। भाषण के दौरान वहां के प्रधानमंत्री भी मौजूद थे, लेकिन सरकार की जगह सेना का दबदबा पाकिस्तान में नजर आता है। अपनी असफलता को छुपाने की कोशिश करता, पाकिस्तान ने भारत के विरुद्ध मौन युद्ध छेड़ रखा है। निहत्थे लोगों पर जुर्म करना कोई भी धर्म इजाजत नहीं देता। धर्म की दुहाई देने वाले कट्टरता की तरफ चल पड़ते हैं और नौजवानों को भी गलत दिशा में ले जाते हैं।



मुट्ठी भर लोग कब तक मानव खुशी को छिन कर नर संहार करते रहेंगे? घाटी के युवा क्यों उनके चंगुल में शामिल हो जाते हैं? कब तक मौत के आंकड़े सुनते रहेंगे? धर्म पूछ कर कब तक इंसान का खून होता रहेगा? अनेक प्रश्न देश पूछ रहा है। अलगाव वादी सोच आतंक फैलाती है। पूर्व में घटित तमाम आंतकी घटनाओं के पीछे पाकिस्तान का हाथ माना जाता है। आतंक के विरुद्ध भारत ने समय-समय पर कड़ी कार्यवाही भी की है। पाकिस्तान को विश्व में बेनकाब भी किया है, परंतु वह अपनी हरकतों से पीछे नहीं हटता।

भारत ने शांति संदेश भी दिया, परंतु मैं नहीं मानूंगा की रट लगाए भारत के विरुद्ध मौन युद्ध करता रहता है। पाकिस्तान के सेना प्रमुख ने धर्म आधार पर जो कट्टरता जाहिर की है, वह मानसिकता साफ-साफ भारत और भारतीयों के विरुद्ध दिखाई देती है। भारत के रक्षा मंत्री ने संदेश दिया कि पहलगाम घटना का बदला लिया जाएगा। भारत केवल दोषियों तक ही नहीं, बल्कि पर्दे के पीछे छिपे लोगों तक भी पहुंचकर, उन लोगों को बेनकाब करते हुए कड़ी कार्रवाही भी करेगा। कायराना हरकत करने वालों को सजा अवश्य दी जाएगी। गृह मंत्री ने भी देश को आश्वासन दिया है। आतंकवाद के विरुद्ध पूरे देश को एक आवाज में बोलना चाहिए। भारत सरकार से उम्मीद करनी होगी कि आतंकी जुल्म के विरुद्ध जो भी सरकार निर्णय लेगी, वह निर्णय मानवता के दुश्मनों की सफाई के साथ देश हित में होगा।

आंखें बंद करके चुप बैठने के पहले आतंक के विरुद्ध कठोर से कठोर चोट करने का समय आ गया है। मोदी सरकार व भारत की सेना वर्तमान आतंकी घटना का जवाब देने से कभी पीछे हटने वाली नहीं है। याद करना होगा उन महापुरुषों को, जिन्होंने जुल्मो के विरुद्ध समय समय पर मानवता के लिए साहस व कठोरता से अपनी आवाज उठाई है। उनका अनुशरण करने की आवश्यकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**कश्मीर** के पहलगाम की बैसरन घाटी में मंगलवार को पर्यटकों पर आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग करके 30 लोगों की हत्या कर दी। इस घटनाक्रम का दुखद पहलू यह है कि आतंकियों ने जानबूझकर हिंदू पुरुषों को निशाना बनाया है। पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत के लोगों में भारी गुस्सा है तो वहीं पाकिस्तान ने इस पूरे घटनाक्रम से अपना पल्ला ही झाड़ लिया है। इसका अर्थ है कि हम अपने राष्ट्र का सावधान होकर नेतृत्व करें। जम्मू-कश्मीर में बढ़ते आतंकवाद के बाद कश्मीरी पंडितों का घाटी से पलायन, मुंबई में 26 नवंबर 2008 की आतंकवादी घटना, फिर 14 फरवरी 2019 को पुलवामा की आतंकवादी घटना में सीआरपीएफ के 44 जवानों की शहादत जैसी अनंत घटनाएं स्पष्ट करती हैं कि पाकिस्तान से सख्ती से निपटना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत बन चुकी है।

**अरमान सिंह, नूरपुर**

# अभी तो मेहंदी सूखी भी नहीं थी, पहलगाम घाटी में इंसानियत की हत्या

22 अप्रैल 2025, सुबह के कुछ शांत लम्हे। जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में बर्फीली वादियां पर्यटकों का स्वागत कर रही थीं। नवविवाहित जोड़े, बच्चे, बुजुर्ग-सबको उम्मीद थी कि कश्मीर की हवा में सुकून मिलेगा, तनाव से कुछ राहत मिलेगी, लेकिन तभी आतंक की आहट हुई। बंदूकें गरजीं और उस वादी में जहां बर्फ गिरती है, अब खून बहा। राजस्थान से आया एक नवविवाहित दंपती भी उन्हीं पर्यटकों में था। दोनों ने अभी पांच दिन पहले ही शादी की थी। वो अपने हनीमून के लिए कश्मीर आए थे, लेकिन शायद किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। आतंकियों ने गाड़ी रोकी, नाम पूछा, पहचान की और फिर गोली मार दी। युवक हिंदू था। बस यही उसके मरने की वजह बन गई। सिर में गोली लगी। मौके पर ही दम तोड़ दिया। उसकी पत्नी, जिसके हाथों की मेहंदी अभी भी गीली थी, स्तब्ध खड़ी थी। शोक से ज्यादा वो एक अनकहे डर में जमी हुई थी-जैसे समय वहीं थम गया हो।



लेखक : डॉ. सत्यवान सौरभ
कवि, स्वतंत्र पत्रकार

**ये हत्या नहीं, धार्मिक घृणा है :** यह सिर्फ एक आतंकी हमला नहीं था। यह योजनाबद्ध हत्या थी-एक सोच के तहत, एक धर्म के आधार पर। आज आतंकवाद महज क्षेत्रीय या वैचारिक लड़ाई नहीं रह गया है। यह अब धार्मिक पहचान को मिटाने का एक उपकरण बन चुका है। यह हत्या बताती है कि कुछ तत्व अब यह तय कर चुके हैं कि कौन जिएगा, कौन मरेगा-और यह फैसला नाम पूछकर किया जाएगा। क्या यही इंसानियत है? क्या यही 'कश्मीरियत' है, जिसके नाम पर हम वर्षों से शांति की दुहाई दे रहे हैं?

**जब शहीद की पत्नी की चीखें खामोश हो गईं :** सोशल मीडिया पर उस पत्नी की तस्वीर वायरल हुई, जो अपने पति के शव को निहार रही थी। न चीख, न रोना, न प्रतिरोध। बस एक स्थिर मौन-जो पूरी व्यवस्था पर सबसे कठोर आरोप बन गया। उस मौन में एक सवाल छुपा है 'हमने क्या गलत किया?' क्या एक जोड़े का कश्मीर आना, उसकी सुंदरता देखना, उसकी वादियों से प्यार करना अब गुनाह बन चुका है? हमें समझना होगा कि इस तस्वीर में केवल एक महिला नहीं थी, बल्कि उस पूरे राष्ट्र की आत्मा थी-जख्मी, असहाय और शर्मसार।



**सुरक्षा की विफलता और प्रशासन की संवेदनहीनता :** हर हमले के बाद सरकार की ओर से एक तैयार स्क्रिप्ट आती है-निंदा, मुआवजा, जांच, लेकिन जवाबदेही कहीं नहीं होती। क्या यह सवाल नहीं पूछा जाना चाहिए कि घाटी में आतंकियों को खुलेआम चलने-फिरने की छूट कैसे मिलती है? वे नाम पूछकर कैसे किसी को गोली मार सकते हैं और फिर बच निकलते हैं? क्या पर्यटन सीजन में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती नहीं होनी चाहिए? क्या जम्मू-कश्मीर प्रशासन को यह नहीं पता कि ऐसे हमले पर्यटन, अर्थव्यवस्था और भारत की एकता-तीनों पर हमला करते हैं?

**मानवाधिकार या आतंक के अधिकार? :** जब भी भारत आतंक के खिलाफ सख्ती दिखाता है, तो मानवाधिकार की दुकानें खुल जाती हैं। दिल्ली, लंदन, न्यूयॉर्क-हर जगह के तथाकथित बुद्धिजीवी अचानक 'संवेदना' से भर जाते हैं, लेकिन जब किसी हिंदू नागरिक को सिर्फ उसके नाम के कारण सिर में गोली मारी जाती है, तब यही आवाजें खामोश हो जाती हैं। क्यों? क्या एक विशेष समुदाय के पीड़ितों के लिए ही संवेदना है? क्या हिंदू होना अब मानवाधिकार के चश्मे से अदृश्य हो जाना है?

**यह हमला पूरे भारत पर है :** पहलगाम हमला केवल एक व्यक्ति की हत्या नहीं है-यह भारत की आत्मा पर हमला है। यह संदेश देने की कोशिश है कि 'यहां तुम्हारी जगह नहीं है'। यह भारत की एकता, समरसता और धर्मनिरपेक्षता को चुनौती है और यदि हमने इस चुनौती को केवल ट्वीट और मोमबत्तियों से उत्तर दिया, तो अगला निशाना कोई और शहर, कोई और नाम, कोई और नवविवाहित होगा।

**पाकिस्तान का रोल और वैश्विक चुप्पी:** हमेशा की तरह, इस हमले के पीछे जिस आतंकी संगठन का नाम आया-'द रेजिस्टेंस फ्रंट'-वह लश्कर-ए-तैयबा का ही नया अवतार है और इसकी जड़ें पाकिस्तान में हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान अभी भी 'आतंकवाद का शिकार देश' बना बैठा है।

**अब निर्णय का समय है :** भारत को अब दो टूक निर्णय लेने की जरूरत है। कश्मीर में आतंक का सामना केवल पुलिस नहीं कर सकती, इसके लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति चाहिए। अलगाववाद की नर्म परतों को उखाड़ फेंकना होगा।

हमारी संवेदना केवल सोशल मीडिया पोस्ट तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। हमें पूछना चाहिए- 'कब तक?' कब तक हम अपने नागरिकों की रक्षा नहीं कर पाएंगे? कब तक हम आतंकी हमलों पर केवल मोमबत्तियां जलाते रहेंगे? शब्द नहीं, कार्रवाई चाहिए। शोक नहीं, उत्तरदायित्व चाहिए, क्योंकि इस बार सवाल सिर्फ नाम का नहीं है, यह इंसानियत का प्रश्न है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में इस्लामाबाद को बेनकाब करने का एक बड़ा अवसर

पहलगाम का आतंकी हमला हताशा में किया गया ऐसा कुकृत्य है, जिस पर हमेशा की तरह सुई पाकिस्तान की तरफ घूमती है। खुद आतंकवाद का दंश झेल रहा एक देश सरकारी और तैयार आतंकियों के जरिए भारत को बार-बार गहरे जख्म देने की नापाक नीति पर चल रहा है।



लेखक : राकेश दुबे
स्वतंत्र टिप्पणीकार

पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के एक संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने पर्यटकों पर हुए इस कायरतापूर्ण हमले की जिम्मेदारी ली है। इस दुखद घटना ने वर्ष 2008 में दुस्साह संपूर्ण ढंग से मुंबई और भारत को हिलाकर रख देने वाले लश्कर-ए-तैयबा द्वारा रचे गए नरसंहार की याद दिला दी है। यह महज संयोग नहीं कि यह हमला 26/11 के आरोपित तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण और पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के भारत विरोधी बयान के बीच हुआ है। मुनीर ने पिछले हफ्ते ही कश्मीर को अपने देश की 'गले की नस' बताकर 22 अप्रैल के हमले की भयावहता की जमीन तैयार कर दी थी। एक ओर जहां बलूच विद्रोह ने मुनीर व सेना की नींद उड़ा रखी है, वहीं उन्होंने दो-राष्ट्र सिद्धांत को उछालना चुना। दावा किया कि हिंदुओं व मुसलमानों में कोई समानता नहीं है।

गैर मुस्लिमों को निशाना बनाना और वह भी अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा के दौरान यह स्पष्ट करता है कि आतंकवादियों व उनके आकाओं ने भाजपा नेतृत्व वाली सरकार को चुनौती दे दी है। पाकिस्तान ने पर्यटकों की मौत पर शोक व्यक्त करने का प्रपंच तो रचा, लेकिन हमले की निंदा करने से परहेज किया। उरी (2016) और पुलवामा (2019) की तरह क्या पहलगाम हत्याकांड भी ऐसी प्रतिक्रिया को जन्म देगा? मोदी सरकार, क्या पाकिस्तान को फिर से सबक सिखाने के लिए भारी दबाव में है? वैसे कूटनीतिक मोर्चे पर भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में इस्लामाबाद को बेनकाब और शर्मिंदा करने का एक बड़ा अवसर है। पहलगाम जांच के नतीजों और राणा से पूछताछ से भारत के इस रुख की पुष्टि होने की उम्मीद है कि पाकिस्तान आज भी आतंकवाद का केंद्र बना हुआ है। बहरहाल, पहलगाम के बैसरन में पाक पोषित आतंकियों ने जो खूनी खेल खेला, उसने पूरे देश को झकझोरा है।



हमले ने शेष देश के साथ कश्मीर की आत्मा को भी झकझोरा है। यह त्रासदी सिर्फ जम्मू-कश्मीर की ही नहीं है, बल्कि इस हमले ने पूरे देश को गहरा जख्म दिया है। उल्लेखनीय तथ्य यह है कि इस पीड़ादायक हादसे के बाद घाटी के लोगों ने एकजुट होकर हमले की निंदा की है। घाटी में 35 साल बाद पहली बार आतंकी हमले के खिलाफ बंद का आयोजन किया गया है। बुधवार को बंद के आह्वान के बाद श्रीनगर में अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। लोग सड़कों पर दुख और आक्रोश व्यक्त करते नजर आए। कहा कि यह घटना कश्मीर की अतिथि और शांति की भावना के साथ विश्वासघात है। लश्करे-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन के इस हमले का मकसद पर्यटकों में खौफ पैदा करना और घाटी में सामान्य स्थिति की वापसी को रोकना था। यहां उल्लेखनीय है कि बीते साल जम्मू-कश्मीर में पैंतीस लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे थे।

पहलगाम जैसी जगह में जहां सत्तर फीसदी लोगों की आजीविका पर्यटन से जुड़ी है, वहां स्थिति सामान्य होने में अब लंबा वक्त लगेगा। आने वाले दिनों के लिए पर्यटकों ने अपनी यात्राएं रद्द कर दी हैं। बहरहाल, इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद केंद्र सरकार ने युद्धस्तर पर कार्रवाई की है। प्रधानमंत्री मोदी अपनी विदेश यात्रा को बीच में ही रोककर भारत लौटे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमलावरों को यथाशीघ्र कड़ा जवाब दिया जाएगा। अधिकारियों को घाटी की उन आवाजों को भी बुलंद करना चाहिए जिन्होंने हिंसा को खारिज करके मानवता को चुना है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# गोशाला में लगी आग, गाय व बछड़ा जिंदा जला

## सलवाहन पंचायत के पाली गांव में पेश आया हादसा, चपेट में आने से मकान भी जलकर हुआ राख

**आदर्श, नेरचौक**

**मंडी** जिला के नाचन विधानसभा क्षेत्र की पंचायत सलवाहन के पाली गांव में एक मकान व गोशाला में अचानक आग लग गई। इस घटना में मकान व गोशाला जलकर राख हो गई, जबकि गोशाला में मौजूद गाय व बछड़ा जिंदा जल गए। घटना की भनक ग्रामीणों को उस वक्त लगी जब आग बुरी तरह से फैल चुकी थी। गांववासियों ने इसकी सूचना पुलिस व दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम व दमकल विभाग की दो गाड़ियां टीम सहित मौके पर पहुंची।

इसके बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना के समय घर पर कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था। पीड़ित परिवार का मुखिया भोलू राम पुत्र मोहन लाल मेहनत मजदूरी करने सुबह ही ताला लगाकर काम पर निकल गया था। जबकि भोलू की पत्नी अपने दोनों बच्चों को लेकर गत दिन मायके चल गई थी। (अनंत ज्ञान)

### सिलेंडर फटने से हुआ ज्यादा नुकसान

**मौके** पर मौजूद ग्रामीणों के मुताबिक मकान व गोशाला में सिलेंडर फटने के उपरांत आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। कच्चा मकान होने व छत में लकड़ी का इस्तेमाल होने के कारण आग पूरे घर में फैल गई। वहीं पटवारी हल्का भूषण गुलेरिया ने बताया कि प्रभावित परिवार को हुए नुकसान का आकलन तैयार किया जा रहा है। इसे उच्च अधिकारियों को आगामी कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा।



**घटना** की सूचना मिलते ही राजस्व विभाग को नुकसान के आकलन की रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा है। इसके साथ में प्रशासन द्वारा प्रभावित परिवार को 20000 फौरी राहत और दो तिरपाल दिए गए हैं।

**- स्मृतिका नेगी, एसडीएम बल्ह।**

### खुले आसमान के नीचे सोने को विवश हुआ पीड़ित परिवार

**अग्निकांड** की इस घटना से गरीब परिवार के सर से छत छीन गई व पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे सोने पर विवश हो गया है। मेहनत मजदूरी करके जोड़ा सामान भी राख का ढेर हो गया है। हाटेश्वरी महिला मंडल पाली ने इस घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। साथ ही सरकार व प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता करने की अपील की है। महिला मंडल प्रधान हिमा यादव ने बताया कि पीड़ित परिवार बेहद गरीब परिवार है। उन्होंने सीएम सुक्खू से पीड़ित परिवार को फौरी राहत के साथ मकान बनाने के लिए राशि मुहैया करवाने की मांग की है।

# लडभड़ोल में पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में फूटा गुस्सा, निकाली रोष रैली

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में प्रदर्शन करते हुए लोग।

**जम्मू-कश्मीर** के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में शुक्रवार को लडभड़ोल तहसील क्षेत्र में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर पूर्व सैनिक लीग इकाई लडभड़ोल, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों, व्यापार मंडल और आम नागरिकों ने विशाल रोष रैली का आयोजन किया। यह रैली नई मार्केट से आरंभ होकर लडभड़ोल कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

व्यापारियों ने भी इस विरोध प्रदर्शन का समर्थन करते हुए सुबह 11 बजे तक अपनी दुकानें बंद रखीं और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। रैली के दौरान पहलगाम हमले में शहीद हुए जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई और उनकी आत्मा की शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना की गई। पूर्व सैनिक लीग इकाई लडभड़ोल के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने केंद्र सरकार, विशेषकर रक्षा मंत्रालय से देश में सक्रिय आतंकी संगठनों के खिलाफ सख्त और निर्णायक कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब आतंक के खिलाफ निर्णायक कदम उठाए जाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### डीसी कार्यालय में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल एक नरेश ठाकुर ने बताया कि 27 अप्रैल को एलटी तारों/केबल शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा, जिस कारण 630 केवीए डीटीआर माई साहिबा के तहत आने वाले क्षेत्र एलआईसी कार्यालय, पोस्ट ऑफिसर रोड, राजमहल तथा आस-पास के क्षेत्र में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि इसक अलावा 27 अप्रैल को ही नेशनल हाईवे मंडी-पठानकोट के उन्नयन के कार्य के कारण लोअर व अप्पर समखेतर, गोलपौढ़ी, बालकरूपी, खत्री सभा, मोती बाजार, अस्पताल रोड़, क्षेत्रीय अस्पताल, गणपति रोड़, पैलेस कॉलोनी, कोषागार कार्यालय, तुंगल कॉलोनी, टाउन हाल, मीट मार्केट, जेल रोड, दो अम्ब, पंजेठी, पैलेस, टारना रोड़, परिधि गृह, डाईट, सुहड़ा मुहल्ला, रवि नगर, महाजन बाजार, उपायुक्त कार्यालय, चौबाटा बाजार, इंदिरा मार्केट, भूतनाथ बाजार, भगवाहन मुहल्ला, चंद्रलोक गली, सरदार पटेल विश्वविद्यालय, राम नगर, पुलघराटा, मंगवाई, विश्वकर्मा मंदिर, थनेहड़ा मुहल्ला, टारना हिल तथा साथ लगते क्षेत्रों में दोपहर 12 बजे से एक बजे तक बिजली बंद रहेगी।

### सुंदरनगर के चांबी से 17 वर्षीय लड़की लापता

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** उपमंडल सुंदरनगर के तहत एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता हो गई है। वीरवार देर शाम तक जब वह घर पर न पहुंची तो चिंतित परिजनों ने उसकी हर संभव स्थल पर तलाश की। जब कहीं कोई सुराग न मिला तो बीएसएल कॉलोनी पुलिस थाना में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई एफआईआर में चांबी क्षेत्र के रहने वाले नाबालिगा के पिता ने कहा है कि उसकी बेटी ने 12वीं कक्षा की परीक्षा दी है। बीते बुधवार को वह जय देवी सिलाई का काम सीखने गई थी और वहां से शाम को मौसी के घर कोटला चली गई। वीरवार को उसने मौसी से कहा कि वह सिलाई सेंटर नहीं घर जाना चाहती है। लेकिन वह शाम तक घर पर न पहुंची तो उसकी तलाश की गई। लेकिन हर संभव स्थल पर तलाश करने पर भी उसका कोई पता न चल पाया। इसके बाद देर शाम उन्होंने बीएसएल कॉलोनी पुलिस थाना में नाबालिग बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी थाना में एफआईआर दर्ज कर नाबालिगा की तलाश शुरु कर दी गई है।

### सत्कर्मों में जीवन व्यतीत करे मनुष्य : श्री हरि

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** ब्राह्मण सभा सुंदरनगर के सौजन्य से बीएसएल कॉलोनी स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में आयोजित की जा रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान आचार्य श्री हरि महाराज ने प्रभु महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि आत्मा अजर अमर है। पंचतत्व का बना यह शरीर तभी तक कार्यशील है जब तक उसमें आत्मा रहती है। जब आत्मा शरीर से निकलती है तो उनको ज्यादा कष्ट होता है जिनका जीवन पापमय रहता है। जिन्होंने अपना जीवन ईश्वर को समर्पित कर दिया है उन्हें कष्ट नहीं होता है। परमात्मा के नाम का जाप जो भी करता है उसका जीवन पापमुक्त रहता है। इस दौरान उन्होंने अनेक भजनों के साथ वातावरण को भक्तिमय बनाया। उन्होंने कहा कि जीवन रूपी नाव पर सवार होकर मनुष्य को पाप कर्मों से दूर रहकर सत्कर्मों में अपना जीवन और समय व्यतीत करना चाहिए। इस दौरान उन्होंने प्रभु की लीलाओं का बखान किया।

### पहलगाम हमले के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए मंडी जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में आज दो मिनट का मौन रखा गया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने अपने संदेश में कहा कि इस कायरतापूर्ण हमले में मारे गए नागरिकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी इस दुःख की घड़ी में पूर्ण एकजुटता से उनके साथ खड़े हैं।

### पधर में लोगों का नि:शुल्क जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, पधर।** उपमंडल मुख्यालय पधर के सामुदायिक भवन में शुक्रवार को आयुष विभाग की ओर से एक दिवसीय नि:शुल्क बहु उद्देश्यी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना तथा उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना रहा। शिविर का संचालन उपमंडलीय आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. रक्षक पॉल की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम मौजूद रही। जिन्होंने विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं की जांच की। शिविर में दर्जनों लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई और नि:शुल्क परामर्श प्राप्त किया। साथ ही जरूरतमंदों को आवश्यक टेस्ट और आयुर्वेदिक औषधियां भी मुफ्त में वितरित की गईं। डॉ. सुशील ठाकुर ने जानकारी देते हुए कहा कि यह विभाग आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी जैसी चिकित्सा विधियों के विकास, शोध और प्रचार-प्रसार के लिए कार्यरत है। आयुष चिकित्सा पद्धतियाँ विशेष रूप से रोग की जड़ पर काम करती हैं और शरीर को संपूर्ण रूप से स्वस्थ बनाने में सहायक होती हैं। उन्होंने ग्रामीणों को जीवनशैली में सुधार, पौष्टिक आहार, योग अभ्यास, और प्राकृतिक चिकित्सा के बारे में भी जानकारी दी।

# आईआईटी मंडी के भव्य उत्सव की तैयारी शुरू, राष्ट्रपति होंगी शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**भारतीय** प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मंडी अपने शैक्षणिक, अनुसंधान और नवाचार में 15 वर्षों की उत्कृष्ट यात्रा को भव्य आयोजन के साथ मनाएगा। संस्थान के इस भव्य आयोजन की थीम 'उपलब्धियों के पंद्रह वर्ष–सीएफए–2025' रखी गई है। यह आयोजन आईआईटी मंडी के सुरम्य परिसर में 7 और 8 मई को आयोजित किया जाएगा। भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस ऐतिहासिक अवसर की गरिमा बढ़ाएंगी, जो इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। सीएफए –2025 के अंतर्गत आईआईटी मंडी एक बहुविषयक अनुसंधान सम्मेलन का भी आयोजन कर रहा है, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व रोबोटिक्स, सेमीकंडक्टर्स, क्वांटम टेक्नोलॉजी, उन्नत सामग्री और उद्यमिता जैसे उभरते हुए तकनीकी क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस सम्मेलन में विश्वभर के विचारशील नेताओं और शोधकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

### विश्वभर से वक्ता लेंगे भाग

**कार्यक्रम** में कई लोकप्रिय वक्ता शामिल होंगे जिनमें शामिल हैं- प्रोफेसर रिचर्ड सीगल रेंससेलर पॉलिटेक्निक इंस्टीट्यूट यूएसए, प्रोफेसर ओसामा खातिब स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, प्रोफेसर रॉबर्ट विले टेक्निकल यूनिवर्सिटी ऑफ म्यूनिख जर्मनी, डॉ. रणधीर ठाकुर सीईओ और एमडी टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, डॉ. जेम्स मैकलॉघलिन अल्स्टर यूनिवर्सिटी यूके, प्रो. गणपति रामनाथ आरपीआई यूएसए आदि समारोह की गरिमा बढ़ाएंगे।

# दो साल से नवनिर्माण की बाट जो रहा कुन का तर पुल

## कोटली को जोगिंद्रनगर से जोड़ने वाले पुल का लोक निर्माण मंत्री ने किया था शिलान्यास

**प्रशांत मोहन, कोटली**

**उपमंडल** मुख्यालय कोटली को जोगिंद्रनगर क्षेत्र से जोड़ने वाले कून का तर पुल का नवनिर्माण लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के हाथों शिलान्यास होने के कई माह बीतने पर भी शुरू नहीं हो पा रहा है।

पिछले दो वर्षों से तीन विस क्षेत्रों के लोग जान जोखिम में डालकर आवाजाही करने को मजबूर हैं। हालांकि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का दावा है कि शीघ्र ही पुल का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा व 6 माह के अंदर वाहनों की आवाजाही सुचारू हो जाएगी। तब तक के लिए वर्षों पुराने राजाओं के जमाने में बने पैदल पुल की मरम्मत करके लोगों की आवाजाही के लिए दो हफ्तों के अंदर बहालकर दिया जाएगा। उपमंडल कोटली को जोगिंद्रनगर से जोड़ने वाले सड़क मार्ग पर कून का तर में ब्यास नदी पर बना पुल 9 जुलाई, 2023 को आई भयंकर बाढ़ की भेंट चढ़ गया था। तब से लेकर आज तक तकरीबन 2 वर्ष बीतने पर भी यहां नए पुल का निर्माण लोगों के लिए एक सपना बनकर रह गया है। वर्ष 2023 में बरसात के मौसम में आई बाढ़ में व्यास नदी के उफान से पुल के बह जाने के बाद 3 विधानसभा क्षेत्रों का संपर्क लगभग पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है।

स्थानीय लोग सामूहिक प्रयासों से एक रैंप बनाकर ब्यास नदी को पार करते रहे, लेकिन पिछले कुछ दिनों से व्यास नदी का जलस्तर बढ़ने से लोगों का यह सहारा भी पानी के तेज बहाव में बह गया। ऐसे में जहां एक ओर बुजुर्ग और बच्चे आर पार जाने से मेहरूम हो गए हैं वहीं अनेकों अपनी जान जोखिम में डालकर व्यास नदी पार करते हैं। जबकि अनेकों कोटली क्षेत्र में किराए के मकान लेकर रहने को मजबूर है। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं प्रधान

**व्यापार** मंडल कोटली के प्रधान थलिया राम का कहना है कि कून का तर पुल बाढ़ में बहने से लोगों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित है, जिसके चलते स्थानीय व्यापारियों के कारोबार काफी हद तक ठप हो गया है। उन्होंने शीघ्रातिशीघ्र पुल का निर्माण करके लोगों की आवाजाही बहाल करने की मांग की है।



### शीघ्र होगा टेंडर : आजाद

लोक निर्माण विभाग के उपमंडल कोटली में तैनात सहायक अभियंता चुन्नीलाल आजाद ने कहा कि एक-दो दिनों के अंदर पुल के निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिए जाएंगे और शीघ्र ही नवनिर्माण आरंभ कर दिया जाएगा। ब्यास नदी पर कई वर्षों पुराने पैदल पुल की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। जिसको लोगों की आवाजाही के लिए दो हफ्ते के अंदर बहाल कर दिया जाएगा।

# महिला ने पति, सास और ससुर पर प्रताड़ित व मारपीट करने की दर्ज करवाई एफआईआर

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर में महिला ने पति, सास व ससुर पर प्रताड़ना व मारपीट करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना में दर्ज कराई एफआईआर में पीड़ित महिला ने कहा है कि उसका विवाह 2008 में हिंदू रीति रिवाज के साथ पंकज कुमार उर्फ रुपलाल निवासी भवाना तहसील सुंदरनगर जिला मंडी के साथ हुआ है। विवाह के तीन–चार वर्ष कर उसका पति और सास–ससुर का व्यवहार उसके साथ ठीक रहा। लेकिन उसके बाद वह प्रतिदिन उसे मानसिक रूप से परेशान करते रहते है और लड़ाई झगड़ा भी करते है। महिला का आरोप है कि पति उसे और उसके बेटे को कोई खर्चा भी नहीं देता है। वीरवार सुबह करीब 8 बजे पति, सास व ससुर ने उसके साथ लड़ाई झगड़ा करने लगे और उसके बेटे की पिटाई करने लगे। जब वह अपने बेटे को बचाने लगी तो इसके पति ने उसके साथ भी मारपीट की। एसपी साक्षी वर्मा ने बताया पीड़ित महिला की शिकायत के आधार पर थाना में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी गई है।

# अभिलाषी विवि में लगा पशु चिकित्सा क्लीनिकल कैंप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



अभिलाषी विश्वविद्यालय में पशुओं की जांच करने के तरीके बताते हुए डॉक्टर।

**अभिलाषी** विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा विज्ञान संकाय ने विश्व पशु चिकित्सा दिवस की थीम 'पशु स्वास्थ्य एक टीम का कार्य' को साकार करते हुए, 25 अप्रैल को एक व्यापक पशु चिकित्सा क्लीनिकल कैंप का सफल आयोजन किया। इस पहल ने न केवल पशुओं के उपचार का कार्य किया, बल्कि क्षेत्रीय किसानों और पशुपालकों को वैज्ञानिक पद्धतियों, टीकाकरण, स्वच्छता और बांझपन प्रबंधन के प्रति जागरूक भी किया।

इस कैंप का उद्घाटन विवि के कुलपति प्रो. एचके चौधरी ने किया, जिन्होंने इसे 'समुदाय और विशेषज्ञों के बीच एक जीवंत सेतु' बताया। उनके साथ विभिन्न विभागों के डीन, विभागाध्यक्ष और समन्वयक भी उपस्थित रहे। डॉ. वीके गुप्ता (डीन, पशु चिकित्सा संकाय) के मार्गदर्शन में यह शिविर 20 से अधिक गांवों तक सेवाएं पहुंचाते हुए एक सामुदायिक आंदोलन का रूप ले गया। इस क्लीनिकल कैंप में एंटी–रेबीज टीकाकरण, दुग्ध पशुओं में बांझपन उपचार, और घोड़ों, गायों व कुत्तों की स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही जागरूकता पर्चों के माध्यम से पशुपालकों को प्रिवेंटिव केयर की अहमियत समझाई गई। वहीं विश्वविद्यालय के वेटरनरी विभाग के प्रशिक्षु डॉक्टर और स्टाफ इस सेवा कार्य में अग्रणी रहे। इस क्लिनिकल कैंप के सफल आयोजन पर विवि के कुलाधिपति डॉ. आरके अभिलाषी, प्रतिकुलाधिपति डॉ. एलके अभिलाषी, कुलपति प्रो. एचके चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, जीनियस एजुकेशन सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. नर्वदा अभिलाषी, अभिलाषी एजुकेशन सोसायटी की उपाध्यक्ष डॉ. प्रोमिला अभिलाषी और सचिव नरेंद्र कुमार ने विभाग के डीन, प्रोफेसरों, छात्रों, स्टाफ व पंचायत से आए लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# पधर बाजार में निकाली आक्रोश रैली, पाकिस्तान का फूंका पुतला

**कविता, पधर।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में शुक्रवार को पधर व्यापार मंडल के आह्वान पर क्षेत्र भर में बाजार सुबह 11 बजे तक पूर्ण रूप से बंद रखे गए। इस दौरान पधर में भारी जनसंपर्क के साथ आक्रोश रैली निकाली गई। रैली में लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए और देश विरोधी ताकतों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। रैली का नेतृत्व पूर्व ज़िला परिषद सदस्य कैप्टन हेम सिंह ने किया। इस मौके पर ज़िप सदस्य रविकांत, पंचायत समिति सदस्य कविता चौहान, व्यापार मंडल के प्रधान लाभ सिंह, सचिव दूनी चंद, पंचायत प्रधान हेमंत कुमार महंत, पूर्व प्रधान मीना देवी, नरेंद्र ठाकुर, सन्नी, मनोज ठाकुर, गिरधारी लाल, दिनेश कुमार, महेंद्र पाल, सुरेश चौहान, बिन्नी ठाकुर, नितिन सैनी, अन्य व्यापारी, महिला संगठन तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। रैली के समापन पर मुख्य चौक पधर में आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रकट करते हुए पुतला दहन किया गया। स्थानीय लोगों ने इस अवसर पर एक स्वर में कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध देश को एकजुट होकर सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने केंद्र सरकार से आतंकियों और उनके संरक्षकों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। (अनंत ज्ञान)

# तनिहार में जनसहयोग से बनाया पार्क

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**उपमंडल** धर्मपुर की ग्राम पंचायत तनिहार में सरकाघाट–संधोल सड़क के किनारे मिनी सचिवालय के नजदीक एक पार्क का निर्माण तनिहार पंचायत के सौजन्य व लोगों के सहयोग से किया गया। जानकारी देते हुए पंचायत के उपप्रधान पवन स्टालिन ने बताया कि यहां से जहां एक ओर कमलाह किला को सड़क जाती है, तो वहीं दूसरी ओर मां कंचना देवी के मंदिर को पैदल रास्ता जाता है। यहां से आते जाते सैलानियों और श्रद्धालुओं को सड़क के किनारे बैठने की कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं थी। ग्राम पंचायत तनिहार ने निर्णय लिया कि हम एक ऐसे स्थान का निर्माण करें जहां पर मिनी सचिवालय, कमलाह किला और माता कंचना को जाने वाले यात्रियों को सुविधा उपलब्ध हो सके, इसलिए इस पार्क का निर्माण किया।



ओपन जिम का निर्माण कार्य शुरू करते लोग।

इतना ही नहीं इस पार्क के ऊपर पहाड़ी पर मां जालपा मंदिर है। पुराने जमाने से लोग इस मंदिर के नीचे सड़क पर चलते हुए एक छोटे से बिल में अपना सिर झुकाकर अपनी श्रद्धा और आस्था अर्पित करते थे जिस पर पंचायत ने आम जनता के सहयोग से वहां पर माता की गुफा का निर्माण करने का काम शुरू किया है। और यहां पर बच्चों को खेलने के लिए झुले भी लगाए गए हैं। पंचायत ने यह भी निर्णय लिया कि यह कि सुबह सैर करने वालों के लिए वहां पर जल्द ओपन जिम का प्रावधान भी किया जा रहा है। मंदिर वाली पहाड़ी को प्राकृतिक रूप से सजाने की व्यवस्था भी जाएगी।

# वन अधिकार समितियों को किया जाएगा जागरूक

**अनंत ज्ञान, पधर।** एसडीएम सुरजीत सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को सब–डिवीजन लेवल कमेटी (एसडीएलसी) फॉरेस्ट राइट कमेटी (एफआरसी) की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त 12 आवेदनों की समीक्षा की गई और उनके त्वरित निपटारे के निर्देश दिए गए।

एसडीएम ने बताया कि शनिवार से पंचायत स्तर की एफआरसी समितियों की बैठकें पंचायत समिति सभागार में आयोजित की जाएंगी। जिनका उद्देश्य संबंधित समितियों को जागरूक करना व प्रक्रिया की जानकारी देना है। पहले चरण में शनिवार को ग्राम पंचायत गवाली और उरला में बैठकें आयोजित होंगी।

# डॉ. गौरव ने नेशनल मास्टर्स गेम्स में जीता स्वर्ण और रजत पदक

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

**जोगिंद्रनगर** के डॉ. गौरव शर्मा ने धर्मशाला में आयोजित नेशनल मास्टर्स खेल प्रतियोगिता 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण और एक रजत पदक अपने नाम किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता सुपर मास्टर्स गेम्स एंड स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा हर वर्ष आयोजित की जाती है। डॉ. गौरव शर्मा ने इससे पहले दिसंबर 2024 में स्टेट मास्टर्स खेल प्रतियोगिता, बिलासपुर में भी रजत पदक जीता था।

**अब तक जीत चुके हैं 40 से अधिक पदक, जोगिंद्रनगर में खुशी की लहर**

शतरंज (चेस) में सिल्वर और क्रिकेट में गोल्ड सहित वे अब तक 40 से अधिक पदक जीत चुके हैं। खेलों में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डॉ. शर्मा ने अपनी उपलब्धि पर कहा कि खेलों ने मेरी जिंदगी को एक नई दिशा दी है। यह सिर्फ शारीरिक नहीं, मानसिक रूप से भी मज़बूत बनाते हैं। मैं युवाओं से कहना चाहता हूं कि वे खेलों को जीवन का हिस्सा बनाएं। भविष्य में अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश और प्रदेश का प्रतिनिधित्व करना मेरा सपना है। डॉ. शर्मा की इस उपलब्धि पर जोगिंद्रनगर क्षेत्र में खुशी की लहर है। खेल प्रेमियों, साथियों और स्थानीय नागरिकों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# लापरवाही: महादेव गांव में ओवरहेड टैंक के ओवरफ्लो होने से हो रही पेयजल की बर्बादी

**भीम बसेड़ू, महादेव**

**नाचन** विधानसभा क्षेत्र के एक बड़े भाग में बने ओवरहेड टैंकों के ओवरफ्लो होने से पानी व्यर्थ में बहना जल शक्ति विभाग की लापरवाही को उजागर करता है। पानी बर्बादी का सिलसिला गांव महादेव में भी लंबा हो चला है और इस सुधार के लिए कई–कई बार आवाज उठाई जा चुकी है, मगर विभाग के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है। इससे यह समस्या विकराल रूप धारण करती जा रही है।



खासकर गांव लोअर महादेव के यहां यानी धनोटू गांव को जाते शॉर्टकट रास्ते (पगडंडी) के बीच रास्ते के नजदीक बने ओवरहेड टैंक को अकसर ओवरफ्लो हालत में देखा जा सकता है। जिससे पानी इधर–उधर व्यर्थ में बहता रहता है। यह लापरवाही एक बार फिर वीरवार को देखने को मिली और पेयजल करीब एक घंटे के आसपास व्यर्थ में बहता रहा और मौके पर जबकि विभाग का कर्मी मौजूद रहना चाहिए था, मगर पूर्व की तरह गैरहाजिरी रही।

बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि पेयजल को पूरे तरीके से बचाने में संबंधित विभाग की ड्यूटी लचर अवस्था में है, जिसका उन्हें इसलिए भी अफसोस है क्योंकि सरकार का इस दिशा में पक्का कसाव न होने से वर्तमान समय में ढुलमुल रवैया निराश कर रहा है। लोगों ने उपायुक्त मंडी से मांग की है कि पानी की बर्बादी रोकने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं। (अनंत ज्ञान)

**खेतीबाड़ी**

## महिलाओं की प्रेरणा से रासायनिक खेती को छोड़कर प्राकृतिक विधि से उगा रहे पारंपरिक फसलें

# प्राकृतिक खेती का आदर्श गांव बनकर उभरा कधार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**उपमंडल** जोगिंद्रनगर व पधर के छोर पर बसा कधार गांव में 14 परिवार रहते हैं। इस गांव की एक खास बात है कि यहां प्रत्येक परिवार प्राकृतिक खेती विधि को अपना चुका है व मंडी जिला में प्राकृतिक खेती का आदर्श गांव बनकर उभरा है। कुछ वर्ष पूर्व तक यहां के लोग भी रासायनिक खेती ही कर रहे थे। इसी बीच कधार गांव की महिलाओं ने प्राकृतिक खेती विधि की बारीकियां सीखीं। इससे प्रभावित होकर पूरे गांव ने प्राकृतिक खेती शुरू की।

गांव की रजनी देवी बताती हैं कि चार वर्ष पूर्व उन्होंने प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण प्राप्त किया। पहले साल सभी परिवारों ने इस विधि को प्रयोग के तौर पर लिया और उन्हें अच्छे परिणाम भी मिले। इससे उनका हौसला बढ़ा और उन्होंने खेती की इस विधि को व्यापक तौर पर बढ़ावा दिया। आज हमें गर्व है कि कधार प्राकृतिक खेती में आदर्श गांव बनकर उभरा है। वर्तमान में गांव के किसान आठ हेक्टेयर से अधिक भूमि पर प्राकृतिक खेती विधि से गेहूं, जौ, मक्की, मटर, आलू, सोयाबीन, राजमाह तथा कोदरा (रागी) जैसी पारंपरिक फसल बीजते हैं। यह खेती उनके लिए कम खर्च वाली सिद्ध हुई है, क्योंकि इसके लिए केवल गाय का गोबर व गोमूत्र मुख्य घटक हैं। गांव में सबके पास देसी गाय होने से उन्हें यह मुफ्त में ही प्राप्त हो जाता है। प्राकृतिक खेती से उगाई मक्की व गेहूं के समर्थन मूल्य में प्रदेश सरकार द्वारा की गई बढ़ोतरी से ग्रामीण खुश हैं।

रजनी देवी ने न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी के लिए प्रदेश सरकार का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि मक्की का खरीद मूल्य 40 रुपए प्रति किलो व गेहूं का 60 रुपए प्रति किलो होने से किसानों को लाभ मिलेगा।



### प्राकृतिक खेती से जुड़े 3,376 किसान

**आत्मा** परियोजना के खंड तकनीकी प्रबंधक (बीटीएम) द्रंग, ललित कुमार ने बताया कि कधार गांव को प्राकृतिक खेती आदर्श गांव घोषित किया गया है। वर्तमान में द्रंग विकास खंड के अंतर्गत लगभग 3,376 किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ा गया है।

### 20 संसाधन भंडार किए गए स्थापित

**क्षेत्र** में जीवामृत, घन जीवामृत एवं बीजामृत उपलब्ध करवाने के लिए 20 संसाधन भंडार स्थापित किए गए हैं, जिनके माध्यम से किसान पांच रुपए प्रति किलोग्राम देसी गाय का गोबर, दो रुपए प्रति लीटर जीवामृत, 15 रुपए प्रति लीटर घन जीवामृत तथा गोमूत्र आठ रुपए प्रति लीटर की दर से प्राप्त कर सकते हैं।

# 254 कनाल खड़ी गेहूं जलकर राख



अग्निशमन विभाग के कर्मी ऊना में गेहूं में लगी आग को बुझाते हुए।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना के निकटवर्ती गांव नंगड़ा व पेखुबेला में करीब 50 कनाल खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। यह आग अचानक हवा के झोंके के साथ चारों ओर फैल गई। इसमें पीड़ितों की फसल जल कर राख हो गई। खेतों से उठी लपटों को देखकर लोग आग बुझाने के लिए दौड़े, लेकिन आग की प्रचंड लपटों के आगे बेबस हो गए।

आग की सूचना फायर ब्रिगेड ऊना को दी गई। त्वरित कार्रवाई करते हुए फायर ब्रिगेड की दो टीमों ने मौके पर पहुंचकर खेतों में लगी आग को बुझाया और साथ लगते गेहूं के खेतों व रिहायशी मकानों को सुरक्षित बचा लिया। पीड़ितों में रामपाल की 20 कनाल, उषा देवी की 11 कनाल, रवि चंद की 9 कनाल व राकेश कुमार व राजेश कुमार की 10 कनाल गेहूं की फसल व डीजल इंजन भी जल गए। करीब 3 लाख का नुकसान हुआ बताया जा रहा है। अग्निशमन विभाग के अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि फायर ब्रिगेड की टीमों ने गेहूं की फसलों में लगी आग को बुझा लिया है। उधर, पुलिस ने आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## 4 कनाल गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख

**विवेक शर्मा, अंब।** कटोहड़ खुर्द, वार्ड नंबर-5 पक्का परोह गांव के शनि मंदिर के समीप स्थित खेतों में अचानक आग लग गई, जिससे सुरेश कुमार पुत्र जगदीश राम निवासी कटोहड़ खुर्द की लगभग 4 कनाल गेहूं की खड़ी फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग खेत के साथ लगते बेले से शुरू हुई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही मिनटों में आग खेत तक पहुंच गई और पूरी फसल चपेट में आ गई। ग्रामीणों ने व अग्निशमन कर्मियों ने मिलकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। हालांकि, शॉर्ट सर्किट या किसी की लापरवाही को इसकी वजह माना जा रहा है। संबंधित प्रशासन को सूचित कर दिया गया है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। किसान सुरेश कुमार ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है, ताकि हुए नुकसान की कुछ भरपाई हो सके। (अनंत ज्ञान)

## 60 किसानों की गेहूं की खड़ी फसल स्वाह

**हरोली।** हरोली के तहत पड़ते गांव भेणी खड्ड व पंडोगा में शुक्रवार को आग लगने से 60 किसानों की गेहूं की खड़ी फसल लगभग 200 कनाल जलकर राख हो गइ। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम लगभग 4 बजे भैणी खड्ड में गेहूं के खेत में अचानक आग लग गई थोड़ी ही देर में हवा के चलते आग भड़कने लगी। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया व देखते ही देखते आग बेकाबू हो गई तथा पंडोगा गांव तक पहुंच गई स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तुरंत दमकल विभाग को दी तथा खुद भी आग बुझाने के प्रयास करने लगे। दमकल की दो गाड़ियां ऊना से मौके पर पहुंची कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तबतक 60 किसानों की लगभग 200 कनाल भूमि पर लगी फसल स्वाह हो चुकी थी। इस घटना में लगभग 10 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया गया है आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

# रीढ़ की चोट से जूझ रही महिला की मदद को आगे आए समाजसेवी

**अनंत ज्ञान, जोल**



अंब उपमंडल की पंचायत पंजोया लड़ोली की निवासी नीना शर्मा, पत्नी बृजमोहन, पिछले कुछ समय से गंभीर स्वास्थ्य समस्या से जूझ रही है।

रीढ़ में चोट लगने के कारण वे चलने-फिरने में असमर्थ हो गई हैं। इस दुर्घटना ने उनके जीवन को पूरी तरह बदलकर रख दिया है। इलाज में घर का सारा पैसा खर्च हो जाने से परिवार आर्थिक तंगी से गुजर रहा है। दैनिक जरूरतों को पूरा करना भी मुश्किल हो गया है। परिवार पर जैसे दुखों का पहाड़ टूट पड़ा हो और वे दाने-दाने को मोहताज हो गए हैं। इस विकट परिस्थिति की जानकारी जब समाचार पत्रों और स्थानीय माध्यमों से लोगों तक पहुंची, तो कई लोगों की संवेदनाएं जुड़ीं। इसी कड़ी में चौकीमन्यार निवासी और समाजसेवी सतीश बाली ने नीना शर्मा की मदद के लिए आगे आते हुए 10,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। सतीश बाली अपनी दरियादिली और सामाजिक

**10,000 की आर्थिक सहायता की**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

सेवा के लिए क्षेत्र में जाने जाते हैं, वे जहां भी किसी जरूरतमंद की पुकार सुनते हैं, तुरंत मदद के लिए हाथ बढ़ा देते हैं। स्थानीय लोगों ने सतीश बाली के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की और ऐसे प्रयासों को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। नीना शर्मा का परिवार भी इस मदद से भावुक हो गया और उन्होंने समाजसेवी सतीश बाली का धन्यवाद किया। यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि जब समाज के भीतर संवेदनशील और सहृदय लोग मौजूद होते हैं, तो कोई भी अकेला नहीं होता।

# सिंचाई नलकूप का राकेश ने किया भूमि पूजन

## विधायक ने कहा-1200 कनाल भूमि को किया जाएगा सिंचित

**अनंत ज्ञान, घनारी**



नलकूप के लिए भूमिपूजन के दौरान विधायक राकेश कालिया और अन्य।

जहां गर्मी का प्रकोप दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है, उसी को मध्य नजर रखते हुए विधायक राकेश कालिया द्वारा विधानसभा गगरेट में पुरानी बंद पड़े नलकूपों को पुनः चालू करने के लिए मुख्यमंत्री से विशेष बजट का प्रावधान करवाया है। इसी बजट में नगर पंचायत गगरेट वार्ड नंबर-3 में वर्षों से बंद पड़ी सिंचाई नलकूप की स्कीम को पुन- चालू करने के लिए 20 लाख रुपए का प्रावधान करवाया गया। समारोह में पहुंचने पर विधायक राकेश कालिया को गांव कलोह के उपप्रधान अजय पाल सिंह एवं युवा कल्याण बोर्ड के सदस्य देवीलाल द्वारा शॉल और टोपी पहनाकर सम्मानित किया।

इसके पश्चात इस सिंचाई स्कीम का भूमि पूजन एवं शिलान्यास विधायक राकेश कालिया द्वारा विधिवत्त पूजा-अर्चना व नारियल फोड़कर नलकूप की बोरिंग का काम शुरू कर दिया गया। विधायक राकेश कालिया ने अपने संबोधन में कहा कि इस स्कीम के चालू होने से लगभग 1200 कनाल भूमि को सिंचित किया जाएगा और गगरेट नगर पंचायत के लोगों को पानी की समस्या से जल्द निजात दिलाया जाएगा। हिमाचल में कांग्रेस सरकार आम जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए किसी को परेशानी नहीं होने देगी। गगरेट में पानी की कमी दूर कराने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इस नलकूप की स्थापना के बाद कई मुहल्लों में पाइप लाइन के जरिए पानी की आपूर्ति की जाएगी। यहां पाइप लाइन पहले ही बिछाई जा चुकी है। इस मौके पर नगर पंचायत के प्रधान अनिल कुमार, पार्षद नरेंद्र राणा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र कंवर, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष गुरमेल सिंह, चंदन शर्मा, गौरव शर्मा, अच्छर सिंह सहित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# न्यूज ब्रीफ

## हलेड़ा गांव में पेड़ से लटका मिला व्यक्ति

**अनंत ज्ञान, हरोली।** हलेड़ा गांव में शुक्रवार सुबह एक व्यक्ति आम के पेड़ पर फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही हरोली पुलिस थाना प्रभारी सुनील कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस के पहुंचने से पहले परिवार के सदस्यों ने उसे फंदे से नीचे उतार लिया था। मृतक के शरीर पर किसी भी प्रकार की चोट या खरोंच का निशान नहीं पाया गया। पूछताछ के दौरान परिवार या ग्रामीणों ने किसी पर शक नहीं जताया। व्यक्ति अविवाहित था और एक क्रशर पर ड्राइवर के रूप में कार्य करता था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम संस्कार के लिए परिवार को सौंप दिया है। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आतंकी हमले नहीं होंगे बर्दाश्त : डिंपल ठाकुर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** जिले के समाजसेवी एवं युवा व्यवसायी डिंपल ठाकुर ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हालही में हुए आतंकी हमले पर 28 निर्दोष लोगों की जान जाने पर गहरा दुख प्रकट किया। डिंपल ने कहा कि आज पूरे देश में आक्रोश का माहौल है। इस हमले में कई निर्दोष लोग और सुरक्षाकर्मी घायल हुए हैं। हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तत्परता से एक्शन लिया और भारतीय सेना को फ्री हैंड दे दिया गया है, जो आतंकवाद का सफाया करने में पूरी तरह सक्षम है। डिंपल ने कहा कि पाकिस्तान समझे ले, यह मोदी युग है। आतंकवाद और आतंकी हमले अब बर्दाश्त नहीं होंगे। डिंपल ने कहा कि आतंकी हमले के तुरंत बाद पीएम मोदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, रक्षा मंत्रालय और गृह मंत्रालय के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। इसके पश्चात भारतीय सेना को पूरी छूट दी गई कि वह आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करे। सेना ने नियंत्रण रेखा के पास कई आतंकियों के ठिकानों को तबाह कर दिया है और कई स्लीपर सेल्स को नष्ट किया गया है।

### रावमा विद्यालय तलमेहड़ा में समग्र शिक्षा अभियान के तहत शिविर का आयोजन

# छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर



राजकीय माध्यमिक विद्यालय तलमेहड़ा में सुबह के भौतिक सत्र में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला ऊना के सभी शासकीय माध्यमिक पाठशालाओं की बालिकाओं के लिए सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग अंडर समग्र शिक्षा अभियान के तहत एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

वहीं इसी उद्देश्य में राजकीय माध्यमिक विद्यालय तलमेहड़ा में सुबह के भौतिक सत्र में छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्कूल प्रधानाचार्य जीवन मोदगिल की अध्यक्षता में किया गया।

इसमें विशेष रूप से लड़कियों को आत्मरक्षा के कौशल सिखाए गए। इसका पहला उद्देश्य स्टूडेंट्स को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाना और उन्हें किसी भी खतरे का सामना करने के लिए तैयार करना था।

मार्शल आर्ट ट्रेनर विजय शर्मा ने छात्राओं को पंच, किक, अटैक और डिफेंस आदि के तरीकों का प्रदर्शन कर दुश्मन पर काबू पाने के गुर सिखाए। इसके अलावा लाठी, डंडा, चाकू आदि हथियारों के बार से बचने का तरीका भी समझाया।

# शिवबाड़ी मेले को लेकर की बयानबाजी महज ओछी राजनीति चमकाने का जरिया : देवीलाल

**अनंत ज्ञान, घनारी**

युवा कल्याण बोर्ड के पूर्व निदेशक देवीलाल ने कहा कि द्रोण शिव मंदिर के ऐतिहासिक शिवबाड़ी मेले को लेकर कुछ लोगों द्वारा की जा रही बयानबाजी महज ओछी राजनीति चमकाने का जरिया है।

गगरेट विधानसभा क्षेत्र के इस मेले को जिला स्तरीय करने की मांग कई वर्षों से थी और इस मांग को पूरा करने का काम विधायक राकेश कालिया ने किया और यह मेला हमारे विधानसभा क्षेत्र की विशेष उपलब्धि है और इस मेले को काम जाब करने के लिए हम सभी को एकजुटता से विधायक राकेश कालिया व सरकारी अधिकारी गणों का साथ देना चाहिए। सभी गगरेट वासियों के लिए यह गर्व की बात है। देवीलाल ने कहा कि पहली बार बड़े पैमाने पर मेले को मनाया जा रहा है और इसमें प्रदेश के साथ-साथ अन्य राज्यों के बड़े-बड़े कलाकार मेले की शोभा बढ़ाने के लिए आ रहे हैं, इससे मेलों के कम हो रहे प्रचलन को भी बढ़ावा मिलेगा।

विधायक राकेश कालिया के प्रयासों से प्रशासन शिवबाड़ी के विकास के लिए लगातार काम कर रहा है और इसके सकारात्मक परिणाम भी दिख रहे हैं। आज के इस समय में सभी जानते हैं कि कोई भी आयोजन को सफल करना हो तो उसमें सभी का सहयोग चाहिए होता है और बिना किसी सहयोग से कोई भी कार्य पूर्ण नहीं होता यदि कोई अपनी मर्जी से मेले में सहयोग दे रहा है, तो कुछ लोगों को यह रास नहीं आ रहा है, इससे पहले बीके सामाजिक कार्यों जैसे कि माली, रामलीला, कृष्ण जन्माष्टमी, अखाड़ों को कामयाब करने के लिए लोगों से पैसे का सहयोग लेते रहे हैं।

# चाहत का बाल विज्ञान प्रदर्शनी में दूसरा स्थान



**अनंत ज्ञान, ऊना।** शूलिनी यूनिवर्सिटी में राज्यस्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन एससीईआरटी सोलन की तरफ से किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेश भर से लगभग 52 स्कूलों के स्टूडेंट्स ने भाग लिया। प्रदर्शनी का मुख्य थीम साइंस एंड टेक्नोलॉजी फॉर सस्टेनेबल फ्यूचर था। इस थीम के अंतर्गत सब थीम आपदा प्रबंधन में ऊना जिले के पीएम श्री गवर्नमेंट उत्कृष्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कांगड़ की दसवीं कक्षा की छात्रा चाहत ने प्रदेश भर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर सोलन जिले के शिक्षा उपनिदेशक ने स्थानीय विद्यालय की छात्रा को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। विद्यालय पहुंचने पर छात्रा चाहत व साइंस अध्यापिका मीना राणा का सामूहिक विद्यालय व एसएमसी समिति द्वारा स्वागत किया गया।

# आतंकवाद के खिलाफ हर कदम में सरकार के साथ : विवेक शर्मा



पहलगाम कांड के बाद आतंकी संगठनों का विरोध करते विधायक और अन्य गणमान्य ।

**विनोद शर्मा, लठियानी**

बंगाणा उपमंडल के ननावीं में पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) में हुए आतंकी हमले को लेकर शहीद ब्रजेश कुमार के प्रवेशद्वार पर कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा के नेतृत्व में कैंडल मार्च का आयोजन किया।

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पूर्व सैनिकों और नागरिकों ने भारी संख्या में भाग लेकर आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाई। इस कैंडल मार्च के दौरान पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी करते राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा, निर्दोष और निहत्थे लोगों पर किया गया आतंकी हमला न केवल घृणित है, देश इन हमलों को कभी नहीं भूलेगा। हमारा केंद्र सरकार से आग्रह है कि इस कायराना हमले का सख्त और निर्णायक जवाब दिया जाए। हम आतंकवाद के खिलाफ हर कदम में सरकार के साथ हैं। आतंकवाद को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस सचिव देसराज मोदगिल, प्रदेश कांग्रेस सचिव देसराज, जिला परिषद सदस्य सत्या देवी आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# 12 मार्च का लिखा ट्वीट वायरल

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला ऊना के युवा भाजपा नेता अरुण कौशल द्वारा 12 मार्च को एक्स पर एक ट्वीट किया गया था, जिसमें उन्होंने लिखा था कि वह दिन अब ज्यादा दूर नहीं, जब भारतीय सुबह उठेंगे और उन्हें पता चलेगा कि भारतीय सेना ने रातों-रात पाकिस्तान में घुसकर भारतीय ध्वज फहराया है। वर्तमान परिस्थिति में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत सरकार बदले की कार्रवाई करती हुई नजर आएगी। ऐसे में उन्होंने कहा कि ये समय निंदा करने का नहीं है। भारतीय जनता को युद्ध के समय में भारतीय सेना का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर सहयोग करना चाहिए। जरूरत पड़ने पर सेना के साथ फ्रंट मोर्चे पर लड़ेंगे। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ये सरकार पहले भी कई बार बता चुकी है कि हम दुश्मन को उसके घर में घुसकर मारते हैं, लेकिन पाकिस्तान की सेना और खुफिया एजेंसियों को ये बात समझ नहीं आती क्योंकि वह लात खाने के आदी हो चुके हैं।

**लिखा वो दिन दूर नहीं, जब भारतीय सेना पूरे पाकिस्तान में भारतीय ध्वज फहरा देगी**



डीसी कार्यालय में पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की आत्मा की शांति के लिए अधिकारी व कर्मी दो मिनट का मौन रखते हुए।

# डीसी कार्यालय में पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए शुक्रवार को डीसी कार्यालय ऊना में अधिकरियों-कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति तथा शोक-संतप्त परिवारों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर डीसी जतिन लाल, सहायक आयुक्त वरिंद्र शर्मा सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने इस बर्बर आतंकी घटना की कड़ी निंदा करते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति एकजुटता और संवेदना व्यक्त की।

# चिंतपूर्णी बाजार बंद, श्रद्धालुओं को झेलनी पड़ी परेशानी

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

स्थानीय बाजार को व्यापार मंडल द्वारा शाम 4 बजे तक बंद के कारण श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। बाजार बंद के चलते श्रद्धालुओं को प्रसाद और भोजन-पानी नहीं मिल पाया। हालांकि, मंदिर न्यास के लंगर हाल में दोपहर 12 बजे लंगर शुरू होने पर श्रद्धालुओं ने दोपहर का भोजन किया और राहत की सांस ली।

मंदिर न्यास द्वारा रोजाना दोपहर और शाम को श्रद्धालुओं को लंगर परोसा जाता है। बाजार बंद के बावजूद, मंदिर न्यास की ओर से श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। श्रद्धालुओं ने शांति और संयम बनाए रखा और मंदिर न्यास की व्यवस्था का लाभ उठाया। कुछ दुकानदारों द्वारा चोरी-छिपे दुकान खोलने पर व्यापार मंडल सख्त नजर आया। व्यापार मंडल के सदस्यों ने ऐसे दुकानदारों के पास जाकर दुकान बंद करवाई और चेतावनी दी। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में चिंतपूर्णी व्यापार मंडल ने बाजार बंद का आह्वान किया था, जिसका व्यापक असर देखने को मिला।

## 4 को साईं संध्या व लंगर का अयोजन

**चिंतपूर्णी।** मां बगलामुखी धाम नारी चिंतपूर्णी में बगलामुखी जयंती के उपलक्ष में दोदिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर के संरक्षक एवं पुजारी यशपाल कौल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मंदिर की स्थायी समिति ने कई महत्वपूर्ण फैसले लिए।



मंदिर की स्थायी कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश कौल ने जानकारी दी कि साईं संध्या और लंगर का आयोजन 4 मई को किया जाएगा। शाम को साईं संध्या कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालुओं को भजन-कीर्तन का आनंद मिलेगा। इसके अलावा, श्रद्धालुओं के लिए लंगर भी लगाया जाएगा। 5 को सुबह से लेकर देर रात तक मंदिर में स्थित हवन कुंड में आहुतियां डाली जाएंगी। निशुल्क आहुतियां और लंगर आहुतियां डालने के लिए श्रद्धालुओं से किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। इसके साथ ही, सुबह से लेकर रात तक लंगर का भी आयोजन होगा। मंदिर कमेटी ने श्रद्धालुओं के रहने के लिए निशुल्क और खाने-पीने के लिए लंगर की व्यवस्था की है। मंदिर कमेटी ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वह अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में पहुंचे और आठवीं महाविद्या मां बगलामुखी का आशीर्वाद लें।

# प्रदेश सरकार लोगों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए कृतसंकल्प : बबलू



विधायक चिंतपूर्णी सुदर्शन सिंह बबलू जोल विश्राम गृह में लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

विधायक चिंतपूर्णी सुदर्शन सिंह बबलू ने शुक्रवार को लोक निर्माण के विश्राम गृह जोल में लोगों की जनसमस्याएं सुनीं और अधिकतर का मौके पर ही निपटान कर कुछ को आगामी कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को भेज दिया गया।

इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. रविंदर शर्मा, विधायक के सलाहकार राजेश कुमार गौतम, अधिवक्ता विकास कश्यप, नरेश बरोटीया, प्रधान सतीश सोनू, प्रधान जीवन बाली, पूर्ण शर्मा, रितेश शर्मा, अधिशाषी अभियंता जलशक्ति होशियार सिंह, सहायक अभियंता बी एंड आर जोलभानू ओहरी, कनिष्ठ अभियंता सुरेश कुमार सहित काफी लोग मौजूद रहे। इस मौके पर विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा की प्रदेश सरकार लोगों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने कहा कि इस धार क्षेत्र में पीने के पानी की समस्या को करोड़ों रुपए खर्च कर आज हर घर में नल से साफ व प्रयाप्त पानी उपलब्ध करवाया जा रहा है। वहीं, लोगों को आवागमन के लिए बेहतर सड़क सुविधा मिले इसके लिए करोड़ों रुपए खर्च कर बड़ूही से दुमखर व भलोन से भिंडला सड़क का नई तकनीक से निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में लोगों को सिंचाई के लिए भलोन और सोहारी बरोटा डैम से पानी को उठाकर जल्द ही खेतों में सिंचाई को शुरू कर दिया जाएगा।

**परेशानी** बच्चों को अकेले बाहर भेजने से डर रहे लोग, प्रशासन से लगाई गुहार

# टकारला में आवारा कुत्तों का आतंक

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

अंब उपमंडल की ग्राम पंचायत टकारला में इनदिनों आवारा कुत्तों का आतंक लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि ये कुत्ते झुंड बनाकर गलियों और सड़कों पर घूमते रहते हैं, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हो गए हैं कि लोग अब अपने बच्चों को अकेले स्कूल भेजने से भी कतरा रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, आवारा कुत्ते न सिर्फ डर फैलाते हैं, बल्कि कभी-कभी पालतू जानवरों पर भी हमला कर देते हैं। हालही में एक परिवार की पालतू बकरी को इन कुत्तों ने निशाना बना लिया, जिससे लोगों में भय का माहौल और गहरा गया है। बच्चों को स्कूल छोड़ने और लाने की जिम्मेदारी अब अभिभावकों ने खुद ले ली है, क्योंकि कुत्तों के हमले का डर हर समय बना रहता है। स्थानीय लोगों ने इस समस्या को लेकर कई बार प्रशासन से गुहार लगाई है, लेकिन प्रशासन ने आजदिन तक कोई



फाइल फोटो।

कार्रवाई नहीं की है। उपप्रधान राजीव ने बताया कि पंचायत के पास न तो कोई साधन है और न ही कोई व्यवस्था, जिससे इन आवारा कुत्तों को नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस विषय में संबंधित विभाग को सूचित किया गया है और 1100 नंबर पर भी शिकायत दर्ज करवाई गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

गांववासियों की मांग है कि जल्द से जल्द आवारा कुत्तों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। साथ ही, प्रशासन को इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए ठोस योजना बनानी चाहिए यदि यही हाल रहा तो कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन ने जल्द कोई कार्रवाई नहीं की तो वे आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। वेटरनरी डॉक्टर चूरूड़ू गोपाल कृष्ण का कहना है कि लोगों की शिकायत आई थी, लेकिन हमारे पास आवारा कुतों को पकड़ने के लिए फील्ड स्टाफ नहीं है। हमने लोगों को बताया था कि जब आप बोलेंगे, हम टकारला में एक कैंप लगा देंगे और आवारा कुतों की नसबंदी कर देंगे। हमने कुछ दिन चूरूड़ू में भी नसबंदी कैंप लगाया था, जिसमें हंबोली, चूरूड़ू, दीयाड़ा में बहुत कुतों की नसबंदी की गई।

# हरोली उत्सव : राज्यपाल करेंगे शुभारंभ 'नशा निवारण' रहेगी उत्सव की थीम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

राज्य स्तरीय हरोली उत्सव का आयोजन 27 से 29 अप्रैल तक उपमंडल हरोली के कांगड़ मैदान में किया जाएगा।

इस तीन दिवसीय भव्य आयोजन का शुभारंभ 27 अप्रैल को सायं 5 बजे राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल करेंगे। उत्सव की थीम नशा निवारण निर्धारित की गई है। इसके अंतर्गत नशा मुक्त ऊना-नशा मुक्त हिमाचल का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। डीसी ऊना एवं उत्सव समिति के अध्यक्ष जतिन लाल ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि उत्सव का शुभारंभ 27 अप्रैल को शाम 5 बजे एक भव्य शोभायात्रा के उपरांत राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल कांगड़ मैदान से करेंगे। शोभायात्रा प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री पीजी कॉलेज हरोली से आरंभ होकर कांगड़ मैदान तक जाएगी। इसमें स्वयं सहायता समूह, स्कूली छात्र-छात्राएं, सांस्कृतिक दल और विभिन्न संस्थाएं भाग लेंगी तथा 'नशे को न, जिंदगी को हां' का संदेश दिया जाएगा। 28 अप्रैल को मध्य दिवस के अवसर पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मुख्यातिथि होंगे, जबकि 29 अप्रैल को समापन समारोह में मुख्यमंत्री सुक्खू मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

**27 से 29 तक कांगड़ मैदान में होगा आयोजन**

उत्सव के दौरान तीनों दिन सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन होगा। इसमें स्थानीय व हिमाचली कलाकारों को विशेष मंच दिया जाएगा। 28 अप्रैल की संध्या हिमाचली नाइट के रूप में मनाई जाएगी। साथ ही, उत्सव में पंजाब की संस्कृति की झलक देने के लिए प्रसिद्ध पंजाबी कलाकारों की प्रस्तुतियां भी होंगी। 27 को पंजाबी स्टार गायक मनकीरत औलख अपनी मखमली आवाज का जादू बिखेरेंगे। सुप्रसिद्ध हिमाचली गायक कुमार साहिल और अर्शप्रीत भी 27 को अपनी मधुर प्रस्तुति से रंग जमाएंगे। 28 को इंडियन आइडल फेम नितिन कुमार और अनुज शर्मा और सुप्रसिद्ध पहाड़ी गायक एसी भारद्वाज व अन्य कलाकार हिमाचली संस्कृति की महक बिखेरेंगे। 29 को स्टार पंजाबी गायक गैरी संधू और जसबीर जस्सी पंजाबी संस्कृति का रंग जमाएंगे। इसके अतिरिक्त अफ्रीकन डांस, रशियन फायर डांस और यूक्रेनियन ड्रम बैंड जैसी अंतरराष्ट्रीय प्रस्तुतियां दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण रहेंगी। उत्सव के दौरान छिंज, कुश्ती, कबड्डी, रस्साकसी, मटका दौड़ जैसी पारंपरिक खेल स्पर्धाएं होंगी। साथ ही महिला मंडलों, युवक मंडलों, विद्यालयों और अन्य संस्थाओं के लिए कई रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य शिविर, कृषि एवं पशुपालन विभाग की प्रदर्शनियां, विकास प्रदर्शनी, व्यावसायिक स्टॉल और महिला स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल भी दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र होंगे। डीसी ने समस्त क्षेत्रवासियों से इस भव्य आयोजन में भाग लेकर नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की है।

## न्यूज ब्रीफ

### पहलगाम में मारे गए पर्यटकों के लिए रखा मौन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर उपायुक्त कार्यालय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने गहन शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी उपस्थित जनों ने इस हृदयविदारक घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मृतकों की आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवारों को इस अपार दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। यह श्रद्धांजलि सभा न केवल एकजुटता और मानवीय संवेदनाओं का प्रतीक रही, बल्कि यह भी दर्शाती है कि देश किसी भी प्रकार की हिंसा और आतंक के खिलाफ एकजुट खड़ा है। इस अवसर पर उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार, उप पुलिस राज कुमार सहित विभिन्न विभागों अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मौन रखकर दिवंगत पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू के डीसी तोरुल एस. रविश की अगुवाई में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय परिसर में आतंकवादी हमले में शहीद हुए लोगों की स्मृति में उपायुक्त कार्यालय परिसर में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। उपायुक्त ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निहत्थे पर्यटकों पर हमले की निंदनीय तथा दुखद घटना बताते हुए गहरा शोक व्यक्त किया। उपायुक्त ने इस घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया और मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।

### ढालपुर चौक से कॉलेज गेट की ट्रैफिक डायवर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला दंडाधिकारी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते आगामी पीपल मेला के मद्देनजर ढालपुर चौक से कॉलेज गेट तक मुख्य सड़क पर सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही डीसी ऑफिस/अस्पताल रोड के माध्यम से डायवर्ट की गई है। जारी आदेशों के अनुसार पीपल मेला जो कि 28 से 30 अप्रैल तक ढालपुर, कुल्लू में आयोजित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक कुल्लू और नगर परिषद कुल्लू के कार्यकारी अधिकारी द्वारा भी अवगत करवाया गया है कि मेले को ध्यान में रखते हुए, ट्रैफिक की सुचारु आवाजाही सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक व नगर परिषद के आग्रह पर मुख्य सड़क (ढालपुर चौक से कॉलेज गेट तक) पर ट्रैफिक को 25 अप्रैल से 15 मई तक डीसी ऑफिस/अस्पताल रोड के माध्यम से डायवर्ट किया गया है। 25 अप्रैल से 15 मई तक ढालपुर चौक से कोर्ट कॉम्प्लेक्स, डीसी ऑफिस, क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू होते हुए कॉलेज चौक तक की सड़क 'नो पार्किंग/टो-अवे जोन' घोषित किया गया है।

# बाहू से बागा सराहन तक जल्द बनेगी ईको ट्रेल : पंकज परमार

जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक से इतर कुल्लू जिला परिषद के अध्यक्ष **पंकज परमार** ने अनंत ज्ञान के साथ जिला परिषद के क्रियाकलापों को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मसलों को लेकर अपनी बात बड़ी बेबाकी से रखी। पेश हैं उनके साथ हुई कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति जिले की ब्यूरो चीफ **कमलेश वर्मा** के साथ हुई विशेष बातचीत के मुख्यांश-

*सवाल : त्रैमासिक बैठक में किन कार्यों की समीक्षा की गई?*

**जवाब :** त्रैमासिक बैठक में स्कूलों को ब्लॉक वाइज मिलने वाली सुविधाओं पर सभी पदाधिकारियों ने विस्तार से चर्चा की। बैठक में यह निकलकर सामने आया कि लगभग सभी स्कूलों में सुविधाएं मुहैया हो रही हैं। हम सब मिलकर बचे हुए कामों का प्रस्ताव डालकर शिमला भेजेंगे और प्रशासन के साथ मिलकर जल्द ही पूरा कर लेंगे। मैं सभी विभागों के प्रतिनिधियों का धन्यवाद करना चाहूंगा जिनके सहयोग से हम सभी समस्याओं का निवारण करने में सफल हुए हैं।

*सवाल : ईको ट्रेल की चर्चा जोरों पर है, क्या कहना चाहेंगे?*

**जवाब :** आउटर सराज खासकर बंजार और आनी की पिछड़ी पंचायतों का समुचित विकास जिला परिषद का ध्येय है। पर्यटन और रोजगार की दृष्टि से ओल्ड ब्रिटिश रूट बंजार ब्लॉक के बाहू से लेकर टकरासी तक ब्राइडन पार्क तथा टकरासी से आनी ब्लॉक के पनयोग, टकरासी, झोड़ी पास और सिरयोलसर होते हुए तराला रेस्ट हाउस व आगे तलाश तक कनेक्ट करेगा और साथ में बाहू से लेकर बागा सराहन तक ईको ट्रेल बनेगी। दो दिन पहले हुए सर्वे में हमने वहां पर देखा कि अंग्रेजों के समय में ब्राइडन पार्क बहुत अच्छी स्थिति में था। इसके साथ उस समय के बने रेस्ट हाउसों में ठहरने का लुत्फ भी पर्यटक ले सकेंगे। इससे पचास से ज्यादा पंचायतों के स्थानीय लोगों खासकर युवाओं और महिलाओं को रोजगार मिलेगा। इस काम के लिए आज हमने हाउस की बैठक में करीब दो करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। हम वन विभाग और तकनीकी टीम के साथ समन्वय बनाकर इस काम को सिरे चढ़ाएंगे। इस काम को पंचायत वाइज डिवाइड कर दिया है। सीएम सुक्खू के बंजार और आनी के प्रस्तावित दौरे के दौरान हम इस क्षेत्र को विकसित करने की मांग रखेंगे।



पंकज परमार, जिला परिषद अध्यक्ष

अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत

*सवाल : मिशन जीरो प्रोजेक्ट क्या है?*

**जवाब :** मिशन जीरो का मतलब है कि कुल्लू में ऐसा कोई परिवार न रहे जिसे मूलभूत सुविधाएं न मिल रही हों। इस प्रयास में मैं करीब साढ़े तीन साल से जी-जान से जुटा हूं। पंयायतों के माध्यम से भी प्रयास किया, लेकिन परिणाम सार्थक नहीं आए। इसके बाद जिला परिषद ने आईसीबीसी डिपार्टमेंट के साथ टाई-अप करके एक सर्वे किया। अब हम लगभग हर परिवार तक पहुंच चुके हैं। करीब एक हफ्ते के अंदर हमारे पास सारे सर्वे फॉर्म पहुंच जाएंगे, जिससे पेंशन, रास्तों के निर्माण जैसी बहुत सारी समस्याओं की डिटेल हमारे सामने आ जाएगी। ऐसे भी कई बच्चे हैं, जिनके आधार कार्ड नहीं बने हैं या फिर जिनके माता-पिता नहीं हैं। ऐसी तमाम समस्याओं का पूरा रोड मैप बनाकर हम अपने बचे हुए कार्यकाल में इन सभी पेंडिंग कामों को पूर्ण करेंगे।

*सवाल : मिशन जीरो प्रोजेक्ट क्या है?*

**जवाब :** मिशन जीरो का मतलब है कि कुल्लू में ऐसा कोई परिवार न रहे जिसे मूलभूत सुविधाएं न मिल रही हों। इस प्रयास में मैं करीब साढ़े तीन साल से जी-जान से जुटा हूं। पंयायतों के माध्यम से भी प्रयास किया, लेकिन परिणाम सार्थक नहीं आए। इसके बाद जिला परिषद ने आईसीबीसी डिपार्टमेंट के साथ टाई-अप करके एक सर्वे किया। अब हम लगभग हर परिवार तक पहुंच चुके हैं। करीब एक हफ्ते के अंदर हमारे पास सारे सर्वे फॉर्म पहुंच जाएंगे, जिससे पेंशन, रास्तों के निर्माण जैसी बहुत सारी समस्याओं की डिटेल हमारे सामने आ जाएगी। ऐसे भी कई बच्चे हैं जिनके आधार कार्ड नहीं बने हैं या फिर जिनके माता-पिता नहीं हैं। ऐसी तमाम समस्याओं का पूरा रोड मैप बनाकर हम अपने बचे हुए कार्यकाल में इन सभी पेंडिंग कामों को पूर्ण करेंगे।

### युवाओं के जोश और बुजुर्गों के होश से बढ़ेंगे आगे

मैं युवाओं को संदेश देना चाहता हूं कि वे ईमानदारी से काम करें। अपने माता-पिता की रिस्पेक्ट करें, क्योंकि उन्होंने आपकी पढ़ाई के लिए बहुत कुछ कुर्बान किया है, साथ ही नशे से दूर रहें। अगर सरकारी जॉब नहीं मिलती है तो अपना कोई भी काम शुरू करें। कड़ी मेहनत करके दूसरों को नौकरी देने वाले बनें। जिले में पर्यटन क्षेत्र में भी रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। चाहे सिक्योरिटी गार्ड या हाउस कीपर की पोस्ट ही क्यों न हो, उसमें भी ट्राई करें। हमारी सारी डेवलपमेंट पंयायतीराज पर आधारित है, इसलिए इसे पूरी तरह से समझें। पंचायत चुनाव में भाग लें। मेरा एक सपना है कि आने वाले पंचायत चुनावों में मैं चाहता हूं कि ज्यादा से ज्यादा युवाओं की भागीदारी हो। अच्छे प्रतिनिधियों को चुनकर आगे लाएं। मैं हर पंचायत का दौरा कर युवाओं से मिलूंगा। हम युवाओं के जोश और बुजुर्गों के होश के साथ आगे बढ़ेंगे। कहते हैं 'लीडर्स मेक्स मोर लीडर्स, तो मेरा भी प्रयास रहेगा कि ज्यादा से ज्यादा युवा सामूहिक रूप से पंचायतीराज में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

### पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में भुंतर में सड़कों पर उतरे कई संगठन

## नारेबाजी के बीच जलाया पाकिस्तान का पुतला

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत के बाद देशभर में गुस्सा है। कुल्लू जिले के मुख्यद्वार भुंतर में शुक्रवार को व्यवसायियों व कई संगठनों ने सड़क पर उतर कर आतंक के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोश रैली की शुरुआत पारला भुतर से हुई। सभी दुकानदार, सामाजिक संगठन, महिला शक्ति व ऑटो चालक आदि मणिकर्णगड़सा चौक लाल पुल के पास इकट्ठे हुए। सभी लोग पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाते हुए फुट ब्रिज भुंतर से शिवा चौक पहुंचे, जहां पहले ही हिंदू संगठन, व्यापार मंडल, सामाजिक संगठन व दुकानदार रैली की तैयारियों में लगे थे।

शिवा चौक में तमाम लोग इकट्ठे हो गए और आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। उसके बाद सभी एकजुट होकर सड़कों पर उतरे और आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।



पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में भुंतर में रोष रैली निकालते लोग।

पाकिस्तान के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की तथा सरकार से कड़ा संज्ञान लेने की बात की। वहीं उन्होंने कहा कि विशेष समुदाय के लोगों को किराये पर न रखें। यह आने वाले समय को हम सभी के लिए खतरा हैं। व्यापार मंडल के प्रधान पंकज सेठी, हिंदू संगठन से राहुल सोलंकी, विनोद कायस्था प्रधान बड़ा भुईन, इंदिवर मेहता, विजय नगर, ऋषि राज, घनश्याम वर्मा, भुंतर सुधार समिति महिला की अध्यक्ष नीना घई प्रवक्ता नीलम घई के साथ कई संगठनों ने पुतला दहन कर आतंकवादियों को फांसी देने की मांग की।

## एससी/एसटी वर्ग के छात्र उच्च शिक्षा ऋण योजना के लिए करें आवेदन : कमलजीत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निगम द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जिला लाहौल-स्पीति के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवक-युवतियों से शिक्षा ऋण योजना हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह जानकारी निगम के कार्यवाहक प्रबंधक कमलजीत ने दी।

उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्ति में सहयोग प्रदान करना है, ताकि धन की कमी के कारण कोई भी छात्र या छात्रा अपने शैक्षणिक लक्ष्यों से वंचित न रहे। निगम द्वारा राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के सौजन्य से अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को भारत में 30 लाख रुपए तक और विदेश में 40 लाख रुपए तक शिक्षा ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। भारत में पढ़ाई करने के लिए ऋण 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर तथा विदेश में 7 प्रतिशत ब्याज दर पर दिया जाता है, जिसमें महिला छात्राओं को 0.5 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट प्रदान की जाती है। इसी प्रकार, अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को 5 लाख रुपए तक के ऋण पर 6 प्रतिशत तथा 5 लाख से 10 लाख रुपए तक 8 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर ऋण प्रदान किया जा रहा है। ऋण की वापसी कोर्स पूर्ण होने के 6 माह पश्चात या नौकरी लगने पर, जो भी पहले हो, आरंभ होती है। दस लाख तक का ऋण 10 वर्ष तथा दस लाख से अधिक का ऋण 12 वर्ष (कोर्स अवधि सहित) में चुकाना होता है। इस योजना के अंतर्गत केवल उन्हीं छात्रों को ऋण दिया जाएगा जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 3 लाख रुपए से अधिक न हो। इसके अतिरिक्त ऋण के विरुद्ध कर्मचारियों की जमानत अथवा ऋण के बराबर मूल्य की भूमि को गिरवी रखना आवश्यक होगा।

यह ऋण भारत अथवा विदेश के सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों में संचालित इंजीनियरिंग, मेडिकल, फार्मेसी, आईटी, प्रबंधन, पत्रकारिता, नर्सिंग, चार्टर्ड अकाउंटेंसी, कंपनी सेक्रेटरीशिप, एमफिल./पीएचडी सहित विभिन्न व्यावसायिक एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी कार्य दिवसों में जिला प्रबंधक, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निगम, केलांग के कार्यालय में दूरभाष नंबर 01900-202526, 70180-60985, 98828-31425 या ईमेल **dmhpscstkeylong@gmail.com** पर संपर्क कर सकते हैं।

### दारचा से लेह सड़क मार्ग के 15 मई तक खुलने की संभावना : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** दारचा से लेह सड़क मार्ग को जल्द यातायात के लिए खोलने को लेकर लाहौल-स्पीति के डीसी राहुल कुमार और लेह के डीसी संतोष व लेह की तरफ से सीमा सड़क संगठन के प्रेजेक्ट हिमांग के कर्नल गुलेरिया व लाहौल की तरफ से सीमा सड़क संगठन के 70 आरसीसी के मेजर तेजस ने वर्चुअल माध्यम से एक बैठक की।

उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि 15 मई तक दारचा-लेह सड़क मार्ग के वाहनों के लिए खुल जाने की संभावना है। उन्होंने आग्रह किया है जब तक लेह प्रशासन व जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लाहौल इस मार्ग खुलने के घोषणा नही करता, तब तक यहां यात्रा करने का जोखिम ना उठाएं।

# जिला परिषद की बैठक में गूंजे मनरेगा, साडा व लाडा सहित कई अन्य मुद्दे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला परिषद कुल्लू की त्रैमासिक बैठक का आयोजन जिला परिषद हाल कुल्लू में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष पंकज परमार ने की तथा अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर विभिन्न जिला पार्षदों द्वारा उठाए गए प्रश्नों तथा समस्याओं पर अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई। बैठक में सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा के मामले पर जिला परिषद सदस्यों ने सवाल उठाए।

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार ने सभी विभागाध्यक्षों को बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित बनाने को कहा। बैठक में उपाध्यक्ष वीर सिंह ठाकुर, सदस्य पूर्ण चंद्र ठाकुर, मानसिंह, जीवन ठाकुर, गुलाब सिंह, आशा ठाकुर, रुक्मिणी देवी, दीपिका, रेखा गुलेरिया द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दे पर विभागीय अधिकारियों से जानकारी हासिल की गई। बैठक की कार्यवाही का संचालन जिला पंचायत अधिकारी ने किया।



जिला परिषद कुल्लू की बैठक में उपस्थित गणमान्य लोग।

**बैठक में क्या-क्या रहे प्रमुख मुद्दे :** सदस्यों के प्रश्न का जवाब देते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता ने बताया कि भुंतर-मणिकर्ण रोड को डबल लेन करने के संबंधी 78.15 करोड़ रुपए की डीपीआर स्वीकृति के लिए केंद्र सरकार को भेजी गई है, जिसकी स्वीकृति मिलने के बाद कार्य आरंभ हो जाएगा ।

सदस्य पूर्ण चंद द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में जिला राजस्व अधिकारी ने जानकारी दी कि लाडा में प्रभावित जॉन /खंड/क्षेत्र/ तथा पंचायत आदि की विस्तृत जानकारी से संबंधित सूची तथा पिछले तीन वर्षों में यहां खर्च की गई धनराशि का संपूर्ण ब्यौरा उन्हें लिखित रूप में दे दिया गया है। जिप सदस्य रुक्मिणी ने भलाण-1 पंचायत के धारा गांव में बने पानी के टैंक का मामला उठाया तथा कहा कि टैंक में करीब आठ साल से पानी की सप्लाई नहीं हुई है। जिप सदस्य पूर्ण ठाकुर ने आपदा में मकान और अन्य नुकसान उठाने वाले लोगों को मुआवजा मिलने तथा विद्युत परियोजना से मिलने वाले मुआवजे की जानकारी हासिल की। जिला परिषद सदस्य गुलाब ठाकुर, आशा ठाकुर, मीना ठाकुर ने भी अपने-अपने क्षेत्र के मामले उठाए। जिला परिषद अध्यक्ष पंकज परमार ने कई मामलों में अधिकारियों को जल्द लंबित कार्यों को पूरा करने की अपील की।

### लाडा-साडा का पैसा खर्चने की नहीं मिल रही जानकारी : रेखा

वहीं, जिला परिषद सदस्य रेखा गुलेरिया ने कहा कि उनके मुख्य मुद्दे लाडा व साडा रहे। उन्होंने बताया कि पिछली त्रैवार्षिक बैठक में लाडा और साडा का ब्लॉक और जिला का जो शेयर है, उसका जो आवंटन हुआ है, उसकी पूरी सूची मांगी गई थी लेकिन सूची उन्हें नहीं दी गई। उन्होंने बताया कि लाडा और साडा का पैसा हर कहीं खर्च हो रहा है। शाट सब्जी मंडी और भुंतर पुल की भी हालत खराब है। उन्होंने कहा कि मलाणा में आपदा के समय से यहां की सड़क बंद है। विधायक सुंदर ठाकुर द्वारा यहां पर सामान ऊपर नीचे ले जाने के लिए झूला लगाया है, जिसमें एक तरफ का खर्च 350 रुपए आ रहा है। जिस हिसाब से मलाणावासियों को गांव तक सिलेंडर, राशन सहित अन्य सामान दुकान से दो से तीन गुणा दामों में पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि इस स्पेन को यहां से हटाया जाए और यहां के लोगों को उचित सुविधा मुहैया करवाई जाए।

### सरकारें मनरेगा कानूनों की उड़ा रही धज्जियां : पूर्ण

**इस** मौके पर जिला परिषद चायल वार्ड के सदस्य पूर्ण ठाकुर ने मनरेगा के मजदूरों का मामला प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि मनरेगा कानून के तहत 100 दिन गारंटी का रोजगार मिलता है, लेकिन मनरेगा के मजदूरों को दिसंबर 2024 से लेकर अभी तक मानदेय नहीं मिला है। जबकि कानून के अनुसार 14 दिन के बाद मानदेय मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने मानदेय जारी नहीं किया और प्रदेश सरकार ने कहा था कि मनरेगा की दिहाड़ी बढ़ रही है, लेकिन वह भी सिर्फ कागजों में ही बढ़ी है। 2005 में जो कानून बना था उसकी केंद्र व प्रदेश सरकार सरेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। कुल्लू जिले में हजारों जॉब कार्ड धारक हैं जिनको मानदेय नहीं मिलने से दिक्कतें पेश आ रही हैं। सदन के माध्यम से भी प्रस्ताव भेजा गया सरकार को और मांग रखी गई कि मनरेगा के मजदूरों को मानदेय दिया जाए। वहीं, उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में दोनों सरकारें इस मामले पर गंभीरता नहीं दिखाती तो हम सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे।



# अनंत ज्ञान नारी शक्ति विशेष

### आज के समय में युवतियों का शिक्षित होने के साथ-साथ आत्मनिर्भर होना जरूरी

**मुझे** लगता है कि आज के समय में सबसे पहले युवतियों को शिक्षित होने के साथ-साथ आत्मनिर्भर होना बहुत ही जरूरी है। अच्छी शिक्षा के बिना किसी भी चीज की कल्पना करना बेकार है। शिक्षा ही वह जरिया है, जिससे हम अपने जीवन को बेहतर कर सकते हैं। इसके साथ ही हर बदलते वक्त के साथ अच्छी चीजों को लेकर बदलना भी जरूरी है। आज के समय में जिस तरह से युवक युवतियां नशे के गिरफ्त में फंसकर अपने जीवन को खराब कर रही हैं, उससे न केवल उनका अपना जीवन खराब हो रहा है बल्कि उनके साथ-साथ समस्त परिवार और समाज को भी इस का नुकसान हो रहा है। इसलिए युवतियां अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल खेलकूद, कलात्मक गतिविधियों में ओर सकारात्मक कार्यों में करें तो तनाव से दूर रह पाएंगी। आज के समय में महिलाओं के साथ सबसे ज्यादा धोखे सोशल नेटवर्किंग के माध्यम से हो रहा है, यहां तक कि बहुत से ऑनलाइन डेटिंग के माध्यम से अनजान लोगों से शादी तक कर बैठते हैं, मगर बाद में वो ठगी का शिकार बन जाते हैं, इसलिए ऑनलाइन नेटवर्किंग का इस्तेमाल सोच समझ कर ही करें तो बेहतर है।



-प्रीति, कुल्लू



## सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी को साझा करने से बचें महिलाएं

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

आज की महिलाएं समय के साथ-साथ चलने में और खुद को समय की जरूरत के हिसाब से खुद को ढाल रही हैं। युवतियां अपनी शिक्षा, अपने जीवन साथी ओर अपने करियर को लेकर पहले से जागरूक रहती हैं और उन्हें पता है कि उन्हें अपने जीवन में क्या करना है और क्या नहीं करना, उसको लेकर भी सतर्क हैं। आधुनिक समाज जिस तरह से बदलाव के दौर से गुजर रहा है, ऐसे में लोगों की जरूरतों और प्राथमिकताओं में भी बदलाव आ रहा है। इसी बदलाव की आंधी में आज लोगों की समझ, विचारधारा, रहन सहन, खान-पान, जरूरतें, प्राथमिकताएं समाजिक मूल्यों में भी बदलाव देखने को मिल रहा है। जहां एक तरफ आज की युवतियों में समय के हिसाब से कदम से कदम मिला कर चलने की योग्यता है, वहीं पर कुछ मामले ऐसे भी पेश आ रहे हैं, जहां पर आज की युवतियां करियर, जीवनसाथी और आधुनिकता के बीच तालमेल नहीं बिठा पाती हैं। आधुनिक दिखने के लिए नशे का सहारा लेना, गलत इंसान की संगत में पड़ना, ऑनलाइन डेटिंग साइट्स में चक्कर में फंस जाना जैसे बहुत से उदाहरण हैं, जहां पर आज की कुछ महिलाओं व युवतियों को बहुत कुछ खोना पड़ जाता है। वहीं, सोशल मीडिया में भी आज के समय में पुरुषों के साथ महिलाएं व युवतियां भी काफी सक्रिय हैं, जो कि अच्छा है लेकिन सोशल मीडिया का इस्तेमाल कितना हो और अंजान लोगों से दोस्ती सहित सोशल साइट पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी को साझा करने से भी बचना जरूरी है। साथ ही बुरी संगत से दूर रहना और नशे के दलद, में धंसती कुछ महिलाएं व युवतियों को इस दलदल से कैसे दूर रखें और क्या करें क्या नहीं, इन्हीं सब बातों को लेकर अनंत ज्ञान की प्रभारी ने महिलाओं व युवतियों से बात की, पेश है उसके कुछ अंश...

**युवतियां सकारात्मक गतिविधियों के लिए करें अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल**

### युवतियों की अपने पैरों पर खड़ा होने की होनी चाहिए पहली प्राथमिकता

**मेरे** विचार में आज के समय में युवतियों की पहली प्राथमिकता अपने पैरों पर खड़ा होना होनी चाहिए। इसके लिए युवतियां पढ़-लिखकर सशक्त बनकर आत्मनिर्भर बनें। यदि कोई महिला नौकरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करती हैं तो यह गर्व की बात है। महिलाओं के लिए नौकरी चाहे सरकारी हो या प्राइवेट, किसी भी क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने के लिए सबसे पहले तो महिलाओं का पढ़ा-लिखा होना बहुत जरूरी है। महिला समाज का वह आईना होती है, जो आपने विचारों से समाज की कुरीतियों और भ्रांतियों से लड़कर अपनी कामयाबी की एक नई कहानी लिख सकती हैं। औरत का शिक्षित होना और अपने पैरों पर खड़े होना इसलिए भी जरूरी है ताकि वह समाज में हो रहे कृत्य जैसे दहेज प्रथा, यौन शोषण, घरेलू हिंसा और अन्य उत्पीड़न आदि जैसी मानसिकता का शिकार न बन सकें। आज के समय में देखा गया है कि कई बार युवतियां नशा, ऑनलाइन डेटिंग, शादी, नौकरी के नाम पर शोषण जैसे प्रलोभन के चलते अनजान ओर अपराधी किस्म के लोगों के झांसे में आकर फंस जाती हैं, क्योंकि बहुत से मामलों में उन्हें अपने मूल आधिकारों का ज्ञान नहीं होता जिसके लिए कहीं न कहीं हम खुद ही जिम्मेदार होते हैं। यदि हमें अपने मूल आधिकारों का ज्ञान होगा तो युवतियां कभी ऐसे लोगों के झांसे में नहीं फंसेंगी।



-शानिया, गांधीनगर (कुल्लू)

### युवतियों को सच्चा जीवनसाथी मिलना भी जरूरी

**मेरे** ख्याल से युवतियों के जीवन में पहली प्राथमिकता एक योग्य, ईमानदार और सच्चा जीवनसाथी मिलना है। दौलत शोहरत, नौकरी मिलना फिर भी आसान है, मगर एक सही जीवनसाथी मिलना आसान नहीं है और अगर कोई सही जीवनसाथी मिल जाए तो सारी जिंदगी खुशियों से भर जाती है। आज के समय में महिलाओं में नशे के प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है और विशेष तौर पर युवतियां इस का ज्यादा शिकार हो रही हैं। ऐसे में अभिभावकों को चाहिए कि वे अपनी बेटियों से इस संदर्भ में खुलकर बात कर उन्हें नशे के चंगुल में फंसने से बचाएं। अगर उन्हें ऐसा पता चलता है तो वे क्रोध पर नियंत्रण रखते हुए संयम से काम लें और अपनी बेटियों से खुल कर बात करें और नशे के दुष्प्रभाव बताएं। आज के समय में युवतियों को भी जागरूक होने की जरूरत है, साथ ही नए जमाने की नई चुनौतियों के बारे में भी समय-समय पर जागरूक करते रहें। भूल कर भी बच्चों को इस मामले में डराने ओर धमकाने की कोशिश न करें। इंटरनेट के जमाने में किसी भी ऑनलाइन साइट या अनजान साइट पर अपनी जानकारी को साझा करने के बारे में पहले से ही सतर्कता बरतना बहुत जरूरी है और बच्चों को अपराधों से होने वाले नुकसान के बारे में भी सचेत करते रहें।



-दीपा शर्मा, कुल्लू

### नशीली दवाओं की लत से निपटने के लिए सही दृष्किोण जरूरी

**आज** की युवा महिलाओं में नशीली दवाओं की लत से निपटने के लिए सही और कारगर और व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। नशे को अपनाने के मूल कारणों को समझकर, नैतिक और पारिवारिक समर्थन प्रदान करके, साथ ही किसी पेशेवर मनोवैज्ञानिक की मदद से नशे में पड़ चुकी युवतियों की जिंदगी को बचाया जा सकता है। वहीं, आज के समय में युवा महिलाओं की पहली प्राथमिकता एक सच्चा, नेक दिल और प्यार करने वाला साथी का जीवन में होना है, जो वास्तव में अपने जीवनसाथी का हर हाल में साथ देने वाला हो। आज की युवतियों को अगर योग्य जीवनसाथी मिले तो जीवन की आधी परेशानी तो यूं ही दूर हो जाती है। आधुनिक जीवन की जटिलताओं के साथ तालमेल बैठाना युवा महिलाओं के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। विवाह, ऑनलाइन डेटिंग ओर करियर के चयन में आंख मूंदकर किसी और भी विश्वास करने से बेहतर है। युवतियां हर पहलू को अच्छे से जांच लें ताकि बाद में कोई समस्या उत्पन्न न हो। खुद को आत्मनिर्भर बनाना, अपने दिलों दिमाग की सुनते हुए और अपने स्वभाव को देखते हुए ही आगे बढ़ना ठीक रहेगा न कि भावनाओं में बह कर गलत कर बैठना ओर फिर उस पछतावे के बोझ तले घूमते रहना।



-चंपा, सैंज ( कुल्लू)

## न्यूज ब्रीफ

### करंट लगने से 24 वर्षीय युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिले के तहसील मुख्यालय ददाहू में आज एक घटना में करंट लगने से 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान संगड़ाह तहसील के उगर-कंडो गांव के रहने वाले कर्ण शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस हर पहलू से मामले की गहनता से छानबीन कर रही है। इस घटना ने एक बार फिर बिजली के उपकरणों के रखरखाव और सावधानी बरतने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

### शादी समारोह से गायब हुई नाबालिगा मिली

**अनंत ज्ञान, सोलन।** थाना सायरी में दर्ज मामले के आधार पर पुलिस ने शादी समारोह से गायब हुई नाबालिगा को पुलिस ने कसौली में ढूंढ निकाला है। इस मामले में दो युवकों को हिरासत में लिया गया है। जानकारी के मुताबिक एक शिकायतकर्ता ने पुलिस थाना सायरी में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 21 अप्रैल को इनकी नाबालिग बेटी (17) शादी समारोह में शामिल होने के लिए रिश्तेदारों के घर में गई थी। 22 अप्रैल को इन्हें इनके रिश्तेदार ने रात के समय फोन करके सूचित किया कि इनकी बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गई है, जिसके उपरांत इन्होंने इसकी काफी तलाश की, परंतु वह कहीं न मिली। इस पर अभियोग पुलिस थाना सायरी में पंजीकृत करवाया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान पुलिस थाना सायरी की टीम द्वारा उपरोक्त नाबालिग को 23 अप्रैल को इनके परिचित के घर तहसील कसौली जिला सोलन से बरामद कर परिजनों के हवाले कर दिया है। नाबालिगा का बयान अदालत के समक्ष दर्ज करवाया गया है। मामले की जांच जारी है।

### जगत सिंह नेगी आज सोलन जिले के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी 26 अप्रैल को सोलन जिले के प्रवास पर आ रहे हैं। जगत सिंह नेगी 26 अप्रैल, को दोपहर 12 बजे सोलन के परवाणू में हिमाचल प्रदेश बागवानी उत्पाद विपणन एवं प्रसंस्करण निगम (एचपीएमसी) संयंत्र का निरीक्षण करेंगे।

### होमगार्ड के जवानों ने किया श्रमदान

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट की निकटवर्ती पंचायत बरायली के झरना वॉटर सोर्स पर हिमाचल होमगार्ड जवान की 11वीं बटालियन सोलन की बीटीसी कोटली के स्टाफ द्वारा श्रमदान और सफाई अभियान चलाया गया। अभियान में बीटीसी कोटली के कर्मचारियों ने झरने के आसपास के क्षेत्र की सफाई की और जल स्रोत को स्वच्छ बनाने का प्रयास किया। उपप्रधान बरायली कृष्ण चंद भट्टी ने कहा कि स्वच्छता अभियान के माध्यम से हम अपने पर्यावरण और जल स्रोतों की रक्षा कर सकते हैं। उन्होंने सभी से स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करने का आग्रह किया। बीटीसी कोटली के स्टाफ ने इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया और झरने के आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दिया। इस दौरान प्रभारी कोटली योगिंदर गौतम और पंचायत उपप्रधान बरायली कृष्ण चंद भट्टी भी मौजूद रहे।

### पाइनग्रोव में लगा ग्लोबल यूनिवर्सिटी फेयर



**अनंत ज्ञान, सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल सुबाथू में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के लिए एक अत्यधिक सफल करियर मेले का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं, स्नातक पाठ्यक्रमों और भारत और विदेशों में प्रतिष्ठित कॉलेजों के बारे में बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान करना था। मेले की शुरुआत स्कूल की प्रमुख कैप्टन रेणु शर्मा के स्वागत भाषण से हुई, जिन्होंने प्रतिनिधियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें स्कूल के मूल्यों, उपलब्धियों और शैक्षणिक दृष्टिकोण से परिचित कराया। इसमें कुल 37 प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों और संस्थानों ने भाग लिया, जिससे छात्रों और अभिभावकों को प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करने, प्रवेश प्रक्रियाओं को समझने, करियर विकल्पों का पता लगाने और विभिन्न शैक्षणिक धाराओं के बारे में पूर्ण रूप से जानकारी मिली।

### ददाहू व संगड़ाह कॉलेज में एनएसयूआई अध्यक्ष नियुक्त



**अनंत ज्ञान, नाहन।** राष्ट्रीय छात्र संगठन सिरमौर के ददाहू डिग्री कॉलेज में एनएसयूआई का इकाई अध्यक्ष देव गोयल को नियुक्त किया गया और संगड़ाह कॉलेज के इकाई अध्यक्ष अभिलाष शर्मा को नियुक्त किया गया। इन दोनों छात्रों नेताओं ने विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार और प्रदेश एनएसयूआई अध्यक्ष अभिनंदन ठाकुर, आर्य कुमार, ओपी ठाकुर, पृथ्वी राहुल, रिशी, विक्रम, मनीष गतलोगी आदि और तमाम एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और कॉलेज में विभिन्न गतिविधि और छात्रों से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की।

### आतंकी हमले के विरोध में राजगढ़ बाजार रहा बंद

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में शुक्रवार को राजगढ़ बंद रखा गया। इसी दौरान दुकानदारों व स्थानीय लोगों ने जिसमें दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी ने भाग लिया। इस आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। इसके पश्चात समाजसेवी विकल्प ठाकुर, पूर्व सैनिक अरुण शर्मा, कांग्रेसी नेता राजेंद्र ठाकुर, व्यापार मंडल के अध्यक्ष हरिओम खेड़ा व वेद प्रकाश ठाकुर ने सरकार से इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। इसके अतिरिक्त बाहर से आने वाले फेरीवालों पर नजर रखने और उनसे दूरी बनाने की भी बात कही।

### उपायुक्त कार्यालय में रखा दो मिनट का मौन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला प्रशासन सिरमौर ने आज उपायुक्त कार्यालय सभागार में पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उपायुक्त सिरमौर सुमित खिम्टा ने शोक संतप्त परिवारों के साथ अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुःख की घड़ी में देश व प्रदेश के सभी लोग उनके साथ है। इस शोक सभा में सहायक आयुक्त विवेक शर्मा, जिला राजस्व अधिकारी चेतन चौहान सहित उपायुक्त कार्यालय के सभी अधिकारी व कर्मचारी भी सम्मिलित हुए।

### मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी गिरफ्तार



**अनंत ज्ञान, बद्दी।** बरोटीवाला थाना के तहत खुद को पुलिस बताकर मोटरसाइकिल चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान अजैब सिंह निवासी माधोपुर पत्तिपुरा तहसील जिला जौनपुर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। अब पुलिस आरोपी को कोर्ट में पेश कर पूछताछ करेगी ताकि पूरी घटना का पता लगाया जा सके। जानकारी के अनुसार 20 अप्रैल को बरोटीवाला पुलिस को रोहित कुमार पुत्र बलदेव सिंह निवासी गांव सौर तहसील रामशहर जिला सोलन ने शिकायत दी थी कि अजाब सिंह नाम के व्यक्ति ने खुद को पुलिस में सब इंस्पेक्टर बताकर उसकी मोटरसाइकिल लेकर चला गया था, जिसके बाद काफी दिनों तक वापस नहीं लौटा। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की और आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि फर्जी पुलिस वाले तो गिरफ्तार कर लिया है जो कि मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गया था। उन्होंने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और जल्द कई और खुलासे हो सकते हैं।

### जरूरतमंदों को विस उपाध्यक्ष ने दी सहायता

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने राजगढ़ शहर के चार गरीब व्यक्तियों को अपना उपचार इत्यादि करवाने के लिए अपनी ऐच्छिक निधि से चार लाख की वित्तीय सहायता प्रदान की है। इसमें बाबूराम सरोट राजगढ़ को एक लाख रुपए, कुमारी मीना देवी कड़ीयूत को एक लाख, श्यामा देवी वार्ड नंबर दो को एक लाख और कमलेश कुमार नजदीक शिरगुल मंदिर को भी एक लाख की वित्तीय सहायता प्रदान के बारे एसडीएम को स्वीकृति पत्र जारी किया गया है । नगर पंचायत की अध्यक्षा ज्योति साहनी ने गरीबों को सहायता प्रदान करने के लिए विधानसभा उपाध्यक्ष का आभार व्यक्त किया है ।

# सपरून में पार्किंग निर्माण का रास्ता साफ

## बाधा बन रही खंडहर वर्षाशालिका को गिराया



सोलन के सपरून में जर्जर हालत में पड़ा रेन शेल्टर गिराया।

**आर मोहन चौहान, सोलन**

शहर के प्रवेश द्वार सपरून चौक पर लोक निर्माण विभाग के खंडहर हालत में पड़े रेन शेल्टर को आखिरकार प्रशासन से गिराने की अनुमित मिल गई। नशेड़ियों और असामाजिक गतिविधियों का अड्डा बने इस खंडहर को अब गिरा दिया गया है। इससे यहां पर पार्किंग निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। शेल्टर की हालत इतनी दयनीय थी कि फोरलेन से गुजरने वाले पर्यटकों की आंखों में यह खटकता था, पर अब इस स्थान में पार्किंग बनने के साथ सौंदर्यीकरण किया जाएगा। पार्किंग बनने से नगर निगम के लिए आय के साधन बनेंगे।

**राहगीरों को होती थी परेशानी परेशानी :** खंडहर पड़े रेन शेल्टर में अक्कर नशे में धुत व्यक्तियों के दुर्व्यवहार से यहां से गुजरना परेशानी का सबब बन गया था, जिससे अब खासकर महिलाओं को निजात मिलेगी। नगर निगम को इस ढांचे को हटाने में चुनौतियों का सामना करना पड़ा, पर वार्ड -14 के पार्षद ने इस मामले को सरकार तक पहुंचाया। इसके बाद इससे गिराने की अनुमित मिल पाई। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की ओर जाने वाले पैदल पथ के निर्माण में बाधा उत्पन्न हो रही है।

**कार्य को 10 लाख मंजूर**

नगर निगम ने इस स्थान पर पार्किंग निर्माण की योजना मंजूर करवाई है। इसके लिए सरकार से 10 लाख रुपए की राशि मिली है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पार्किंग का शिलान्यास भी कर दिया है, पर निर्माण कार्य तभी शुरू होगा, जब जर्जर पड़े शेल्टर को तोड़ा जाएगा। यहां पार्किंग बनने से करीब 50 वाहनों को पार्क करने की सुविधा होगी।

**पार्किंग का निर्माण अब होगा संभव**

नगर निगम सोलन के वार्ड-14 पार्षद राजीव कौड़ा का कहना है कि जर्जर हो चुके रेन शेल्टर गिरा दिया है। अब यहां पर पार्किंग का निर्माण संभव होगा। (अनंत ज्ञान)

## वेंडर मार्केट में बस स्टॉपेज बनने की उम्मीद बढ़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**



पार्षद प्रशासनिक अधिकारियों को मौके का निरीक्षण करवाते हुए।

शहर के सपरून स्थित चौक पर पार्क हो रही बसों और ऑटो की पार्किंग से वाहन दुर्घटनाओं के खतरे और राहगीरों को सड़क क्रॉस करने में आ रही दिक्कतों को देखते हुए वार्ड-14 के पार्षद ने इस मुद्दे को सरकार और प्रशासन के समक्ष उठाया है। रेहड़ी चालकों को स्थानीय मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल के आश्वासन के बाद प्रशासन ने लोकल बसों के लिए वेंडर मार्केट के नजदीक बस स्टॉपेज बनाने के लिए मौके का निरीक्षण किया। मौके पर पहुंची एसडीएम पूनम बंसल और पुलिस अधिकारियों ने यहां ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु करने का जायजा लिया। इसके अलावा टैक्सी यूनियन की मांग पर यह कुछ वाहनों को पार्किंग की सुविधा देने की भी सहमति बनी है।

नगर निगम के पूर्व डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल और लोक निर्माण विभाग व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह के सोलन प्रवास के दौरान टैक्सी यूनियन के सदस्यों द्वारा अपनी गाड़ियों को खड़ा करने व वेंडर मार्केट के वेंडरों के द्वारा राजगढ़ जाने वाली बसों का स्टॉपेज ओल्ड सीजेएम रेजिडेंस के सामने बनी वर्षाशालिका के स्थान के बजाए वेंडर मार्केट के नजदीक बनाने की मांग रखी थी। इसी को लेकर एसडीएम और पुलिस अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही इस कार्य को सिरे चढ़ाने का प्रयास होगा। उन्होंने इसके लिए दोनों मंत्रियों का आभार व्यक्त किया है।

**सपरून में रास्ता क्रॉस करना जोखिम भरा**

**फोरलेन** निर्माण के बाद शहर के एंट्री प्वाइंट सपरून में फुटपाथ और चौक का निर्माण नहीं होने से लोगों को वाहनों की तेज रफ्तारी के बीच जान जोखिम में डालकर सड़क क्रॉस करने को मजबूर होना पड़ रहा है। इससे यहां पर वाहन दुर्घटनाएं भी बढ़ रही है। खासकर स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को सड़क क्रॉस करना मुश्किल हो चुका है। मंगलवार को भी सड़क क्रॉस करने की जल्दी में यहां एक महिला का पांव बस के नीचे कुचला गया। इस घटना के बाद प्रशासन और निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए। निगम ने यहां पर फुटपाथ निर्माण की योजना तो बनाई पर सरकार से धनराशि आबंटित होने के बावजूद आज तक कार्य शुरू नहीं हुआ। सपरून चौक पर वाहनों की भीड़ कम करने के लिए पूर्व डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा के नेतृत्व में वेंडर मार्केट का प्रतिनिधिमंडल डीसी से मिल चुका है। वेंडर मार्केट एसोसिएशन का तर्क है कि यदि सपरून चौक के बजाए लोकल बसें वेंडर मार्केट के सामने रुके तो ट्रैफिक समस्या हल होने के साथ इस वर्ग का कारोबार भी चल पड़ेगा। अभी लोकल बसें सवारियां उठाने के लिए पुराने चौक पर रुकती हैं, जिससे पीछे से आने वाले वाहनों को क्रॉसिंग जोखिम भरी होती है। इसके राहगीरों को सड़क क्रॉस करना जोखिम भरा हो जाता है।

## सोलंकी आज करेंगे सेन-की-सेर लिंक रोड का भूमि पूजन



**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजय सोलंकी 26 अप्रैल को अपने दौरे के दौरान सेन-की-सेर और नाहन चौगान में महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लेंगे। विधायक सोलंकी 26 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे सेन-की-सेर में चबाहां तालाब से सेन-की-सेर सड़क तक बनने वाली लिंक रोड का भूमि पूजन करेंगे। गौरतलब हो कि लिंक रोड के बनने से न केवल स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा होगी, बल्कि क्षेत्र के लिए पुलिस विकास में भी महत्वपूर्ण साबित होगा। इस अवसर पर विधायक सोलंकी ने कहा कि लिंक रोड क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से मांग थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। विधायक सोलंकी शाम 5 बजे नाहन चौगान में आयोजित होने वाले जोड़ मेले का उद्घाटन भी करेंगे। गौरतलब है कि जोड़ मेला एक धार्मिक मेला है। इस मेले को दशम पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी के नाहन आगमन को लेकर मनाया जाता है। विधायक अजय सोलंकी ने कहा कि यह मेला आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। विधायक सोलंकी के इस दौरे से क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है।

## आजादी के 78 साल बाद भी नेडा गांव के लोग सिर पर पानी ढोने को मजबूर

**अनंत ज्ञान, नाहन**

**2 किलोमीटर की चढ़ाई चढ़कर पानी लाने को मजबूर गांव की महिलाएं**

देश को आजादी मिले 78 साल बीत गए हैं, बावजूद इसके प्रदेश में अभी भी कई गांव ऐसे हैं, जहां पीने की समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। गर्मियों के मौसम शुरू होते ही सिरमौर जिले के गिरिपार क्षेत्र के नेडा गांव के लोग पीने के पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। लगभग 40 परिवार वाले इस गांव में कभी कभार ही पानी आता है, ऐसे में गांव की औरतें लगभग 2 किलोमीटर दूर से पानी ढोने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि जल शक्ति विभाग की लापरवाही की वजह से उन्हें खड्ड का गंदा पानी पीना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों कहना है कि गर्मी बढ़ने के साथ भी पहाड़ों पर पीने के पानी की समस्याएं सामने आने लगी हैं। सिरमौर जिले के शिलाई क्षेत्र में कई गांव में पेयजल समस्याएं शुरू हो गई हैं। क्षेत्र नेडा गांव के लोग पीने के पानी के लिए कड़ी मशक्कत करने को मजबूर है। हालांकि इस गांव को उठाऊ पेयजल योजना से जोड़ा गया है, मगर, कर्मचारियों के लापरवाही की वजह से ग्रामीणों को कभी कभार ही पानी मिल पाता है। जितनी सप्लाई आती है, वह इंसानों और पशुओं की जरूरत को पूरा नहीं कर पाती।

महीने के लगभग 20 दिन तो नेडा गांव में पानी की सप्लाई नहीं आती है। ऐसे में गांव की महिलाओं को 2 किलोमीटर दूर खड्ड से दूषित पानी लेकर आती हैं। गांव की महिलाएं सर पर पानी के बड़े-बड़े बर्तन रखकर खड़ी चढ़ाई चढ़कर पानी घरों पहुंचाती हैं।

महिलाओं को पानी के बर्तन के नीचे दिन में 10 से 15 बार यह चढ़ाई चढ़नी पड़ती है। बुजुर्ग महिलाओं के हालत देखिए, हाथों में डंडा लेकर सिर पर पानी का बर्तन उठाएं चढ़ाई चढ़नी पड़ रही है। यहां पानी को लेकर पिछले दो महीने से यही स्थिति बनी हुई है। महिलाओं के इतने बदतर हालत देखकर भी जलशक्ति विभाग को कुव्यवस्था को दुरुस्त नहीं कर रहा है। जल शक्ति विभाग की लापरवाही की वजह से ग्रामीण महिलाओं का जीवन पानी की जरूरत है पूरा करने में ही बीत रहा है। ग्रामीण बार-बार विभाग और प्रशासन से उनके गांव को पानी सप्लाई पहुंचाने की गुहार लगा रहे हैं, मगर उनकी सुनवाई नहीं हो रही है।

## लगांव स्कूल में आज होगा छात्र चुनाव

**अनंत ज्ञान, नाहन।** राजकीय उच्च विद्यालय मलगांव में भारत सरकार की संविधान गतिविधियों की मुहिम के तहत एक महत्वपूर्ण पहल होने जा रही है। विद्यालय में 26 अप्रैल को, जो कि स्कूल बैग फ्री डे भी है, छात्र चुनाव का आयोजन किया जाएगा। यह चुनाव छात्रों में अनुशासन, लोकतांत्रिक मूल्यों और नेतृत्व क्षमता के विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। विद्यालय की मुख्याध्यापिका शालू परमार की अध्यक्षता में यह छात्र चुनाव संपन्न होगा। चुनाव के माध्यम से स्कूल हेड ब्वॉय, स्कूल हेड गर्ल और सभी कक्षाओं के क्लास रिप्रेजेंटेटिव का चयन किया जाएगा।

वहीं, इससे पूर्व विद्यालय में प्रार्थना सभा के दौरान पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में सैलानियों की निर्मम हत्या पर दुख व्यक्त किया गया। पूरे विद्यालय परिवार ने छात्रों सहित दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।

## भवन निर्माण सामग्री चोरी करने के आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पुलिस ने भवन निर्माण सामग्री चोरी के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जानकारी के मुताबिक अमित बिंदल निवासी सोलन ने थाना सदर सोलन में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि गांव डलहैण सलोगड़ा, जिला सोलन में भी इनकी जमीन / मकान है, जहां पर यह बैल्डिंग का काम करवाते हैं।

गत 22 अप्रैल की रात को अज्ञात शातिरों ने इनके उपरोक्त मकान के बाहर रखा लोहे का सामान बीटर, जाली, कमानी पट्टे तथा क्रशर प्लेट इत्यादि चुरा लिया है, जिस पर उपरोक्त अभियोग पुलिस थाना सदर सोलन में दर्ज किया गया था। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान पुलिस थाना सदर सोलन की टीम द्वारा मौका से जुटाए गए तकनीकी साक्ष्यों, छानबीन तथा सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के आधार पर 25 अप्रैल को चोरी की इस वारदात में संलिप्त आरोपियों बंटी पुत्र प्रकाश चंद निवासी गांव कुमाहरड़ी तहसील कंडाघाट, उम्र 30 साल तथा नीरज उर्फ मनु उर्फ फौजी पुत्र बलदेव निवासी गांव डलैहण डाकखाना सलोगड़ा तहसील व जिला सोलन उम्र 31 साल को सलोगड़ा से गिरफ्तार किया गया है।

इन आरोपियों से चुराया गया उपरोक्त सामान भी बरामद कर लिया गया है, जबकि चोरी की इस वारदात को अंजाम देने के लिए प्रयुक्त पिकअप को भी जब्त किया जा रहा है। जांच के दौरान पाया गया है कि उपरोक्त आरोपी बंटी एक आदतन अपराधी है, जो इससे पहले भी थाना जुब्बल जिला शिमला में चोरी के एक मामले में संलिप्त रहा है। इन आरोपियों को आज माननीय अदालत में पेश किया जा रहा है। अभियोग की आगामी जांच जारी है।

## शंभूवाला सड़क हादसे में भारापुर के दो युवकों की मौत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन-पांवटा साहिब नेशनल हाईवे शंभूवाला में देर रात हुए सड़क हादसे में दो जवान युवकों की मौत हो जाने का समाचार मिला है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार धौलाकुआं के भारापूर निवासी 22 वर्षीय नरेंद्र और 23 वर्षीय महेश खजूरना पुल की ओर से अपने घर भारापुर जा रहे थे। दोनों मोटरसाइकिल पर सवार होकर रात को करीब सवा एक बजे शंभू वाला से गुजर रहे थे।

तेज रफ्तार के चलते बाइक चला रहा युवक मोड नहीं काट पाया, जिससे वे दोनों सीधे सड़क के डंगे से जोर से टकरा गए। हादसा इतना भयानक था कि दोनों मोटरसाइकिल सवार युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। स्थानीय लोगों ने रात को ही पुलिस को सूचित कर दिया गया था। मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर नाहन मेडिकल कॉलेज पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। उधर, जिला पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## 14 दिन से लापता तनुज को नहीं ढूंढ पाई सिरमौर पुलिस, परिजन परेशान

**अनंत ज्ञान, नाहन**

गोलगप्पे बेचने वाले गरीब शाम सिंह के 14 दिन से लापता जवान बेटे को खोज पाने में सिरमौर पुलिस नाकाम साबित होती नजर आ रही है। गरीब मां-बाप का बेटे की गुमशुदगी को लेकर रो-रोकर बुरा हाल है। हैरानी तो इस बात की भी है कि शिकायतकर्ता श्याम सिह के द्वारा जिन संदिग्धों पर संदेह जताया गया था, पुलिस उन्हें भी अभी तक डिटेन नहीं कर पाई है। लापता 23 वर्षीय तनुज की कोई भी खबर न मिलने को लेकर अभिभावकों को अब किसी बड़ी अनहोनी का डर सताने लगा पड़ा है।

**पुलिस कर रही बारीकी से जांच : पुलिस प्रमुख**

मामला पहले कच्चा टैंक पुलिस चौकी के अंतर्गत दर्ज हुआ था, बाद में यह मामला सदर थाना के हवाले कर दिया गया है। हालांकि सदर थाना पुलिस के द्वारा बस स्टैंड से लेकर दो सड़का तक सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा चुका है, जहां पर नाहन से कुछ किलोमीटर दूर दो सड़का पर तनुज की अंतिम लोकेशन मिली थी। सीसीटीवी फुटेज में वह चंडीगढ़ की और पैदल जाता हुआ नजर आ रहा है। मगर कुछ दूरी के बाद उसकी लोकेशन काला अंब तक किसी भी सीसीटीवी फुटेज में नजर नहीं आती है। पुलिस का मानना है कि संभवत दो सड़का से कुछ दूरी आगे से वह किसी ट्रक में लिफ्ट लेकर गया हो। यहां यह भी बताना जरूरी है कि तनुज के पास अपना कोई मोबाइल नहीं है।

वहीं, सवाल खड़ा यह भी उठना है कि क्या पुलिस के द्वारा तनुज के पिता श्याम सिंह का मोबाइल जांच में शामिल किया गया है या नहीं। इसके साथदेखना होगा कि तनुज अपने किन दोस्तों के ज्यादा संपर्क में रहता था। तनुज को नशे आदि का उपयोग करने वाला भी बताया जा रहा है। वहीं, सिरमौर जिले के पुलिस प्रमुख निश्चित सिंह नेगी ने बताया कि पुलिस पूरी संजीदगी के साथ गुमशुदा को तलाश रही है। गुमशुदा तनुज की गुमशुदगी को लेकर तमाम सीसीटीवी फुटेज जांच में शामिल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि साथ लगता राज्य हरियाणा पुलिस को भी सूचित किया गया है। इसके अलावा पुलिस जंगल व नदी नालों के आसपास भी नजर बनाए हुए है।

**पक्ष** बाग पशोग पंचायत की प्रधान ने नकारे आरोप

## राजेश्वरी के समर्थन में आए लोग

**अनंत ज्ञान, सराहां**

पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष व बाग पशोग पंचायत की प्रधान राजेश्वरी शर्मा ने शुक्रवार को बाग पशोग पंचायत में पत्रकार वार्ता में कहा कि बाहरी राज्य से आई महिला रणवीर सूद व उसके साथ अन्य व्यक्ति ने जो उन पर विकास में धांधली के आरोप लगाए हैं, वे सरासर झूठे हैं। इस दौरान पंचायत प्रधान के साथ तीन चार वार्ड सदस्य व सैकड़ों लोग भी उनके पक्ष में आए।

पंचायत प्रधान राजेश्वरी शर्मा ने कहा कि यदि रणवीर सूद इसी तरह से झूठे आरोप लगाती रही तो वह शीघ्र ही मानहानि का केस उनके ऊपर डालेगी। उन्होंने कहा कि गत 22 अप्रैल को नाहन में आयोजित प्रेस वार्ता में व उससे पहले जो रणवीर सूद द्वारा मीडिया के माध्यम से उन पर आरोप लगाया गया कि उनकी पंचायत में जो 30 बेंच लगने थे, वे नहीं लगे हैं जिस पर उन्होंने कहा कि सारे के सारे 30 बेंच पंचायत व भुरेश्वर महादेव मंदिर मे लगाए गए हैं जिसकी जांच भी हो चुकी है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि रणवीर सूद ने आरोप लगाया है कि उन्होंने 75 लाख रुपए का जल जीवन मिशन में धांधली की है, जिस पर उन्होंने कहा कि पंचायत द्वारा जल जीवन मिशन के तहत 70 रुपए का भी कार्य नहीं किया गया है जो कि एक गंभीर आरोप है।

उन्होंने कहा कि उन्हें जो हाल ही में राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया, वह भारत सरकार के साथ एक एग्रीमेंट हुआ था जिसमें सरकार द्वारा पूछा गया था कि जो पंचायत ग्रामीण योजनाओं को देश की केंद्र सरकार द्वारा जो चलाई गई योजना को जैसे हर घर नल हर घर जल लेकर सफलतापूर्वक कार्य करेगी, उन्हें यह राष्ट्रीय अवार्ड दिया गया। उन्होंने कहा कि बाग पशोग पंचायत को तीन-तीन राष्ट्रीय अवॉर्ड मिले हैं। इस महिला द्वारा जहां ब्लॉक अधिकारी व जिला अधिकारी को डराया धमकाया जा रहा है। पूर्व पंचायत द्वारा टैंक बनाया जाना था, उसको लेकर भी रणवीर सूद ने शिकायत की थी जिसका जिसे भी उन्होंने पंचायत प्रधान का पद संभालने के बाद बनाया है।

इस मौके पर पंचायत वार्ड सदस्य रक्षा शर्मा, वार्ड सदस्य निर्मला शर्मा, वार्ड सदस्य जगत राम वार्ड सदस्य कौशल शर्मा ने बताया कि यह महिला अपने साथियों सहित गत वर्षों से कई बार उच्च अधिकारियों को शिकायतें करती रहती है। अभी हाल में भी इसके द्वारा लगाए गए आरोपो की जांच चल रही है, जिसमें पंचायत पूरा सहयोग कर रही है। जांच अधिकारियों पर दबाब डालने के उद्देश्य से ही यह महिला अपने साथियों सहित मिडिया के माध्यम से दबाव बनवा रही है, जबकि हकीकत सभी पंचायत वासियों के सामने है।

## भूतपूर्व सैनिकों ने पहलगाम घटना के विरोध में निकाली रैली



पहलगाम घटना को लेकर रोष रैली निकालते लोग।

**अनिल नेगी, रिकांगपिओ।** जनजातीय जिला किन्नौर के भूतपूर्व सैनिकों ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के दौरान मृतकों के प्रति शोक व्यक्त किया तथा बचत भवन से उपायुक्त कार्यालय तक रैली का आयोजन किया। भूतपूर्व सैनिकों ने इस आतंकी घटना में मृतक पर्यटकों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की तथा इस बर्बरता पूर्ण आतंकी घटना की निंदा की और भारत सरकार से आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष इंद्र नेगी, भूतपूर्व सैनिक संघ के प्रथम अध्यक्ष राजीव नेगी, सचिव मनोहरी लाल, मीडिया प्रभारी टाशी मेहता सहित भूतपूर्व सैनिक उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## शूलिनी विवि ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर योगोत्सव का किया आयोजन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) 2025 की 100 दिवसीय यात्रा की 58वीं उल्टी गिनती के अवसर पर युवराज सिंह स्टेडियम में भव्य योगोत्सव मनाया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्रों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों सहित लगभग 500 व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों में सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मंडी और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ओच्छघाट के छात्रों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों के निवासी भी शामिल थे। मुख्य अतिथि राहुल जैन, आईएएस, अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अपने परिवार के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्य अतिथि सरोज खोसला, अध्यक्ष, शूलिनी इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंसेज एंड बिजनेस मैनेजमेंट (एसआईएलबी) भी उपस्थित रहीं।

## 29 को राजगढ़ में धूमधाम से मनाई जाएगी भगवान श्री परशुराम जयंती

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** ब्राह्मण समाज कल्याण इकाई राजगढ़ के सौजन्य से 29 अप्रैल को अक्षय तृतीय के पावन पर्व पर राजगढ़ में भगवान श्री परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। ब्राह्मण समाज कल्याण इकाई राजगढ़ के प्रधान हरदेव भारद्वाज ने बताया कि 29 अप्रैल को प्रातः 8 बजे स्थानीय शिरगुल देवता के मंदिर में भू देवों द्वारा हवन यज्ञ किया जाएगा, तदोपंरात साढ़े 9 बजे शिरगुंल देवता मंदिर से शिरगुल चौक तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि शिरगुल चौक पर 11 बजे कार्यक्रम का आयोजन किया जाएग। इस मौके पर दोपहर एक बजे प्रसाद का वितरण किया जाएगा। हरदेव भारद्वाज ने लोगों से इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया है ।

## सोलन शहर में लगे भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर मूर्ति : तरसेम भारती



**अनंत ज्ञान, सोलन।** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति एवं जनजाति महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष तरसेम भारती ने कहा कि सोलन शहर में भारत रत्न, संविधान निर्माता एवं महान समाज सुधारक डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगनी चाहिए। उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि इस उद्देश्य के लिए उपयुक्त भूमि शीघ्र उपलब्ध करवाई जाए। भारती ने कहा कि यदि सरकार भूमि उपलब्ध करवा देती है तो महासंघ की ओर से डॉ. अंबेडकर की मूर्ति स्थापित करने की संपूर्ण व्यवस्था की जाएगी, साथ ही उन्होंने यह भी प्रस्ताव रखा कि सोलन जैसे शैक्षणिक केंद्र में डॉ. अंबेडकर के नाम पर एक आधुनिक पुस्तकालय की स्थापना की जानी चाहिए।

## नशाखोरी व साइबर क्राइम पर किया सचेत

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंडी (अर्की) में डीएसपी दाड़ला संदीप शर्मा ने विद्यालय में विद्यार्थियों को नशाखोरी, यातायात और साइबर क्राइम पर सचेत किया। उन्होंने कहा कि तकनीकी का इस्तेमाल अपनी पढ़ाई और ज्ञानवर्धन के लिए करना चाहिए। डीएसपी ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आस-पड़ोस में कोई बच्चा यदि नशा कर रहा है तो उसके घर और विद्यालय में जानकारी जरूर दें। ऐसा करना हमारा सामाजिक उत्तरदायित्व है। गौरतलब हो कि डीएसपी संदीप शर्मा ने इस विद्यालय को गोद भी लिया है। प्रधानाचार्या अमिता कौशल ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### निगम ने जल संरक्षण मिशन में किया ध्यान केंद्रित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** स्थायी जल प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए चंडीगढ़ नगर निगम के आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने पूरे शहर में जल संरक्षण प्रयासों में सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया है। आज यहां आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर जल सुरक्षा चुनौतियों से निपटने की तत्काल आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण और सामूहिक जिम्मेदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। आयुक्त ने जल संसाधनों के संरक्षण और प्रबंधन में स्थानीय शासन की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया, जिसमें विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं को शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से जल संरक्षण प्रथाओं में सक्रिय रूप से शामिल होने का आग्रह किया, और इस बात पर जोर दिया कि चंडीगढ़ जैसे शहरी क्षेत्रों में जल लचीलापन बनाने के लिए सामुदायिक कार्रवाई आवश्यक है। नगर निगम ने पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं को बढ़ावा देने, आवासीय और वाणिज्यिक स्थानों में वर्षा जल संचयन प्रणालियों का समर्थन करने और शैक्षणिक संस्थानों को जल स्थिरता कार्यक्रमों को एकीकृत करने के लिए प्रोत्साहित करने की अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहराया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक समर्थन, मजबूत स्थानीय शासन और नीति-समर्थित सुधारों के साथ, चंडीगढ़ का लक्ष्य जिम्मेदार और भविष्य के लिए तैयार जल संरक्षण में एक उदाहरण स्थापित करना है।

### पर्यटकों पर हुआ आतंकी हमला दुर्भाग्यपूर्ण : पंवार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार शुक्रवार को करनाल में दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के सेक्टर-7 स्थित निवास स्थान पर पहुंचे और विनय नरवाल को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि यह बहुत निंदनीय घटना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्रीमोदी ने इस घटना के बाद सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक में पांच ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। इसके अलावा भी और कठोर कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकवादियों ने बेहद ही कायराना तरीके से हमला किया है जोकि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है, आतंकवादियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस बुजदिल और घिनौने कृत्य को अंजाम देने वालों पर कार्रवाई होगी, क्योंकि केंद्र की मोदी सरकार अपराध के सख्त खिलाफ है।

### मलोया में करवाया डॉ. अंबेडकर समान दिवस पर कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, मलोया।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से आज मलोया में डॉ. भीमराव अंबेडकर समान दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर चंडीगढ़ भाजपा अध्यक्ष जितेंदर पाल मल्होत्रा ने डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे न सिर्फ भारतीय संविधान के निर्माता थे, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले महान विचारक भी थे। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रेखा सूद, पूर्व जिला अध्यक्ष रवि रावत, महामंत्री करिशन कांत और राजकुमार राणा ने भी लोगों को संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के विचारों को अपनाने और समाज में समरसता, शिक्षा तथा भाईचारे को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, नागरिक और पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि वे बाबा साहेब के आदर्शों को आगे बढ़ाएंगे और एक समान तथा न्यायपूर्ण समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

### पहलगाम में मारे गए भारतीयों को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पहलगाम में जो निंदनीय हत्याएं हुई है, जिसमें करीब 26 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। साथ ही बहुत लोग बहुत बुरी तरह से जख्मी भी हुए है। इस दुख की घड़ी में हम सब भारतीय उन परिवारों के साथ है। इस दौरान ऑल इंडिया लेवल लिआफी के प्रेसिडेंट श्यामल चक्रवर्ती के निर्देशानुसार आज दोपहर 3:00 बजे शाखा यूनिट में उन सभी मारे गए भारतीयों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### 21वीं मंजिल से गिरा सात महीने का बच्चा, मौत

**एजेंसी, पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर में एक इमारत की 21वीं मंजिल से अपनी मां की गोद से फिसल कर गिरने से एक सात माह के बच्चे की मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना बोलिंज कस्बे में हुई। अधिकारी ने बताया कि मां ने बच्चे को अपनी गोद में पकड़ रखा था और उसे गोद में पकड़े हुए ही वह कमरे की खुली खिड़की के पास दरवाजा बंद कर रही थी, तभी बच्चा उसकी पकड़ से फिसल गया। अधिकारी ने बताया कि बच्चे को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### रूस के एक और ड्रोन हमले में तीन लोगों की मौत

**एजेंसी, कीव।** यूक्रेन के एक शहर में स्थित अपार्टमेंट पर रूस के ड्रोन हमले में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 10 अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय प्रशासन के प्रमुख सेरही लिसाक ने 'टेलीग्राम' पर बताया कि यूक्रेन के निप्रॉपेट्रोस क्षेत्र के पाव्लोग्राद शहर में रात के समय हुए हमले में मरने वालों में एक बच्चा और 76 वर्षीय महिला शामिल है। यूक्रेन की वायुसेना ने बताया कि रूसी सुरक्षा बलों ने बीती रात देश के छह क्षेत्रों में 103 शाहिद और डिकॉय ड्रोन से हमला किया। उत्तर-पूर्वी सूमी और खारकीव क्षेत्र के अधिकारियों ने सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान होने की जानकारी दी है, हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं दी है।

### प. बंगाल के बीरभूम में विस्फोट, मकान क्षतिग्रस्त

**एजेंसी, बोलपुर।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में सैंथिया थाना क्षेत्र के सिजा गांव में शुक्रवार की सुबह एक रहस्यमयी विस्फोट हुआ, जिससे घर की छत उड़ गई और मिट्टी की दीवार गिर गई। पुलिस ने बताया कि धमाके की जोरदार आवाज से आसपास के इलाके में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, विस्फोट के बाद मकान मालिक ने खुद ही जेसीबी बुलाकर मलबा हटाना शुरू कर दिया, जिससे उसकी गतिविधियों पर शक गहराने लगा। घर का स्वामी फिलहाल फरार है। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। विस्फोट का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। जांच जारी है।

### ब्रिटेन पीएम ने पहलगाम हमले को लेकर मोदी से की बात

**एजेंसी, लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी से बात की और कहा कि वह पहलगाम में हुए आतंकी हमले से 'बेहद आहत' हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय '10 डाउनिंग स्ट्रीट' ने बातचीत के बारे में एक विज्ञप्ति जारी की, जिसमें कहा गया है कि स्टॉर्मर ने ब्रिटिश लोगों की ओर से गहरी संवेदना व्यक्त की और दोनों नेताओं ने संपर्क में रहने पर सहमति जताई। डाउनिंग स्ट्रीट के प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री (स्टॉर्मर) ने बातचीत की शुरुआत में कहा कि वह मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में हुए विनाशकारी आतंकवादी हमले से बेहद आहत हैं, जिसमें 26 निर्दोष लोगों की दुखद जान चली गई। प्रवक्ता ने कहा कि उन्होंने ब्रिटिश लोगों की ओर से सभी पीड़ितों, उनके प्रियजनों और भारत के लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। दोनों नेताओं ने संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई।' विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि स्टॉर्मर ने 'भारतीय धरती पर हुए जघन्य आतंकवादी हमले' में निर्दोष लोगों की मौत होने पर गहरी संवेदना व्यक्त की।

# सरकार हर व्यक्ति का कर रही उत्थान : सैनी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार बाबा साहेब डॉ. बीआर अंबेडकर के मार्ग और आदर्शों को अपनाकर समाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान कर रही है।

डबल इंजन की सरकार ने गरीब लोगों को सशक्त बनाने, अति पिछड़े लोगों को खुशहाल बनाने, हर नागरिक को न्याय दिलवाने के लिए योजनाओं को अमलीजामा पहनाया है। सरकार ने वर्ष 2025 को संविधान गौरव वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया ताकि बाबा साहेब के आदर्शों और उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया जा सके। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को कुरुक्षेत्र में रविदास मंदिर एवं धर्मशाला की तरफ से आयोजित डॉ. बीआर अंबेडकर सम्मान समारोह एवं संगोष्ठी कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविदास मंदिर एवं धर्मशाला में अंबेडकर भवन का उद्घाटन किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के मंदिर में प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि के लिए पूजा अर्चना की। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने संस्था को 21 लाख रुपए देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 को संविधान गौरव वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस साल में बाबा साहेब के आदर्शों और उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया जाएगा।

**संस्था को 21 लाख रुपए देने की घोषणा**

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने अपना पूरा जीवन गरीब, अति पिछड़े लोगों का उत्थान करने के लिए समर्पित कर दिया। देश के

**मुख्यमंत्री ने रविदास मंदिर एवं धर्मशाला में अंबेडकर भवन का किया उद्घाटन**

अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए बाबा साहेब ने पूरा जीवन संघर्ष किया, समाज में जाति पाति, छुआछूत, असमानता को दूर करने के साथ-साथ हर व्यक्ति को न्याय दिलवाने का काम किया।

इतना ही नहीं आजादी के आंदोलन में भी बाबा साहेब ने अपना योगदान दिया। उन्होंने अपने जीवन में आने वाली हर बड़ी बाधा को सहजता से दूर करने का काम किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ रहे है और हर वर्ग को खुशहाल बनाने की योजनाओं को लागू कर रहे है। प्रदेश सरकार ने पिछले 10 सालों में आयुष्मान, चिरायु कार्ड जैसी योजनाओं को लागू करके गरीबों को सम्मान देने का काम किया।

उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को छत उपलब्ध करवाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना को लागू किया है। इस योजना के तहत हरियाणा में एक साथ 36 हजार खातों में 151 करोड़ रुपए भेजे गए है, महिलाओं को मान सम्मान देने के लिए हर घर में शौचालय बनवाए गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि होनहार युवाओं को बिना पर्ची-बिना खर्ची के 1 लाख सरकारी नौकरियां देने का काम किया। अभी हाल में ही 14 अप्रैल को बाबा साहेब की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यमुनानगर और हिसार में पहुंचे और हिसार में एयरपोर्ट और 800 मेगावाट थर्मल प्लांट की सौगात देने का काम किया। समारोह में पहुंचने पर संस्था के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# राफ्टिंग बेस स्टेशन बनने से लोगों को मिलेगा रोजगार : धामी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर परियोजना के प्रथम चरण के अन्तर्गत आइकॉनिक सिटी ऋषिकेश राफ्टिंग बेस स्टेशन का शिलान्यास किया। परियोजना के पहले चरण में इसका निर्माण शिवपुरी से मुनी की रेती तक किया जाएगा। भारत सरकार के द्वारा इसके लिए 100 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई है, परियोजना को 02 वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश में बहुमंजिला कार पार्किंग और कार्यालय भवन निर्माण का भी शिलान्यास किया। नगर निगम ऋषिकेश की भूमि पर बहुमंजिला कार पार्किंग और कार्यालय निर्माण का कार्य लगभग 136 करोड़ की लागत से एमडीडीए द्वारा किया जाएगा। पार्किंग और कार्यालय निर्माण में अग्निशमन सुरक्षा, आधुनिक सीसीटीवी, एक्सेस कंट्रोल सिस्टम के साथ ही वर्षा जल संचय, सोलर लाइट, लिफ्ट, हरित क्षेत्र और अन्य कार्य किये जाएंगे। नगर निगम ऋषिकेश के अन्तर्गत लगभग 01 करोड़ 51 लाख के विभिन्न कार्यों का भी लोकार्पण मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने पर्यावरण मित्रों को मेडिकल किट और यात्री मित्र किट भी प्रदान किये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हाइड्रोजेल वाटरलेस टॉयलेट का उद्घाटन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऋषिकेश में राफ्टिंग बेस स्टेशन बनने से राफ्टिंग क्षेत्र से जुड़े स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। ऋषिकेश को रिवर राफ्टिंग के वैश्विक हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में हम एक कदम और आगे बढ़े हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऋषिकेश में राफ्टिंग के लिए वैश्विक स्तर की सुविधा, रोपवे की बेहतर सुविधा और शटल सेवाएं होंगी तो आने वाले समय में ऋषिकेश पर्यटकों को और अधिक आकर्षित करेगा, जिससे व्यवसाय एवं रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

# डिज्नीलैंड कार्निवाल की आज से शुरुआत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ में कार्निवाल कल्चर को अलग ही रूप देने के लिए विख्यात जिंदल इवेंट एक बार फिर से मेला देखने के शौकीनों के लिए कुछ विशेष लेकर आए है। इस बार ट्राईसिटी के लोगों को एक बार फिर कुछ अलग और नया प्रवेश द्वार देखने को मिलेगा। इस बार अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त डिज्नीलैंड तैयार किया गया है।

जिसके आगे सेल्फी और फोटो लेना लोगों को निश्चित रूप से आकर्षित करेगा। यह सब देखने को मिलेगा सेक्टर 34 एग्जीबिशन ग्राउंड में 26 अप्रैल 2025 से 25 मई 2025 माह के अंत तक चलने वाले डिज्नीलैंड कार्निवाल में।

डिज्नीलैंड कार्निवाल के संचालक बिपन जिंदल ने बताया कि अगर आप अच्छा वीकेंड बिताना चाहते हैं तो एक बार इस डिज्नीलैंड कार्निवल का रुख कर सकते हैं। यहां आपको एक शानदार शाम बिताने का मौका मिलेगा। इस जगह पर आप न केवल दोस्तों के साथ बल्कि फैमिली के साथ भी जा सकते हैं।

इसके अलावा आप फूड स्टॉल पर पंजाबी, साउथ इंडियन और अलग-अलग व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं। झूलों में बच्चों - वयस्कों के लिए ड्रैगन व्हील, कोलंबस, ब्रेक डांस, मिककी माउस, ड्रैगन ट्रैन, जायंट व्हील, स्कारी हाउस और मेरी गो राउंड इत्यादि शामिल हैं।

इसलिए सभी झूलों का भी फिटनेस परीक्षण किया गया है।

कार्निवाल में प्रवेश के लिए प्रत्येक व्यक्ति से प्रवेश शुल्क मात्र 50 रुपए रखा गया है। कार्निवाल शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक चला करेगा। सुरेश कपिला और रिंकू जी के अनुसार कार्निवाल में सुरक्षा के पूरे इंतज़ाम है। कार्निवाल में जगह जगह पर सी सी टी वी इनस्टॉल किए गए हैं। किसी भी तरह की अनहोनी के लिए फायर सुरक्षा उपकरण का भी इंतेजाम है।

# सरकार ग्रामीण विकास के लिए प्रतिबद्ध : कृष्णपाल गुर्जर



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

क्षेत्रीय सहकारी प्रबंधन संस्थान चंडीगढ़ में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सम्मेलन के मुख्यातिथि केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि सरकार सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण भारत के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सहकारी संगठनों की भूमिका को देश की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर हरियाणा सरकार के सहकारिता मंत्री अरविंद कुमार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मेलन को संबोधित किया और राज्य में सहकारी संस्थाओं को मजबूत बनाने की विभिन्न पहलों की जानकारी दी।

### मस्जिदों में काली पट्टी बांध नमाज की अदा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ की सभी मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय द्वारा एकजुट होकर पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की गई। इस दुखद घटना में जो मासूम लोग मारे गए, उनके लिए शोक प्रकट करते हुए और आतंक के खिलाफ एकजुटता दर्शाते हुए, सभी नमाजियों ने बाजू पर काली पट्टी बांधकर नमाज अदा की। चंडीगढ़ कांग्रेस के महासचिव वसीम मीर ने बताया कि यह कदम पूरी तरह शांतिपूर्ण और एकजुटता का प्रतीक था।

वसीम मीर ने आगे बताया कि सेक्टर 20 स्थित जामा मस्जिद के शाही इमाम मौलाना अजमल खान ने सुबह की नमाज़ से पहले सभी मस्जिदों में काली पट्टी बांधकर नमाज अदा करने की अपील की थी।

## देश-विदेश

# सिक्किम में बारिश के बाद लैंडस्लाइड एक हजार से अधिक पर्यटक फंसे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देशभर में अभी दो तरह के मौसम देखने को मिल रहे हैं। अधिकतर राज्यों में जहां भीषण गर्मी है, तो पूर्वोत्तर राज्यों में भारी बारिश हो रही है। सिक्किम में लगातार हो रही बारिश के कारण लैंडस्लाइड हुआ। इसके कारण करीब 1,000 पर्यटक फंस गए हैं।



राजधानी गंगटोक से करीब 100 किलोमीटर दूर लाचेनचुंगथांग रोड पर मुंशीथांग और लेमा/बॉब में पर्यटकों की करीब 200 गाड़ियां फंसी हुई हैं। उनमें सवार पर्यटक एक गुरुद्वारे में ठहरे हुए हैं। लाचुंग और लाचेन तक पहुंचने वाले रास्ते बुरी तरह प्रभावित हुए हैं, जिससे पर्यटकों का निकला मुश्किल हो गया है। लाचुंग और लाचेन हिल स्टेशन हैं, जो गुरुडोंगमार झील और युमथांग घाटी के कारण अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाने जाते हैं। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश के कारण स्थिति और खराब हो गई है। सिक्किम में अगली सूचना तक पर्यटकों के आने पर रोक लगा दी गई है। उनके ट्रैवल परमिट भी रद्द कर दिए गए हैं।

दूसरी तरफ, अरुणाचल प्रदेश के वेस्ट कामेंग जिले के दिरांग इलाके में कई एकड़ जंगल आग ती चपेट में है। गुरुवार रात जंगल में आग के वीडियो सामने आए, जिसमें पूरा पहाड़ धधकता दिखा। पुलिस, फायर सर्विस, स्थानीय प्रशासन और लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है।

### एलजी ने 28 को जम्मू-कश्मीर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया

**एजेंसी, श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पहलगाम में हुए वीभत्स आतंकवादी हमले पर चर्चा करने के वास्ते 28 अप्रैल को विधानसभा का एक-दिवसीय विशेष सत्र बुलाया है। उपराज्यपाल ने एक आदेश में कहा, ''मैं मनोज सिन्हा, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का उपराज्यपाल, जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 18 (1) के तहत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जम्मू में 28 अप्रैल सोमवार सुबह 10.30 बजे जम्मू-कश्मीर विधानसभा की बैठक आहूत करता हूं।'' अधिकारियों ने बताया कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के वास्ते विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है।

# राहुल बोले-आतंकी कुछ भी कर लें, हम उन्हें हरा देंगे

**एजेंसी, पहलगाम**



कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को श्रीनगर में पहलगाम हमले में घायल लोगों और उनके परिजन से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि आतंकी कितनी भी कोशिश कर लें, हम उन्हें हरा देंगे। हर भारतीय एकसाथ है।

इससे पहले, गृह मंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ मीटिंग की। उन्होंने मुख्यमंत्रियों से अपील की कि वे अपने-अपने राज्यों में पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करें और उन्हें वापस भेजें। हमले के 3 दिन बाद सेना ने बड़ा एक्शन लिया। जम्मू-कश्मीर के त्राल और अनंतनाग के बिजबेहरा में 2 लश्कर आतंकियों के यहां सर्च ऑपरेशन चलाया। ऑपरेशन के दौरान दोनों के घरों में रखा एक्सप्लोसिव ब्लास्ट हो गया। धमाके में आसिफ शेख और आदिल ठोकेर के घर पूरी तरह तबाह हो गए। इधर, बांदीपोरा में सर्च ऑपरेशन के दौरान शुरू हुए एनकाउंटर में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी को मार गिराया है। 2 जवान भी घायल हैं।

# अग्निवीर अभ्यर्थियों से वसूली के आरोप में 3 नौसेना कर्मियों समेत 3 गिरफ्तार

**एजेंसी, भुवनेश्वर**

ओडिशा पुलिस ने नवंबर 2024 में भर्ती के दौरान अग्निवीर अभ्यर्थियों से वसूली के आरोप में खुर्दा जिले में नौसेना के दो कर्मियों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान सत्यम चाहर, विनय कुमार राय और उत्तर प्रदेश के निवासी सेवानिवृत्त नौसेना अधिकारी भूषण के रूप में हुई है।

उन्होंने बताया कि तीनों की गिरफ्तारी आईएनएस चिलिका के प्रशिक्षण पत्राचार अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर अद्वितीय सिंह द्वारा 19 अप्रैल को बालूगांव पुलिस थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर की गई है। आरोपियों पर धोखाधड़ी और जबरन वसूली का मामला दर्ज किया गया है।

खुर्दा पुलिस अधीक्षक सागरिका नाथ ने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों पर अग्निवीर अभ्यर्थियों से पुलिस सत्यापन, शारीरिक परीक्षा और नौकरी दिलाने का वादा कर बड़ी रकम वसूलने का आरोप है।

# सोने के दाम में 669 रुपए की गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कमजोर हाजिर मांग के बीच वायदा कारोबार में सोने का भाव शुक्रवार को 669 रुपए की गिरावट के साथ 95,243 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया।



मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में जून में आपूर्ति वाले सोने का भाव 669 रुपए या 0.7 प्रतिशत की गिरावट के साथ 95,243 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया। इसमें 17,974 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने सोने की कीमतों में गिरावट का कारण कमजोर वैश्विक संकेतों को बताया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, न्यूयॉर्क में सोने का वायदा भाव 1.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,310.98 डॉलर प्रति औंस रहा।

# संभल में काली पट्टी बांध कर नमाज अदा करने पहुंचे नमाजी

**एजेंसी, संभल**

उत्तर प्रदेश के संभल और चंदौसी जिले की कई मस्जिदों में शुक्रवार को जुमे की नमाज अदा करने नमाजी काली पट्टी बांधकर पहुंचे और पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की। संभल की शाही जामा मस्जिद में नमाजियों ने पोस्टर लेकर पाकिस्तान और आतंकवादियों के खिलाफ प्रदर्शन किया।

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें से अधिकतर पर्यटक थे। संभल की शाही जामा मस्जिद में नमाज पढ़कर निकले साकिर हुसैन ने कहा कि जिन निहत्थे लोगों के साथ यह जुल्म हुआ और हमारी बहनों का सुहाग उजाड़ दिया गया, बेहद ही दुखद घटना है।

उन्होंने अपना गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि आतंकवादियों और उनके आकाओं को सबक सिखाने का यह सही समय है। मेरी सरकार से गुजारिश है कि इन आतंकवादियों को ऐसा सबक मिले कि नस्ले भी याद रखें। जहां-जहां आतंकवादियों के शिविर हैं उन्हें नष्ट कर देना चाहिए।

# पोप फ्रांसिस की अंत्येष्टि में शामिल होने रोम पहुंच रहे हैं ट्रंप और जेलेंस्की

**एजेंसी, वेटिकन सिटी**

वेटिकन के सेंट पीटर्स स्क्वायर में पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कई राष्ट्राध्यक्षों और विभिन्न देशों से गणमान्य व्यक्तियों का रोम पहुंचना शुक्रवार शाम से शुरू हो जाएगा। इस बीच, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को वेटिकन सिटी रवाना हुईं। वह वेटिकन सिटी में सेंट पीटर के बेसिलिका में पुष्पांजलि अर्पित कर पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि देंगी।

नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''26 अप्रैल को राष्ट्रपति वेटिकन सिटी के सेंट पीटर्स स्क्वायर में पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल होंगी।'' अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिली भी शुक्रवार को पहुंचने वाले हैं। ट्रंप, अपनी पत्नी एवं अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप के साथ आ रहे हैं। पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने वाले अन्य विदेशी गणमान्य व्यक्तियों में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और उनकी पत्नी ओलेना जेलेंस्का, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉरमर और ब्रिटिश राजपरिवार के सदस्य प्रिंस विलियम शामिल हैं।

इनके अलावा, स्पेन के राजा फिलिप षष्ठम और रानी लेटिजिया, हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा भी पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने वाले हैं।

# पाकिस्तान में सुरक्षा वाहन पर किया बम विस्फोट, चार सैनिकों की मौत

**एजेंसी, क्वेटा।** पाकिस्तान के अशांत दक्षिण-पश्चिम इलाके में शुक्रवार को सुरक्षाकर्मियों को ले जा रहे एक वाहन के पास, सड़क के किनारे एक बम विस्फोट हुआ, जिसमें चार जवानों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। स्थानीय पुलिस प्रमुख नवीद अहमद के अनुसार, यह हमला बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा में हुआ। किसी भी समूह ने बम विस्फोट की जिम्मेदारी तत्काल नहीं ली है, लेकिन जातीय बलूच अलगाववादियों पर संदेह है, जो प्रांत के साथ देश के अन्य भागों में अक्सर सुरक्षा बलों और नागरिकों को निशाना बनाते हैं।

गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने एक बयान में बम विस्फोट की घटना की निंदा की और देश में शांति बहाल करने के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सुरक्षा बलों को श्रद्धांजलि दी। कल बलूचिस्तान के कलात जिले में सड़क के किनारे हुए बम विस्फोट से, एक वाहन में सवार तीन लोगों की मौत हो गई थी। रात में हुए इस हमले की भी अब तक किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है। बलूचिस्तान पाकिस्तान में लंबे समय से उग्रवाद का केंद्र रहा है, जिसमें प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी समेत कई अन्य अलगाववादी समूह शामिल हैं।

## बाजार

### निवेशकों को हुआ करीब 9 लाख करोड़ रुपए का घाटा

# सेंसेक्स 589 अंक टूटा, निफ्टी भी फिसली

**एजेंसी, मुंबई**



भारतीय शेयर बाजारों में शुक्रवार को तेज गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स जहां 589 अंक टूटकर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी फिसलकर 24,000 के पास आ गया। निवेशकों को शुक्रवार को करीब 9 लाख करोड़ रुपए का घाटा हुआ।

यह लगातार दूसरा दिन है, जब सेंसेक्स और निफ्टी गिरावट के साथ बंद हुए। पहलगाम आंतकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के चलते निवेशक शुक्रवार को सतर्क दिखाई दिए। इसके अलावा कंपनियों के कमजोर तिमाही और ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली ने बाजार की गिरावट में भूमिका निभाई। छोटे और मझोले शेयरों की और भी तगड़ी पिटाई हुई। बीएसई स्मॉलकैप और मिडकैप इंडेक्स अढ़ाई फीसदी तक टूट गए। आईटी को छोड़कर बाकी सभी सेक्टोरल इंडेक्स भी लाल निशान में बंद हुए।

कारोबार के अंत में बीएसई सेंसेक्स 588.90 अंक या 0.74 फीसदी गिरकर 79,212.53 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं एनएसई का 50 शेयरों वाला इंडेक्स निफ्टी 207.35 अंक या 0.86 फीसदी टूटकर 24,039.35 के स्तर पर बंद हुआ।

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड




ऑरेंज कैप
साई सुदर्शन
417




पर्पल कैप
प्रसिद्ध कृष्णा
16




सिक्सर किंग
निकोलस पूरन
31

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गुजरात | 08 | 06 | 02 | 12 |
| 2. | दिल्ली | 08 | 06 | 02 | 12 |
| 3. | बेंगलुरु | 09 | 06 | 03 | 12 |
| 4. | मुंबई | 09 | 05 | 04 | 10 |
| 5. | पंजाब | 08 | 05 | 03 | 10 |
| 6. | लखनऊ | 09 | 05 | 04 | 10 |
| 7. | कोलकाता | 08 | 03 | 05 | 06 |
| 8. | राजस्थान | 09 | 02 | 07 | 04 |
| 9. | हैदराबाद | 08 | 02 | 06 | 04 |
| 10. | चेन्नई | 08 | 02 | 06 | 04 |

## आईपीएल मोर्चे से अगुवाई करने ईडन गार्डंस पर लौटे श्रेयस अय्यर

# केकेआर के खिलाफ पंजाब की टक्कर आज

एजेंसी, कोलकाता

एक साल पहले कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब दिलाने वाले श्रेयस अय्यर अब प्लेआफ क्वालीफिकेशन की उसकी राह में सबसे बड़ी बाधा होंगे जब उनकी कप्तानी में पंजाब किंग्स आईपीएल के अहम मैच में शनिवार को ईडन गार्डंस पर मेजबान के खिलाफ उतरेगी।

बारह महीने पहले अय्यर की कप्तानी में केकेआर ने एक दशक में पहला आईपीएल खिताब जीता था। शनिवार को वह विरोधी टीम की जर्सी पहनेंगे और आत्मविश्वास से ओतप्रोत पंजाब को प्लेआफ में पहुंचाने की दिशा में अगला कदम बढाने के इरादे से उतरेंगे। केकेआर ने उन्हें रिलीज करके सभी को हैरत में डाल दिया था लेकिन पंजाब किंग्स की कप्तानी अय्यर को रास आ रही है। दिल्ली कैपिटल्स के अपने मेंटोर रिकी पोंटिंग के साथ मिलकर अय्यर ने पंजाब को आठ में से पांच मैच जिताकर अंकतालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचा दिया।

इस साझेदारी ने अय्यर को आत्मविश्वास के साथ कप्तानी की छूट भी दी जिसके दम पर वह अब तक तीन अर्धशतक समेत 263 रन बना चुके हैं। अब उनका इरादा शतक जड़ने का होगा। अब उनके पास अपने बल्ले से जवाब देने का सुनहरा मौका है जैसे नाबाद अर्धशतक जमाकर केएल राहुल ने अपनी पूर्व टीम लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स को जीत दिलाकर किया था।

केकेआर आठ में से पांच मैच हार चुका है और एक और हार से प्लेआफ की उसकी राह असंभव हो जाएगी। उसका शीर्षक्रम चल नहीं पा रहा और मध्यक्रम जिम्मेदारी से नहीं खेला। स्पिन आक्रमण अपने गढ ईडन गार्डंस पर नाकाम साबित हुआ है। उसे अगले छह में से पांच मैच हर हालत में जीतने होंगे। केकेआर के मध्यक्रम के बल्लेबाज आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह और रमनदीप फिनिशिंग टच नहीं दे पाए जिसके टीम में बदलाव करना पड़ सकता है। केकेआर अब कैरेबियाई हरफनमौला रोवमैन पॉवेल को उतार सकती है।

अंगकृष रघुवंशी को अर्शदीप सिंह और युजवेंद्र चहल जैसे गेंदबाजों की चुनौती का बखूबी सामना करना होगा। कप्तान अजिंक्य रहाणे को भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा जो तेज खेलकर टीम को जीत तक ले जाने में नाकाम रहे हैं। उन्हें चहल से बचकर रहना होगा जिसने पिछले सप्ताह खतरनाक स्पैल डालकर रहाणे, रघुवंशी, रिंकू और रमनदीप के विकेट चटकाये थे। केकेआर की गेंदबाज हर्षित राणा और पंजाब के सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य की टक्कर भी देखने लायक होगी। केकेआर ने इस बार अपने मैदान में चार में से एक ही मैच जीता है। क्यूरेटर सुजन मुखर्जी से गैर जरूरी विवाद भी सुर्खियों में रहा है। (अनंत ज्ञान)



**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), नेहल वढेरा, शशांक सिंह, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, मार्को यानसन, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, यश ठाकुर, सूर्याश शेडगे, प्रवीण दुबे, विजयकुमार विशक, हरप्रीत बराड़, अजमतुल्लाह उमरजई, जोश इंग्लिस, जेवियर बार्टलेट, विष्णु विनोद, आरोन हार्डी, कुलदीप सेन, हरनूर सिंह, मुशीर खान, प्याला अविनाश।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, लवनिथ सिसोदिया, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, मोइन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, एनरिक नॉर्टजे, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और चेतन सकरिया।

# हैदराबाद के झटकों से नहीं उभर पाया चेन्नई



एजेंसी, चेन्नई

आईपीएल 2025 का 43वां मैच शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम (चेपॉक) में खेला गया।

हैदराबाद ने टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला लिया जो उसके लिए फायदेमंद साबित हुआ। हैदराबाद ने जल्दी जल्दी चेन्नई के खिलाड़ियों को आउट कर दिया। चेन्नई की टीम ने पावरप्ले में 3 विकेट खो दिए।

चेन्नई के रवींद्र जडेजा 15 गेंदों में 21 रन ही बना सके। उन्हें कमिंडु मेंडिस ने बोल्ड किया। आयुष म्हात्रे थोड़ा संभलकर खेले, लेकिन वह भी 19 गेंदों में 30 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं, सैम करन 9 रन ही बना सके और शेख रशीद शून्य भी पर आउट हो गए। हैदराबाद की ओर से मोहम्मद शमी, हर्षल पटेल, कमिंडु मेंडिस और पैट कमिंस को 1-1 विकेट मिला। इसके बाद डेवाल्ड ब्रेविस 25 गेंदों में 42 रन बनाकर आउट हो गए।

हैदराबाद ने किसी भी खिलाड़ी को देर तक टिकने नहीं दिया। समाचार लिखे जाने तक चेन्नई की टीम ने 13 ओवर में पांच विकेट खोकर 116 रन बना लिए थे। शिवम दुबे 11 रन बनाकर खेल रहे थे और उनका साथ दीपक हुड्डा निभा रहे थे।

# हेजलवुड डब्ल्यूटीसी फाइनल की टीम में जगह के लिए बोलैंड से अधिक दावेदार : शास्त्री

एजेंसी, दुबई



भारत के पूर्व क्रिकेटर और कोच रवि शास्त्री ने कहा कि जून में लॉर्ड्स मैदान पर खेले जाने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को स्कॉट बोलैंड की जगह अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को चुनना चाहिए क्योंकि दिग्गज ग्लेन मैक्ग्रा की तरह गेंदबाजी करने वाला यह लंबे कद का खिलाड़ी इंग्लैंड की परिस्थितियों का बेहतर तरीके से उपयोग कर पाएगा। टीम में तेज गेंदबाजी विभाग में कप्तान पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की जगह लगभग पक्की है। ये दोनों अगर फिट रहे तो तीसरे तेज गेंदबाज के नाम के लिए चर्चा हो सकती है। गत चैंपियन भारत को हराने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम 11 से 15 जून तक लॉर्ड्स में खेले जाने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में दक्षिण अफ्रीका की चुनौती होगी। इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के तीन तेज गेंदबाजों और नाथन लियोन के रूप में एक स्पिनर के साथ उतरने की संभावना है। ऑस्ट्रेलिया के पास हरफनमौला बीयू वेबस्टर को एकादश में शामिल करने का विकल्प भी है, तीसरे तेज गेंदबाज के लिए हेजलवुड और बोलैंड के बीच चयन होने की संभावना है। शास्त्री ने 'आईसीसी रिव्यू' पर कहा, "यह बहुत कठिन विकल्प होगा, अगर हेजलवुड फिट होते हैं, तो उन्हें बोलैंड के मुकाबले तरजीह मिलनी चाहिए।" हेजलवुड कई बार चोटिल होने के कारण टीम से बाहर रहे है। वह चोट के कारण भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेली गयी बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला के पांच मैचों में से तीन में नहीं खेल पाये थे। ऑस्ट्रेलिया ने इस श्रृंखला को 3-1 से जीता था। 34 साल के खिलाड़ी ने इंडियन प्रीमियर लीग में वापसी की और शानदार लय में है। (अनंत ज्ञान)

# मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचे खुशी चंद और टीकम सिंह

एजेंसी, अम्मान (जॉर्डन)



खुशी चंद और टीकम सिंह यहां एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह पक्की करने वाले भारतीय मुक्केबाजों में शामिल है।

अबू धाबी में 2024 एशियाई स्कूल लड़कों और लड़कियों की मुक्केबाजी चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता खुशी (46 किग्रा) ने क्वार्टर फाइनल के एकतरफा मुकाबले में वियतनाम की गुयेन थी हॉग येन को शिकस्त दी टीकम (52 किग्रा) ने अपने अंतिम-आठ मुकाबले में फिलिस्तीन के ओथमान डायब को हराया।

पुरुषों के वर्ग में अंबेकर मेताई (48 किग्रा), उद्यम सिंह (54 किग्रा) और राहुल गारिया (57 किग्रा) ने अपने-अपने वजन वर्ग में 5-0 की प्रभावशाली जीत दर्ज की। अमन देव (50 किग्रा) ने जॉर्डन के ओसामा अल-खालदी को करीबी मुकाबले में 3-2 से मात दी।

जिया (48 किग्रा) ने वियतनाम की था रू ना दिन्ह को 5-0 जबकि जन्नत ने यूक्रेन की अनहेलिना रुमियांत्सेवा को 4-1 से हराया। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो


### नॉर्थईस्ट यूनाइटेड और जमशेदपुर एफसी सुपर कप क्वार्टर फाइनल में



**एजेंसी, भुवनेश्वर।** मोरक्को के स्ट्राइकर अलादीन अजराय की शानदार हैट्रिक की मदद से नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग को 6-0 से हराकर बृहस्पतिवार को कलिंगा सुपर कप क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इंडियन सुपर लीग के सबसे ज्यादा गोल करने वाले अजराय ने 18वें, 57वें और 90+2वें मिनट में गोल किए। जिथिन एमएस (तीसरे), नेस्टर एल्बियाच रोजर (42वें) और गिलर्मो फर्नांडीज हिएरो (66वें) ने भी एकतरफा मैच में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के लिए गोल दागे। दिन के एक अन्य मैच में जमशेदपुर एफसी ने हैदराबाद एफसी को 2-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। उसके लिए जेवियर सिवेरो ने 39वें मिनट में और स्टीफन एजे ने 64वें मिनट में गोल दागा। (अनंत ज्ञान)

### लॉरेन सेसेलमैन का बेहतरीन अंदाज

**अमेरिका।** लॉरेन सेसेलमैन अमेरिकी मूल की कनाडाई सेसेलमैन ओलंपिक कांस्य पदक विजेता हैं, जो वर्तमान में ह्यूस्टन डैश के लिए खेलती हैं।



### मैड्रिड ओपन से हटे कार्लोस अल्कराज, चोट बनी बड़ी वजह

**एजेंसी, मैड्रिड।** विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज स्पेनिश टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज ने मैड्रिड ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। पैर की चोट के कारण वे टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। मैड्रिड में उनका मुकाबला शनिवार को होना था। अल्कराज ने बताया कि उन्हें ऊपरी पैर में पहले से चोट थी, जो उन्हें बीते रविवार को बार्सिलोना ओपन के फाइनल के दौरान भी परेशान कर रही थी। इसके अलावा, अब उनके बाएं पैर में भी चोट है। उन्होंने कहा कि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही उन्होंने खेलने से इनकार करने का फैसला लिया। अल्कराज ने 2022 और 2023 में मैड्रिड ओपन का खिताब जीता था। टूर्नामेंट के दूसरे वरीय खिलाड़ी थे और उनका डू नोवाक जोकोविच के साथ एक ही हाफ में था। बार्सिलोना फाइनल में होल्गर रून से हार के दौरान उन्हें ट्रीटमेंट लेना पड़ा था।अल्कराज ने कहा कि उनकी ये चोट फ्रेंच ओपन में खेलने में बाधा नहीं बनेगी। उन्होंने पिछले साल रोलां गैरो (फ्रेंच ओपन) में अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर खिताब जीता था। ज्वेरेव ने म्यूनिख ओपन जीतकर अल्कराज को पीछे छोड़ दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। अल्कराज ने इस साल अब तक 24 मुकाबलों में जीत और केवल 5 में हार दर्ज की है। उन्होंने फरवरी में रॉटरडैम (हार्ड कोर्ट) और अप्रैल में मोंटे कार्लो (क्ले कोर्ट) पर खिताब जीता है। (अनंत ज्ञान)

# पहलगाम हमले के बाद पाक हॉकी टीम का एशिया कप दौरा खतरे में

एजेंसी, मुंबई



पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद बढ़ते तनाव के मद्देनजर इस साल के अंत में राजगीर में होने वाले एशिया कप के लिए पाकिस्तान पुरुष हॉकी टीम का भारत दौरा संदेह के घेरे में है। भारत ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों पर किए गए हमले का जवाब देते हुए सभी पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए वीजा रद्द कर दिए हैं। यूरोप स्थित वेबसाइट टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस कदम से अगस्त में एशिया कप के लिए पाकिस्तान की टीम के भारत दौरे को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है।

पाकिस्तान 27 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के राजगीर में खेले जाने वाले आठ टीमों के पुरुष एशिया कप का हिस्सा है। हमले से नाराज कई प्रमुख भारतीयों ने सरकार से पाकिस्तान के साथ सभी संबंध खत्म करने को कहा है जिसमें खेल संबंध भी शामिल हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इससे पाकिस्तान में भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान हॉकी टीम को एशिया कप के लिए भारत दौरे की अनुमति दिए जाने पर संदेह पैदा हो गया है। पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) के महासचिव राणा मुजाहिद हाल के घटनाक्रमों के बाद एशिया कप के लिए टीम के भारत दौरे को लेकर बहुत आशावादी नहीं हैं। उन्होंने कहा, हमारे हॉकी इंडिया के साथ अच्छे संबंध हैं, लेकिन टीम के दौरे के बारे में यह सरकार-से-सरकार का मामला है।

हम अपनी सरकार से अनुरोध करेंगे, और अगर वे अनुमति देते हैं तो हम भाग लेंगे, लेकिन अगर वे हमारे अनुरोध को अस्वीकार करते हैं तो कोई संभावना नहीं है। उन्होंने कहा, 'आप हाल की स्थिति से अवगत हैं। भारत सरकार ने भारत में सभी पाकिस्तानियों के वीजा रद्द कर दिए हैं, फिर ऐसी स्थिति में हमारी टीम भारत का दौरा कैसे कर पाएगी? (अनंत ज्ञान)

# जीत का पूरा श्रेय गेंदबाजों को जाता है : पाटीदार

**एजेंसी, बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार ने बृहस्पतिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में राजस्थान रॉयल्स पर मिली 11 रन की जीत का श्रेय गेंदबाजों को दिया। आरसीबी ने जोश हेजलवुड (33 रन देकर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी से वापसी करते हुए इस सत्र में घरेलू मैदान पर पहली जीत का स्वाद चखा।

इससे पहले स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (70 रन) और देवदत्त पडीक्कल (50 रन) के अर्धशतकों तथा दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 51 गेंद में 95 रन की साझेदारी से टीम ने पांच विकेट पर 205 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। पर हेजलवुड की शानदार गेंदबाजी से राजस्थान रॉयल्स 20 ओवर में नौ विकेट पर 194 रन ही बना सकी।

मैच के बाद पाटीदार ने कहा, "यह जीत हमारे लिए बहुत जरूरी थी। पिच वैसी नहीं थी जिसकी उम्मीद की थी। पर जीत का पूरा श्रेय गेंदबाजों को जाता है। उन्होंने 10वें ओवर के बाद जिस तरह से गेंदबाजी की वो काबिले तारीफ थी।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजों ने शुरू में बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। हमें लग रहा था कि मामला करीबी होगा लेकिन हम विकेट की कोशिश में थे और गेंदबाजों ने विकेट दिलाकर वापसी कराई।' (अनंत ज्ञान)

# एनसी क्लासिक में पाकिस्तान के नदीम को न्योता देने से नफरत झेल रहा हूं : नीरज

एजेंसी, नई दिल्ली



भारत के भालाफेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने कहा कि पाकिस्तान के भालाफेंक खिलाड़ी अरशद नदीम को बेंगलुरु में अगले महीने होने वाले नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेने का न्योता देने पर उन्हें 'नफरत और अपमान' झेलना पड़ रहा है हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद ओलंपिक चैम्पियन नदीम का यहां खेलने के सवाल ही पैदा नहीं होता।

तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा ने कहा कि वह यह देखकर दुखी है कि सोशल मीडिया पोस्ट में उनकी ईमानदारी पर सवाल उठाये जा रहे हैं और उनके परिवार को भी अपशब्द कहे जा रहे हैं।

चोपड़ा ने नदीम को 24 मई को बेंगलुरु में होने वाले पहले नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेने के लिए बुलाया था। नदीम ने पेरिस ओलंपिक में चोपड़ा को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। नदीम ने मसरूफियत का हवाला देकर न्योता ठुकरा दिया था। चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर लंबी पोस्ट में लिखा, " नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेने के लिए अरशद नदीम को मेरे निमंत्रण पर काफी बातें हो रही है और ज्यादातर घृणा और अपमानजनक है। उन्होंने मेरे परिवार को भी नहीं छोड़ा।' उन्होंने लिखा," मैं आम तौर पर ज्यादा बोलता नहीं हूं लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि मैं गलत के खिलाफ नहीं बोलूंगा। वह भी तब जब हमारे देश के लिये मेरे प्यार पर सवाल उठाए जा रहे हैं और मेरे परिवार के सम्मान का सवाल है।" चोपड़ा ने कहा कि निमंत्रण पहलगाम पर आतंकवादी हमले से दो दिन पहले सोमवार को भेजा गया। पहलगाम हमले में 26 लोगों की मौत हो गई जिसमें अधिकांश पर्यटक थे।

चोपड़ा ने कहा," मैंने अरशद को जो न्योता भेजा, वह एक खिलाड़ी से दूसरे खिलाड़ी को था। इससे ज्यादा या कम कुछ नहीं। नीरज चोपड़ा क्लासिक का मकसद भारत से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को सामने लाना और हमारे देश में विश्व स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन करना है।" उन्होंने लिखा," सभी खिलाड़ियों को पहलगाम में आतंकवादी हमले से दो दिन पहले सोमवार को न्योते भेजे गए।" उन्होंने लिखा कि पिछले दो दिन में जो कुछ हुआ, उसके बाद नदीम के न्योता का सवाल ही नहीं था। उन्होंने लिखा," पिछले 48 घंटे में जो हुआ, उसके बाद एनसी क्लासिक में अरशद के खेलने का सवाल ही नहीं था। मेरे देश और उसके हित हमेशा सर्वोपरि है। (अनंत ज्ञान)

## आईपीएल युवा बल्लेबाज बी.साई सुदर्शन 417 रन बनाकर पहले स्थान पर

# सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में विराट दूसरे स्थान पर



### साई सुदर्शन शीर्ष पर कायम कोहली दूसरे स्थान पर पहुंचे

एजेंसी, नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 (आईपीएल) में गुरुवार को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और राजस्थान रॉयल्स के बीच हुए मुकाबले के बाद सर्वाधिक रन बनाने वालों और विकेट लेने वालों की सूची में कई बदलाव हुए। गुजरात टाइटंस के युवा बल्लेबाज बी. साई सुदर्शन 417 रन बनाकर अब भी पहले स्थान पर बने हुए हैं।

उन्होंने आठ मैचों में 52.12 की औसत और 152.18 के स्ट्राइक रेट से ये रन बनाए हैं। वहीं, विराट कोहली ने लगातार दूसरा अर्धशतक जमाते हुए ऑरेंज कैप की दौड़ में लंबी छलांग लगाई है। राजस्थान के खिलाफ उन्होंने 42 गेंदों में 70 रन बनाए, और अब उनके नाम नौ पारियों में 392 रन हो गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### निकोलस पूरन खिसके सूर्यकुमार चौथे नंबर पर

**लखनऊ** सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन ने प्रतियोगिता की शुरुआत धमाकेदार अंदाज में की थी और काफी मैचों तक सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने रहे। लेकिन हाल के मुकाबलों में खराब फॉर्म की वजह से अब वह तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। उनके नाम 377 रन हैं।

मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव इस सत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने हर मैच में उपयोगी योगदान दिया है और अब 373 रनों के साथ चौथे स्थान पर हैं।



### पर्पल कैप की दौड़ में हेजलवुड ने पकड़ी रफ्तार

**गुजरात** टाइटंस के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा अब भी सर्वाधिक विकेट लेकर पर्पल कैप धारक हैं। उन्होंने आठ मैचों में 16 विकेट लिए हैं। लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के जोश हेजलवुड ने राजस्थान के खिलाफ 4 विकेट लेकर 16 विकेट पूरे कर लिए हैं। हालांकि उनकी रनगति (इकोनॉमी रेट) अधिक होने के कारण वह दूसरे स्थान पर हैं।

### 12 विकेट लेने वाले गेंदबाजों की होड़

**प्रसिद्ध** कृष्णा और जोश हेजलवुड के बाद सात गेंदबाज ऐसे हैं जिनके नाम 12-12 विकेट हैं। इनमें आरसीबी के क्रुणाल पांड्या (2 विकेट बनाम राजस्थान) का नया नाम हैं। अन्य गेंदबाजों में गुजरात टाइटंस के आर. साई किशोर और मोहम्मद सिराज, चेन्नई सुपर किंग्स के नूर अहमद, दिल्ली कैपिटल्स के कुलदीप यादव, मुंबई इंडियंस के हार्दिक पांड्या और लखनऊ सुपर जायंट्स के शार्दुल ठाकुर शामिल हैं। इनमें सबसे **किफायती गेंदबाज** कुलदीप यादव हैं- 6.50 की रनगति के साथ, जबकि नूर अहमद 7.66 के रनगति के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे से खुद का आकलन करने में मदद मिलेगी : हरेंद्र सिंह

एजेंसी, पर्थ,



**कहा टीम ने बेंगलुरु में किया कड़ा अभ्यास**

भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने शुक्रवार को कहा कि शनिवार से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलिया दौरे से टीम को खुद का आकलन करने में मदद मिलेगी और इस दौरे पर भविष्य को ध्यान में रखकर विभिन्न संयोजन आजमाए जाएंगे।

सलीमा टेटे की कप्तानी वाली भारतीय टीम 26 और 27 अप्रैल को यहां ऑस्ट्रेलिया ए से और एक, तीन तथा चार मई को ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से खेलेगी।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अब तक खेले गए 16 मैचों में से दस ऑस्ट्रेलिया ने जीते जबकि तीन ड्रॉ रहे हैं। पेरिस ओलंपिक के लिये भारतीय महिला टीम के क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद यानेके शॉपमैन की जगह कोच बने हरेंद्र ने कहा," टीम ने बेंगलुरु में कड़ा अभ्यास किया है और इस दौरे से पता चलेगा कि हम कहां ठहरते हैं।"

हरेंद्र ने कहा," हमारा फोकस खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का एक्सपोजर देने, टीम की गहराई बढ़ाने और नए संयोजन आजमाने पर है। ऑस्ट्रेलिया ए और सीनियर ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ उनके मैदान पर खेलने से काफी कुछ सीखने को मिलेगा और हम भविष्य के टूर्नामेंटों के लिए खुद को तैयार कर सकेंगे।" भारत ने प्रो लीग में दो जीत दर्ज की और शूटआउट में नीदरलैंड को हराया। (अनंत ज्ञान)